निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 7 मार्च 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 284 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1509 : फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1827 : ब्रिटिश रसायनशास्त्री जॉन वॉकर ने माचिस की बिक्री शुरु की।
1969 : अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में इंटरनेट का जन्म।
1998 : विश्व स्वास्थ्य दिवस को 'महिला चिकित्सा दिवस' के रूप में मनाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा।
2000 : दिल्ली पुलिस ने करोड़ों रुपए के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश किया।
2003 : अमेरिकी सेना ने इराक की राजधानी बगदाद को अपने नियंत्रण में लिया।

मंईयां के बराबर वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को पेंशन के मुद्दे पर गरमाया सदन

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा- मंईयां से दूसरे पेंशन की तुलना नहीं की जा सकती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल के दौरान मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की तरह वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को 1000 रुपये की जगह 2,500 रुपये देने की भाजपा की मांग पर काफी खींचतान हुई। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को तो सिर्फ 2000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलता है। यह सरासर गलत है। काम करने के बावजूद इतना कम मानदेय क्यों। उन्होंने कहा कि अगर मंईयां योजना की लाभुक दिव्यांग या विधवा हो जाए तो क्या उसे 1,000 रुपये दिए जाने लगेंगे। मामला तब गरमा गया जब इसी से जुड़ा भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो का तारांकित प्रश्न आ गया। सवाल और जवाब के दौरान हंगामा बढ़ता चला गया और जवाब पर असंतोष जताते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गये। पूछने लगे कि दूसरे जरुरतमंदों को मंईयां के समतुल्य राशि मिलेगी या नहीं। यह कहते हुए भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर गये। भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो को जानना था कि दिव्यांगजनों को सिर्फ 1,000 रुपये क्यों। ऊपर से चार माह से राशि क्यों नहीं मिली। इसपर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि दिव्यांग पेंशन मद में 18 साल से 79 साल तक के



दिव्यांगों को 300 रु. केंद्र और 700 रु राज्य सरकार देती है। जबकि 80 साल से ज्यादा उम्र के दिव्यांगजनों को केंद्र और राज्य सरकार 500-500 रु. देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से जून तक की राशि मिली है। लेकिन राज्य सरकार ने रिवॉल्विंग फंड से दिसंबर तक का भुगतान कर दिया है। राज्य सरकार फरवरी तक का हिस्सा दे चुकी है। इसी बीच बाबूलाल मरांडी ने प्रश्न किया कि दिव्यांग को इतनी कम राशि क्यों। उन्होंने कहा कि बोकारो की एक दिव्यांग ने मैसेज भेजा है कि चार माह से पेंशन नहीं मिला है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य अपने संसाधनों के अनुसार योजना बनाती है। हम दिखवा लेंगे कि यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ में किस तरह की व्यवस्था है। तब इस पर विचार होगा। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अक्सर यह सवाल उठाया जाता है कि मंईयां सम्मान की लाभुकों की तरह वृद्धों, दिव्यांगों और विधवा को भी राशि क्यों नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मसले पर काफी मंथन हुआ है। मंईयां योजना से उन योजनाओं की तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि मंईयां की राशि से एक परिवार के जीवन में बदलाव आ रहा है जबकि वृद्धा, दिव्यांग पेंशन से व्यक्ति विशेष को लाभ मिल रहा है। आमतौर पर मंईयां की शादी 20-22 साल की उम्र में हो जाती है। वह मां बनती है तो उस पैसे से अपने बच्चे के पोषण का ख्याल रख सकती है। उसे पढ़ा-लिखा सकती है। इससे पलायन रुकेगा। शिक्षा का स्तर सुधरेगा। कुपोषण कम होगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल में थे, उसी दौरान यह कान्सेप्ट तैयार हुआ था। इसमें कल्पना सोरेन की बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन एकल है। मतलब, खैनी-चूना, तंबाकू, चाय, पानी। क्योंकि वृद्ध लाभार्थी अपने पेंशन की राशि से नाती-पोता को भी मदद नहीं करते। जबकि मंईयां अपने बच्चों और परिवार को संभालती है।

खेलकूद प्रतियोगिता हर पुलिस के लिए बेहद जरूरी : राज्यपाल

तीन दिवसीय झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। रांची के धुर्वा स्थित होमगार्ड ग्राउंड पर गुरुवार से तीन दिवसीय झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आगाज हो गया है। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत होमगार्ड जवानों के बेहतरीन परेड के द्वारा शुरू की गई। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हर पुलिस के लिए बेहद जरूरी है। प्रतियोगिता के माध्यम से जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है साथ ही साथ एक दूसरे जवानों को एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सामना करने का भी मौका मिलता है। झारखंड के होमगार्ड जवानों और अग्निशमन विभाग के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि दोनों ही फोर्स बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करती है। अग्निशमन रास्ते में शामिल हमारे जवान अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पाते है। ऐसे जवानों के हक की आवाज हमेशा उठाई



जाती है। हर तरह की सुविधा देने का प्लान भी तैयार किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता में इस वर्ष लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 10 खेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें एथलीट्स, फुटबॉल और वॉलीबॉल भी शामिल है। तीन दिनों तक यह प्रतियोगिता चलेगा जिसमें जवानों को अपने खेल का हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मौजूद डीजी होमगार्ड अनिल पालटा ने बताया कि इस तरह के आयोजन हमारे जवानों के लिए बेहद आवश्यक है। हमारे जवान बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं उनके लिए बेहद जरूरी है।

कन्नड एक्ट्रेस के फ्लैट से दो करोड़ का सोना जब्त

बेंगलुरु (नबिटा ब्यूरो)। कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। उन पर गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने रान्या के लावेल रोड स्थित आलीशान अपार्टमेंट की तलाशी ली। यहां से 2.1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 2.7 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डीजीपी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। 3 मार्च की रात दुबई से बेंगलुरु लौटने के दौरान डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने उसे कैंपागौड़ा एयरपोर्ट पर 14.2 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया था।

बाबूलाल मरांडी होंगे नेता प्रतिपक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विधायक दल के नेता की बैठक में इस पर सहमति बनी। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने की घोषणा पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों की राय जानने के बाद सभी ने उनके नाम पर सहमति जताई है। विधायक दल का नेता बनाए जाने के बाद भूपेंद्र यादव और अन्य नेताओं ने बाबूलाल मरांडी को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी ताकत से निभाऊंगा और विधायकों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और बाहर सभी को साथ लेकर चलूंगा। हम सभी विधायक मिलकर सदन के अंदर विपक्ष की भूमिका निभाने का काम करेंगे। मुझे उम्मीद है कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं का मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यवेक्षक



के रूप में आए के लक्ष्मण ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद बाबूलाल झारखंड के पहले मुख्यमंत्री हैं। बाबूलाल मरांडी को नेता बनाया गया, उनके नेतृत्व में पार्टी आगे बढ़ेगी और सदन में भाजपा एक मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नामित पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव और के लक्ष्मण की मौजूदगी में हुई इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई नेता मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ करें बैठक : के. रवि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया जाना है। उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ ससमय बैठक करने का निर्देश दिया। श्री कुमार निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन



आयोग की बैठक में विशेष रूप से राजनीतिक दलों का चुनाव से संबंधित विषयों पर बैठक कर प्रतिवेदनों को संग्रहित करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ 17 मार्च तक अपने स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए इसका प्रतिवेदन 19 मार्च तक वहीं सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी 22 मार्च तक बैठक करते हुए 25 मार्च तक इसका प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। श्री कुमार ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इन सभी प्रतिवेदनों को संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ राज्य स्तर पर बैठक की जाएगी एवं सभी प्रतिवेदनों को संयोजित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग को अंतिम प्रतिवेदन भेजी जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, ईआरओ गढ़वा संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राजद नेता के बेटे को मारी गोली

जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)। झारखंड के जामताड़ा में गुरुवार को अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष भोला यादव के छोटे बेटे और पूर्व थाना प्रभारी प्रणय सत्यम के रिश्तेदार विनय यादव को चलती बाइक पर गोली मार दी गई। घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के एनएच 419 पर कान गोई इलाके में जेएमएम कार्यालय के पास हुई। विनय बाइक से खाना खाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। घटना के बाद हमलावर पश्चिम बंगाल की सीमा की तरफ भाग निकले। गोली विनय की पीठ में रीढ़ की हड्डी में लगी है। घायल को पहले चिरेका के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्व, किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या : सुप्रीम कोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि उच्च पदों पर बैठे लोग बेखौफ होकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जिनके कारण देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है। न्यायालय ने लोक सेवा में लगे अधिकारियों के भ्रष्टाचार की निंदा की। अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उंचे पदों पर बैठे लोग भ्रष्ट तत्व हैं और ऐसे तत्व किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या है। जस्टिस जे बी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें होने की निंदा की। बेंच ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार के बारे में लोगों की धारणा का एक अंश भी सच है, तो यह सच से बहुत दूर नहीं है कि उच्च पदों पर बैठे लोगों द्वारा बेखौफ होकर किए जा रहे भ्रष्टाचार के कारण ही इस देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''यदि किसी से पूछा जाए कि हमारे समाज की समृद्धि की ओर प्रगति को रोकने वाला एकमात्र कारक कौन सा है, तो निस्संदेह वह भ्रष्टाचार है। यदि विकासशील देश में समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है।' सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार में ऑडिट इंस्पेक्टर



देविंदर कुमार बंसल को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए ये तीखी टिप्पणियां कीं। बंसल पर एक ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों के ऑडिट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप था। इस साल जनवरी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत पटियाला के विजिलेंस ब्यूरो के पुलिस स्टेशन में अपीलकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

गिरिडीह के जुबली पहाड़ी में लगी भीषण आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरिडीह। सीसीएल गिरिडीह कोलियरी के जुबली पहाड़ी में भीषण आग लग गई। गुरुवार की दोपहर लगी आग धीरे-धीरे पहाड़ी के कई हिस्सों में फैल गई। आग की लपट फैलते फैलते पहाड़ी के ऊपर स्थित मैगजीन हाउस तक पहुंचने लगी, जिसके बाद जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन एक्टिव हुआ और तुरंत ही अग्निशमन विभाग को दलबल के साथ भेजा गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम निरंतर आग को बुझाने का प्रयास कर रही है। इधर जिस पहाड़ी में आग लगी है उस इलाके में वन विभाग के द्वारा हजारों पौधे लगाए गए हैं। आग लगने से सैकड़ों पौधे झुलस गए हैं। बताया जाता है कि आग लगभग 2 किलोमीटर इलाके में लगी है। आग की लपटें फैलते फैलते-फैलते नेशनल हाइवे 114 ए तक भी पहुंच गई हैं। आग लगने से पूरा क्षेत्र धुआं धुआं हो गया है। बता दें कि जुबली पहाड़ी का इलाका काफी संवेदनशील है। पहाड़ के ऊपर में सीसीएल का मैगजीन हाउस है, जहां पर बारूद रखा जाता है। वहीं पहाड़ की तलहटी में सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल अवस्थित है। जबकि विपरीत दिशा में स्टेडियम व थाना भी स्थित है। दमकल कर्मी कहते हैं कि शरारती तत्वों द्वारा यह आग लगाई गई है जो धीरे-धीरे फैल गई। इलाका संवेदनशील है ऐसे में पूरी सावधानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है और चंद घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा।

एसडीपीआई के कार्यालय में ईडी की टीम ने मारा छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पाकुड़। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पाकुड़ धुलियान मुख्य सड़क स्थित मौलाना चौक के निकट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यालय में छापेमारी की है। लगभग 11 बजे ईडी की टीम दर्जनों केंद्रीय बल के साथ मौलाना चौक पहुंची और एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हजेला शेख के कार्यालय पर धावा बोला। टीम में शामिल ईडी के अधिकारियों ने एसडीपीआई के कार्यालय में दस्तावेजों को खंगाल शुरू कर दिया है। मालूम हो कि हाल में ही ईडी ने एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को गिरफ्तार किया था, जिसका विरोध संगठन द्वारा किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय के निर्देश पर एसडीपीआई के देश के कई जिलों एवं राज्यों के कार्यालयों में आज ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम में शामिल अधिकारी व कर्मी देश की राजधानी दिल्ली एवं राज्य की राजधानी रांची से पहुंची है। बता दें कि एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी की हुई गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसी हरकत में आ गयी है। वहीं एसडीपीआई संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के खिलाफ बीते दिनों प्रदर्शन



किया था और राष्ट्रीय अध्यक्ष की रिहाई की मांग की थी। संदेह के घेरे में एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुरक्षा एजेंसियां कड़ी पूछताछ कर रही है और देश में होने वाले देश विरोधी गतिविधि पर जांच के साथ साथ नजर बनाये हुए है। वहीं ईडी की छापेमारी की खबर जिले में फैलने के बाद एसडीपीआई के नेता कार्यकर्ता एवं समर्थको में हड़कंप मच गया है। फिलहाल ईडी की टीम कार्यालय में रखे दस्तावेजों को खंगालने के अलावे एसडीपीआई कार्यालय में मौजूद लोगो से पूछताछ भी कर रही है।

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर एक बार फिर यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, वह प्रयागराज में गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रयागराज के वकील जुल्फिकार हैदर, प्रो. अली अहमद, दो महिलाओं और एक अन्य व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इन सभी के घर अगल-बगल में एक ही प्लॉट पर थे। मार्च 2021 में नोटिस मिलने के एक दिन बाद ही उनके घर गिरा दिए गए थे। न नोटिस देने का टाइम दिया गया, न ही कानूनी बचाव का मौका मिला। पीड़ितों का कहना है कि राज्य सरकार ने गलती से उनकी जमीन को गैंगस्टर अतीक अहमद की संपत्ति मान लिया था। 5 मार्च को इस मामले की सुनवाई हुई, जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा, इस तरह की तोड़फोड़ चौंकाने वाली है और गलत संकेत देती है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी पेश हुए।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972 गांधी सेतु लिंक पथ, बिरकोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DAYS Acupressure Yoga Science
DY Yoga अवधि : 1 वर्ष योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure
BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि: 3 वर्ष योग्यता :10+2
BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science
MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि: 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga)
MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
• एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश सचिव
Apply Online: www.bayc.in
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष
9572607696, 9304942855, 9334278279
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

नौकरी का फॉर्म फ्री और आने-जाने का किराया भी देंगे, चुनाव से पहले बेरोजगारों से तेजस्वी का वादा



पटना, एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बेरोजगारों से कई वादे किए हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में आरजेडी-महागठबंधन की सरकार बनेगी तो एक महीने में युवा आयोग बनाया जाएगा. राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी. इससे स्थानीय युवाओं को नौकरियों में तरजीह मिलेगी.

युवा चौपाल में तेजस्वी यादव गरजे

तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना के मिलर स्कूल में युवा राष्ट्रीय जनता दल द्वारा युवा चौपाल को संबोधित करते हुए ये ऐलान किए. उन्होंने कहा कि जब बिहार में हमारी सरकार आएगी तो प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन लिए अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का पैसा नहीं लगेगा. बल्कि परीक्षा केंद्र तक आने और जाने का भाड़ा भी सरकार की ओर से दिया जाएगा.

नीतीश कुमार अब खटारा गाड़ी

युवा चौपाल में युवाओं के बीच साफ-साफ कहा कि नीतीश कुमार अब खटारा गाड़ी के तरह हो गए हैं. ज्यादा दिन तक उसे नहीं चलाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि 60 साल की उम्र में कोई भी व्यक्ति रिटायर हो जाता है लेकिन हमारे मुख्यमंत्री जी आप 75 साल के हो गए हैं. इसीलिए उन्होंने युवाओं से अपील की अब बिहार का मुख्यमंत्री बदलना होगा. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हमारी सरकार आएगी तो प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन लिए अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का पैसा नहीं लगेगा. बल्कि परीक्षा केंद्र तक आने और जाने का भाड़ा भी सरकार की ओर से दिया जाएगा. राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी

उम्रदराज नहीं युवा मुख्यमंत्री चाहिए

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने युवाओं से हाथ उठाकर 2025 में आरजेडी की सरकार बनाने की हामी भरवाई. उन्होंने युवाओं से युवा चौपाल में अपील किया कि एक-एक युवा कम से कम 10 वोट का प्रबंध करेंगे तब ही बिहार में बदलाव आएगा.उन्होंने कहा कि बिहार युवा प्रदेश है. 18 से 25 साल के लोगों की 58 फीसदी आबादी है. जहां युवा इतने रहते हैं वहां उम्रदराज मुख्यमंत्री नहीं चाहिए.

20 मार्च से गुप्ताधाम महोत्सव का होगा आयोजन

स्थानीय के साथ भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार करेंगे प्रस्तुति, सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी



सासाराम (रोहतास), एजेंसी। रोहतास जिला प्रशासन और राज्य पर्यटन विभाग की ओर से 20 मार्च 2025 को गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यक्रम चेनारी के राम दुलारी गंगा उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में होगा। इस बार महोत्सव का थीम शिवभक्ति और शिव गीतों-भजनों पर केंद्रित रहेगा। जिलाधिकारी ने भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार और स्थानीय प्रतिभाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में नामचीन कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने गुप्ताधाम की गुफा का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। जिलाधिकारी ने बताया कि सावन में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। सड़क मार्ग बनने के बाद से गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगातार बना रहता है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

संक्षिप्त समाचार

सड़क हादसे में मजदूर की मौत

● सहरसा में टहलने के दौरान वाहन ने मारी टक्कर, 4 महीने पहले लौटा था घर



सहरसा, एजेंसी। सहरसा में बलुआहा हाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरसम गांव निवासी शिवन राम के बेटे दिलीप कुमार(25) के रूप में हुई है। युवक की मौत के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार है। पुलिस कानूनी कार्रवाई मे जुटी है। मृतक के जीजा कनरिया निवासी महेश राम ने बताया कि दिलीप मदनपुर चौक के पास टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक सड़क किनारे देखा और उसके परिजनों को सूचना दी।

सदर अस्पताल किया रेफर : पुलिस की मदद से एम्बुलेंस से उसे पहले बरियाही स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जंहा डॉक्टर ने मरहम-पट्टी के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचते ही दिलीप की मौत हो गई। मृतक पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। वह दूसरे राज्य में ही मजदूरी करता था और चार महीने पहले ही घर लौटा था। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्रवाई मे जुटी है।

एनटीपीसी कहलगांव में सुरक्षा जागरूकता का लिया संकल्प

भागलपुर, एजेंसी। एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक संदीप नायक ने सुरक्षा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी से अपने कार्यक्षेत्र और निजी जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम या औपचारिकता नहीं बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और कार्यस्थल को दुर्घटना-मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्लोगन लेखन, निबंध, और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

गया में 4.5 करोड़ का चांदी और 45 लाख कैश बरामद

आंध्र प्रदेश का शख्स समेत दो गिरफ्तार



गया, एजेंसी। बिहार के गया में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने अंतरजिला चोर के अपराधियों की गिरफ्तारी की है. खुलासे के बाद 473 किलोग्राम चांदी और 45 लाख कैश की बरामदगी हुई है. पिछले कुछ दिनों से ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह के अपराधियों के खिलाफ गया पुलिस की विशेष टीम काम कर रही थी. फिलहाल दो को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस मिले इनपुटों के आधार पर कार्रवाई को और आगे बढ़ा रही है. गया के अलावे नवादा जिले की पुलिस भी संयुक्त कार्रवाई में शामिल है. गया और नवादा में कई ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है. रामानंद कुमार कौशल, सिटी एसपी, गया का कहना है कि पूर्व में इमामगंज थाना क्षेत्र में चोर गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था. बाद में पता चला कि इसी गिरोह के अपराधियों द्वारा नवादा के हिसुआ में भी आभूषण दुकान में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया था. इसी घटना की तहकीकात की गयी तो गया के सर्राफा बाजार में आभूषण दुकान में बेचने और आभूषण को गलाने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गया, नवादा में हुए जवेलरी शॉप में चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है.



गया और नवादा में हुई थी ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटनाएं : गिरफ्तार अपराधियों में से एक चोरी के आभूषण को बेचने और एक आभूषण दुकानदार जो कि आभूषण को गलाकर बेचता था, दोनों को गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्राफा मंडी से गिरफ्तार किया गया है. फिलहाल पुलिस अन्य अपराध कर्मियों की भी तलाश कर रही है.

एक के बाद एक तार जुड़ते गए

बताया जाता है कि बीते दिनों इमामगंज थाना अंतर्गत से दो सदस्यों को पकड़ा गया था. वहीं अब दो और की गिरफ्तारी हुई है. इमामगंज थाना क्षेत्र से चोर गिरोह के सदस्य खेसारी उर्फ बाबर खान कि निशानदेही पर गया शहर के विष्णुपद और कोतवाली थाना के सहयोग से ज्वेलरी शॉप से चोरी की भूमिका निभाने वाले संतोष कुमार (टावर चौक, थाना कोतवाली, गया) और इसकी निशानदेही पर शिवाजी करण्डे (मचेन्द्रगढ़, थाना भवानी नगर, जिला सांगली आंध्र प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया.

ज्वेलरी शॉप में छापेमारी

इसके बाद गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर कोतवाली थाना अंतर्गत एक ज्वेलरी शॉप में छापेमारी की गई. जहां से चोरी के ज्वेलर्स खरीदने के आरोप में एक की गिरफ्तारी की गई और कैश व चांदी के आभूषण की बरामदगी हुई.

कपड़ा व्यवसायी और चालक को अपराधियों ने मारी गोली

दरभंगा, एजेंसी। दरभंगा जिले के एपीएम थाना क्षेत्र के बलहा गांव में बीती रात करीब 2 बजे कपड़ा व्यवसायी अमित कुमार और उनके चालक अशोक कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। इस हमले में व्यवसायी के सीने में गोली लगी, जबकि चालक के पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां व्यवसायी अमित कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 10 की संख्या में आए अपराधियों ने पहले बम फेंककर इलाके में दहशत फैलाई, फिर दुकान के शटर पर गोलीबारी की। इसके बाद जबरन दुकान का शटर उठाकर अपराधियों ने व्यवसायी अमित कुमार पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक अशोक कुमार को भी गोली मारी गई। घटना के बाद गोली चलने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण बाहर निकले, तो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एपीएम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है, जबकि दुकान के शटर पर गोलियों के कई निशान मिले हैं।

बीपीएससी टीचर ने स्कूल से भागकर रचाई शादी वीडियो भेज पिता और भाई पर लगाए गंभीर आरोप



सुपौल, एजेंसी। खबर बिहार के सुपौल से है जहां एक बीपीएससी शिक्षिका ने स्कूल से भागकर अपने बॉयफ्रेंड के साथ शादी रचा ली। पिता ने उसके प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की तो वीडियो भेजकर अपने परिवार के सदस्यों और स्थानीय मुखिया पर गंभीर आरोप लगा दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। शिक्षिका ने सरकार और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार भी लगाई है। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। वायरल वीडियो में शिक्षिका खुशी कुमारी ने खुद कहा है कि वह दरभंगा जिले की रहने वाली है और सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कामत किशनगंज में शिक्षिका के पद पर पदस्थापित है। उसने शादी को अपनी मर्जी से बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि उनके पति गौतम सिंह पर अपहरण का गलत आरोप लगाया जा रहा है जबकि शादी उनकी मर्जी से हुई है। उधर, स्कूल के एचएम अशोक कुमार ने बताया कि शिक्षिका के शादी के बारे में जानकारी मिल रही है लेकिन शिक्षिका फिलहाल छुट्टी पर है। वीडियो में शिक्षिका ने कहा है कि 28 फरवरी को ही उसने अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली और अपने पति के साथ खुश है। उसने कहा है कि गौतम सिंह और उसके परिजनों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। उसने अपनी मर्जी से गौतम के साथ शादी की है। इसमें उसके परिवार के लोगों का कोई हाथ नहीं है। हालांकि शिक्षिका का पति गौतम जो वीडियो में दिख रहा है वह पीछे से कुछ सिखा भी रहा है। खुशी एक लिखित बयान को वीडियो में पढ़ती हुई दिख रही है। इसस मामले में पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर कई प्रकार की चर्चा की जा रही है।

नीतीश कुमार अगला सीएम नहीं बनेंगे: प्रशांत किशोर



पश्चिम चंपारण (बेतिया) , एजेंसी। बीजेपी नीतीश कुमार को मुखौटा बनाकर चुनाव लड़ेगी. सिर्फ वोट पाने के लिए नीतीश कुमार को आगे किया जा रहा है. परिणाम आने के बाद बीजेपी नीतीश कुमार का गला काटेगी और अपना मुख्यमंत्री बनाएगी. बेतिया में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बड़ा दावा किया है. प्रशांत किशोर ने कहा है कि 2025 में नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे. अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनते हैं तो मैं अपना अभियान वापस ले लूंगा. उन्होंने कहा कि बिहार को राजद, कांग्रेस, भाजपा और जदयू सब मिलकर लूट रहे.

बिहार में शराबबंदी नहीं है

पीके ने कहा सरकार बनने पर जनसुराज की सरकार एक घंटे में शराबबंदी हटा देगी. शराबबंदी से नेता अफसर कमाई कर रहे हैं. अगर शराबबंदी ठीक है तो भाजपा यूपी और देश में शराबबंदी कानून लागू कर दे. शराबबंदी से बिहार कों 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है.

किसी से जन सुराज का गठबंधन नहीं

पीके ने कहा कि 2025 में 243 सीट पर जनसुराज चुनाव लड़ेगी. 2029 तक जनसुराज किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि अबकी बार बदलाव होगा. आज से चम्पारण की धरती से जनसभा का शुरुआत कर रहें है. जनसभा कार्यक्रम खत्म करने के बाद फिर पदयात्रा करेंगे. प्रशांत किशोर ने कहा किजेडीयू में ताकत नहीं है कि वह बीजेपी के बगैर चुनाव लड़ सके. नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं. अपने पूरे मंत्रियों का नाम भी नहीं बता सकते हैं.

भाजपा के पैसे पर जदयू लड़ती चुनाव

प्रशांत किशोर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार बीजेपी के पैसे से चुनाव लड़ते हैं. नीतीश कुमार में दम नहीं है कि वह अपने बल पर चुनाव लड़ लें. इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार में भले ही कोई मुख्यमंत्री बन जाए लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे.

मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं नीतीश

पीके ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है. यह बात सबसे पहले नवंबर 2023 में भाजपा के बड़े नेता सुशील कुमार मोदी ने कही थी. तेजस्वी यादव या प्रशांत किशोर ने यह बात नहीं कही थी.

नालंदा की शोभना साकेत का बिहार टीम में चयन

घरेलू क्रिकेट अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के लिए हुआ सिलेक्शन, पिता किसान और मां हैं शिक्षिका

नालंदा, एजेंसी। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली शोभना साकेत एक ऐसी युवा क्रिकेटर हैं, जिनकी कहानी प्रेरणा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के महुरी गांव की यह युवती, बीसीसीआई द्वारा आयोजित घरेलू क्रिकेट अंडर-23 वनडे ट्रॉफी 2024-25 के लिए बिहार की महिला टीम में चयनित हुई हैं। किसान राकेश रंजन और शिक्षिका वीणा कुमारी की पुत्री शोभना ने अपने जज्बे और कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है।

संघर्ष और सफलता की कहानी

शोभना का क्रिकेट से रिश्ता बचपन से ही गहरा रहा है। डीएवी स्कूल में क्रिकेट टीम के



माध्यम से उन्होंने अपने कौशल को निखारा और नालंदा जिला क्रिकेट संघ में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी लगन और मेहनत का यह परिणाम है कि आज वह बिहार टीम का हिस्सा बन चुकी हैं।

क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रशंसा

नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने इन युवा खिलाड़ियों के चयन पर खुशी व्यक्त की है। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा की ये युवा हमारे जिले की प्रतिभा का प्रतीक हैं और भविष्य में भी हम इन्हें और अधिक ऊंचाइयों पर देखेंगे।

इनके चयन पर नालंदा जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव गोपाल सिंह, संयुक्त सचिव सजीव कुमार, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, पूर्व सचिव सय्यद जावेद इक़बाल, हैदर अली, संतोष पांडे ,विजय प्रकाश पिन्नु, दीपक, बिक्रम, परवेज़ मुस्तफ़ा, मनीष, अंकित, सफा रिज़वी, अखिलेश कुमार इत्यादि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। शोभना साकेत का यह चयन न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि ग्रामीण भारत में क्रिकेट के बढ़ते महत्व का भी प्रमाण है।

नालंदा का गौरव

वर्ष 2024-25 में नालंदा जिले के लिए यह एक गौरवशाली समय है। वीर प्रताप सिंह रणजी टीम के कप्तान बने हैं, अर्णव किशोर राज्य अंडर-23 टीम में चयनित हुए हैं, जबकि गौतम कुमार अंडर-19 और लक्ष्य प्रकाश अंडर-16 टीम में शामिल हुए हैं।

सिवान में होली से पहले पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद

सिवान, एजेंसी। शराबबंदी वाले बिहार में उत्पाद विभाग की गाड़ी से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है. सिवान पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई गोपालगंज मोड़ के पास एंटी लिकर टास्क फोर्स ने यह कार्रवाई की. पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया.

पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद : मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि एएलटीएप की टीम ने स्कॉर्पियो से ड्राइवर के साथ शराब बरामद की है. एएलटीएफ अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक पुलिस लिखी स्कॉर्पियो से शराब की खेप जा रही है.

शराब के साथ ड्राइवर गिरफ्तार : सूचना मिलने के बाद गोपालगंज मोड़ के पास छापेमारी की गई. जहां पुलिस लिखी स्कॉर्पियो गाड़ी से शराब और बियर बरामद की गई.शराब के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया.ड्राइवर की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बाघड़ा निवासी केशव कुमार के रूप में हुई है. गिरफ्तार ड्राइवर को मुफ्फसिल थाने के हवालात में बंद कर दिया गया है.



शराब छापेमारी में गया था रघुनाथपुर

उत्पाद विभाग की जिस गाड़ी से शराब बरामद हुई है. उस पर सामने के शीशे पर बड़े अक्षरों में पुलिस लिखा हुआ है और ऊपर लगा शीशा काले रंग का है. गिरफ्तार ड्राइवर केशव कुमार ने बताया कि वह पिछली रात उत्पाद विभाग के अधिकारी के साथ शराब छापेमारी के लिए रघुनाथपुर गया था. मुफ्फसिल के थाना प्रभारी आशोक कुमार दास का कहना है कि पुलिस लिखी हुई गाड़ी से शराब बरामद हुई है. ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है. उत्पाद विभाग की ही गाड़ी है. इसकी जांच की जा रही है.

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 06-03-2025 22:17 Page 1

लाखों की ठगी करने वाला नालंदा से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के अधीन संचालित साइबर अपराध थाना की पुलिस ने 20.16 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपित को बिहार के नालंदा से गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपित का नाम जीतू कुमार है। वह बिहार के नालंदा जिले के पुराना हरनौत थाना, नया गोखुलपुर के सोसंदी स्थित चौरिया गांव का निवासी है। साइबर थाना में इस मामले में केस दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस ने खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार साइबर अपराधियों ने गूगल पर अल्ट्राटेक सीमेंट और रूंगटा मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड का फर्जी मोबाइल नंबर डाल दिया। पीड़ित ने इन नंबरों पर संपर्क कर सीमेंट और छड़ खरीदने की बात की।

साइबर अपराधी ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताकर 2016420 रुपये की ठगी कर ली। तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने नालंदा, बिहार से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया।

आरोपित के पास से अपराध से जुड़े सामान मोबाइल, सिम, एटीएम, आधार और पैन बरामद किए गए।

- खुद को कम्पनी का अधिकारी बताकर करता था ठगी
- साइबर अपराध थाना की पुलिस ने आरोपित को दबोचा

साइबर अपराधी गूगल सर्च इंजन कस्टमाइजेशन के जरिए कंपनियों, बैंकों, ई-कॉमर्स और फ्लाइट सर्विसेज के कस्टमर केयर नंबर बदल देते हैं।

लोग जब गूगल पर इन नंबरों को सर्च करते हैं, तो ठग खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर ठगी कर लेते हैं। साइबर थाना की पुलिस ने सावधानी बरतने का सुझाव दिया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात नंबर से कॉल आने पर निजी जानकारी साझा न करें। गूगल सर्च, गूगल ऐड और सोशल मीडिया पर दिखने वाले कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा न करें। हमेशा आधिकारिक वेबसाइट से नंबर लें।

पुलिस ने जागरुक करते हुए बताया कि अज्ञात लिंक या यूआरएल पर क्लिक न करें। साइबर ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।

गांजा के साथ महिला गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला पुलिस ने एक महिला से 11.29 किलोग्राम गांजा के साथ गुरुवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी रेहला स्टेशन रोड स्थित साप्ताहिक शुक्रबाजार परिसर से हुई। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि शुक्रबाजार क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा का बड़े स्तर पर कारोबार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक टूटी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस टीम गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित शुक्रबाजार क्षेत्र में गई। पुलिस को देखते ही एक महिला ट्रॉली बैग लेकर भागने लगी। इसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। ट्रॉली बैग को खोलकर देखा गया तो उसमें से ग्यारह पॉकेट मिला। इसमें गांजा भरा हुआ था। इसका कूल वजन 11.29 किलोग्राम है। गिरफ्तार महिला रेहला कला निवासी स्व. अजय साव की पत्नी 35 वर्षीय गुड्डी कुंवर है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एसडीपीओ आलोक टूटी के अलावा थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई कुशेश्वर सिंह, एसआई बुधु उरांव, एसआई अमित कुमार पांडेय, आरक्षी अजय प्रजापति, गुलमोहन उरांव व गृहरक्षक चालक वीरेंद्र कुमार मेहता शामिल थे।

पिस्तौल के साथ गिरफ्तार आरोपित बरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। रांची में लोडेड पिस्तौल के साथ जिस पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया था। वही पुलिस अदालत में आरोपित के आरोप को साबित करने नहीं पहुंची। जिसकी वजह से आरोपित राज कुमार साहू को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया।

राज कुमार साहू को पुंदाग ओपी के तत्कालीन प्रभारी विवेक कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर 27 जनवरी 2023 को पुंदाग से गिरफ्तार किया था।

जांच पूरी करते हुए आईओ बुद्धिलाल मुर्मू ने पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार, स्वयं अनुसंधान पदाधिकारी, एएसआई धनंजय कुमार राय, आरक्षी पीटर ओडिया, सुदेश्वर सिंह, रमेंड तिर्की और दो स्वतंत्र गवाह के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें से सिर्फ एक गवाह पहुंचा।

लेकिन, वह भी घटना को साबित नहीं कर सका। अभियोजन पक्ष को केस साबित करने के लिए अदालत ने पर्याप्त समय दिया। दो साल पुराने मामले में विवेक कुमार को छोड़ अन्य कोई गवाह नहीं पहुंचा।

गैर आबाद भूमि पर अवैध कब्जा का मामला विस तक पहुंचा

अवैध कब्जा पर अविलंब रोक लगे : मुख्य सचेतक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी। झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आज विधानसभा में शून्यकाल के दौरान धनबाद जिले के बेलगड़ियां मौजा के मौजा नं 151 जिसका खाता नं 42 पुराना प्लांट नं 406,407 कुल रकवा 6.17 एकड़ तथा हाल सर्वे खाता नं 176 एवं प्लांट नं 252 ,253 का कुल रकवा 6.17 एकड़ भूमि गैर आबाद खाता भूमि है। जिसमें सैकड़ों वर्षों से आस-पास के ग्रामीण मवेशियों के चारागाह के रूप में उपयोग करते थे।

उन्होंने बताया कि जिसे भू -माफिया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा भूमि का प्रवृत्ति स्थानांतरण कर अवैध रूप से घेराबंदी एवं कब्जा किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि हाल सर्वे खतियान के अनुसार अनाबाद झारखंड सरकार के नाम से दर्ज है।

आगे सदस्य के द्वारा बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित हो रहे आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा महिला पर्यवेक्षिका अपने कार्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करते आ रहे हैं फिर भी समय-समय पर पदोन्नति तथा आकस्मिक निधन पर परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नियोजन से वंचित रखा जा रहा है । आखिर इन लोगों पर सरकार कब तक निर्णय लेगी ताकि इन सेविका-सहायिका का भविष्य उज्जवल हो सके।

आग से दो झुलसे, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। गुरुवार को जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खातिबा गांव में एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दो किशोर गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि एक किसान की लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खातिबा गांव निवासी किसान बच्चा मुनि यादव का झोपड़ीनुमा घर था, जिसमें उनका पशुधन, अनाज, बाइक और साइकिल रखी गई थी। घटना के समय झोपड़ी में उनके दो किशोर परिजन अंकित कुमार (15) और श्रीराज कुमार (16) सो रहे थे। अचानक झोपड़ी में आग भड़क उठी, जिससे दोनों किशोर उसकी चपेट में आ गए।

आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने जतन कर दोनों किशोरों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे 50% तक झुलस चुके थे। दोनों को तत्काल बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बर्न वार्ड में भर्ती किया गया।

इस भीषण आग में किसान बच्चा मुनि यादव की लाखों की संपत्ति स्वाहा हो गई। झोपड़ी में बंधी उनकी गाय झुलसकर मर गई, जबकि बाइक और साइकिल जलकर नष्ट हो गईं। पशुचारा और अनाज भी पूरी तरह जल गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। इटाढ़ी थानाध्यक्ष सोनू पासवान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।

आग कैसे लगी, इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेलगाम पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दो चचेरे भाइयों को कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दो चचेरे भाइयों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे यातायात कई घंटों तक बाधित रहा।



यह हादसा राजेपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर-सरैया मुख्य मार्ग पर हुआ। मृतकों की पहचान राजेपुर निवासी किशोर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र छोटू सिंह और मनोज सिंह के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई है। दोनों किसी काम से अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से साहेबगंज बाजार जा रहे थे, तभी कोल्ड ड्रिंक लदी बेकाबू पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए, और दोनों गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ बैठे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ताजपुर-सरैया मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही राजेपुर थाना प्रभारी राधे श्याम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पिकअप वैन अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है। इस हादसे से मृतकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है। जवान बेटों को खोने के गम में परिजन बदहवास हैं। गांव में शोक का माहौल है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है।

सांगठनिक चुनाव जल्द कराने को ले कांग्रेस ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के हर स्तर के संगठन और उसके विस्तार को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जाकिर अनवर ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी सह अररिया ,पूर्णिया और किशनगंज लोक सभा के प्रभारी किरण क्षेत्री मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष जाकिर अनवर द्वारा बुके देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।



इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के संगठन के निर्माण और उसकी मजबूती पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि किरण क्षेत्री ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली के तुरंत बाद जिला ,प्रखंड ,पंचायत और बूथ स्तर तक की सभी प्रकोष्ठ के संगठन का निर्माण कर लिया जाए ,क्योंकि कभी भी विधान सभा चुनाव की घोषणा हो सकती है । उन्होंने कहा कि हर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अपने-अपने प्रकोष्ठ के जिला कमेटी का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर जल्द कर लें। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष जिला स्तरीय कमेटी का गठन और सभी प्रखंड अध्यक्षों का चयन कर लें तथा सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन करें। इसके अलावा पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायतों में बूथ स्तर की कमेटी का निर्माण कर लें। जिसे सभी स्तर के पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का काम होली के तुरंत बाद पूरा कर लें।

जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक जाकिर अनवर ने अपने संबोधन में कहा जब पार्टी का संगठन जिला से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत होगा तभी हम मजबूती के साथ विधान सभा चुनाव बेहतर तरीके से लड़कर जीत सकते हैं। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंहा,शाद अहमद ,मासूम रेजा, अवेश यासीन,खालिद हुसैन ,गालिब चुन्ना ,तपन तिवारी ,रघुनाथ शर्मा ,शशि भूषण झा ,मो राजा ,सरफराज आलम ,कुमारी माला, अब्दुल कुद्दूस, आबिद अंसारी,अब्दुस सलाम, मो कलाम,आफताबुर रहमान, चंगेज अंसारी ,अलीम उद्दीन ,साबिर आलम ,जफरुल हसन के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे ।

विश्रामपुर के पंचमुखी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की हुई बैठक

राजेश बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामवासियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विक्रमादित्य बक्सराय उर्फ मुन्नू बक्सराय ने किया। संचालन अमितेश्वर दयाल ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा महोत्सव आयोजन व जुलूस संचालन के लिए रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश प्रसाद केशरी उर्फ मार्शल को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं अमितेश्वर दयाल, विजय कुमार रवि व संतोष कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार सिंह सचिव, अमित कुमार सोनी व अमित कुमार उप सचिव, विकाश चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार केशरी, बुल्लू गुप्ता, मुकेश चौधरी,



राजू केशरी व शिव सोनी को मंत्री मनोनित किया गया।

मुख्य कार्यकारणी सदस्य में चंदन कुमार, गोविंद सोनी, अमित सोनी, कृष्णा केशरी, गोलू गुप्ता, चंदन ठाकुर, सत्यम गुप्ता, अमन कुमार को रखा गया। संरक्षक मंडली में संजय पांडेय, प्रेमशंकर दुबे, विक्रमादित्य बक्सराय उर्फ मुन्नू बक्सराय, पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, चंद्रदेव चौधरी उर्फ कुकू पासी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, राजकुमार मेहता, संजय कुमार ठाकुर, अवधेश सोनी, गोपाल सोनी, सिंकू चंद्रवंशी सहित कई गण्यमान्यों को शामिल किया गया।

इसके अलावा 151 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। इसमे कविलासी, मधुरीडीह, पांडेपुर, उरसुला, झगरुआ, बरसईता, सोरडीहा,भलुआनी, पचघारा, हरहेपा, नावाडीह कला, छिपादोहर, बघमनवा सहित कई गांवों के लोगों को शामिल किया गया गया है।

प्रेम प्रसंग में छात्र ने लगायी फांसी, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार के दरभंगा में इंटर के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्र की पहचान सदर थाना क्षेत्र के एकभिण्डा निवासी दादा महेंद्र राउत के पोते हार्दिक राउत के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुँची सदर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के मोबाइल को जब्त कर लिया है।

घटना के संबंध में मृतक के दादा महेंद्र राउत ने बताया कि हार्दिक का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने आगे बताया कि आज घटना से पहले लड़की का फोन आया था। फोन पर बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनो में बकझक हुई थी। उसके बाद हार्दिक ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और फांसी के फंदे से झूल गया।घटना की सूचना पर पहुँची सदर थाना की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। जबकि मृतक के मोबाइल को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

घटना के संबंध में मृतक के दादा महेंद्र राउत ने बताया कि उनका पोता एक लड़की के साथ बातचीत किया करता था। काफी समझाने के बाद भी उसने लड़की से बातचीत करना बंद नहीं किया। महेंद्र राउत ने बताया कि आज भी लड़की का फोन आया था। फोन पर ही दोनो के बीच हॉट टॉक होने लगा। इसके बाद हार्दिक ने फांसी लगा लिया। घटना के बाद भी लड़की का फोन लगातार उसके मोबाइल पर आता ही रहा, लेकिन घर के किसी सदस्य ने उसका फोन नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि उनका पोता हार्दिक इंटर की पढ़ाई दरभंगा में रहकर किया करता था।

घटना के संबंध में सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया।

मुखिया को बदनाम करने की हो रही साजिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड में स्थित लालगढ़ पंचायत के निवाशी विजय चौधरी कि पत्नीर रूपा देवी ने बिश्रामपुर प्रखंड विकाश पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह को लिखित आवेदन देकर कहा है कि मेरे द्वारा पी एम आवास में 20, हजार पैसा देने का अफवाह उड़ाया जा रहा है मै प्रधानमंत्री आवास योजना में एक रुपया भी नहीं दी हु। पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी और ऑपरेटर प्रीति कुमारी को मै एक भी रुपया नहीं दी हु। लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी ने इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि मुझे एक साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा है मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बे बुनियाद हैं साथ इसकी जांच कराने का मांग भी किया है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो ताकि सच्चाई सबके सामने आ जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना में मुखिया का कोई भूमिका नहीं होता मेरे पंचायत में जो भी विकाश हुआ है और जो बाकी है उसको भी पूरा कर लिया जायेगा।

पोल से टकरायी बाइक, चार में दो दोस्तों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लखीसराय । लखीसराय में एक सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना टाउन थाना क्षेत्र के बाइपास स्थित अशोक धाम मार्ग की है। मृतकों की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित बड़ी दरगाह वार्ड नंबर-8 निवासी संजय पंडित के इकलौते पुत्र आलोक कुमार और सुनील चौधरी के पुत्र पियूष कुमार के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम करीब चार बजे एक ही बुलेट बाइक पर चार दोस्त सवार होकर जा रहे थे। तभी बीएड कॉलेज के सामने अचानक बाइक अनियंत्रित हो गयी और पोल में टक्कर मार दी। इस घटना में आलोक कुमार और पियूष कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बड़ी दरगाह वार्ड-8 के ही पिंटू पण्डित के पुत्र जय कुमार और बाइक चला रहे नया टोला निवासी सागर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही आसपास के लोग उधर दौड़ पड़े और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। दोनों का इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: ईएल-89-24; दिनांक 04.03.2025। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल में अत्यंत पुराने एयर कंडीशनर की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 52,26,831.50। **बयाना राशि:** ₹ 1,04,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 09 महीना। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 27.03.2025 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-364/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शहर की दीवारों पर सजी मधुबनी पेंटिंग

- परंपरागत शैली से अलग हटकर भी बनाई जा रही पेंटिंग
- हर चित्र को बना रहे अनोखा, दोहराव से बचने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार की विश्व प्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग अब औरंगाबाद शहर की खूबसूरती को भी निखार रही है। शहर की सरकारी इमारतों की दीवारें इन आकर्षक चित्रों से सजी हैं, जो न केवल शहर की शोभा बढ़ा रही हैं बल्कि स्थानीय लोग भी इन्हें भावविभोर होकर निहार रहे हैं।

औरंगाबाद जिला प्रशासन ने शहर को सौंदर्यपूर्ण बनाने की पहल के तहत पटना के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट की छात्राओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस पहल के तहत छात्राओं की एक टीम शहर की सरकारी इमारतों की दीवारों पर आकर्षक मधुबनी पेंटिंग उकेर रही है। उनकी मेहनत और कला को देखकर शहरवासी भी मुग्ध हो रहे हैं। शहर के राजकीय अनुग्रह उच्च विद्यालय की दीवारों पर मधुबनी चित्रकला बना रही छात्राओं ने बताया कि वे इस कला को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि जब लोग उनकी कला की सराहना करते हैं, तो उन्हें बेहद खुशी मिलती है और उनकी मेहनत को नया उत्साह मिलता है।

पेंटिंग बना रही छात्राओं वर्षा रानी, पुष्पा कुमारी एवं अन्य कलाकारों ने बताया कि वे परंपरागत मधुबनी शैली के साथ-साथ आधुनिक विषयों पर भी चित्र बना रही हैं। उदाहरण के लिए, स्कूल के मुख्य द्वार पर शिक्षा से संबंधित पेंटिंग बनाई गई हैं।

बता दें कि मुख्य द्वार के बाईं ओर छात्राओं ने एक साइकिल पर स्कूल जाती छात्रा की तस्वीर उकेरी है, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'बालिका साइकिल योजना' का प्रतीक है।

मुख्य द्वार के दाईं ओर एक लाइब्रेरी की पेंटिंग बनाई गई है, जिसमें चारों वेद, प्रेमचंद साहित्य, ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें और कंप्यूटर पर पढ़ाई करते छात्र-छात्राओं को दर्शाया गया है।



इसके अलावा, छात्राओं की टीम ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन, ग्रामीण परिवेश, नारी जीवन, मत्स्य आकृतियाँ, लोकजीवन और पारंपरिक मिथिला संस्कृति से जुड़े चित्र भी बनाए हैं। उनका प्रयास है कि शहर में कहीं भी चित्रों की पुनरावृत्ति न हो, बल्कि हर जगह एक नई मधुबनी कला की झलक मिले।

मधुबनी चित्रकला बिहार के मधुबनी, दरभंगा, पूर्णिया, सहरसा, मुजफ्फरपुर और नेपाल के कुछ इलाकों में प्रचलित है। प्रारंभ में इसे रंगोली के रूप में बनाया जाता था, लेकिन समय के साथ इस कला को कपड़ों, दीवारों और कैनवास पर चित्रित किया जाने लगा।

यह मूलतः मिथिला की पारंपरिक चित्रकला शैली है, जिसमें दो प्रकार के चित्र बनाए जाते हैं झ भित्ति चित्र और अरिपन। इस शैली में मुख्य रूप से रामायण, महाभारत, प्राकृतिक दृश्य, देवी-देवता, सूर्य, चंद्रमा, तुलसी, शाही दरबार, विवाह उत्सव जैसे सामाजिक और धार्मिक विषयों को दर्शाया जाता है। मधुबनी चित्रकला की सादगी और सजीवता इसे अन्य चित्रकला शैलियों से अलग बनाती है। अपनी अनूठी शैली के कारण यह कला देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्धि हासिल कर चुकी है।

बर्निंग ट्रेन होने से बची टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पुरुलिया। बक्सर से चलकर टाटानगर आ रही 18184 बक्सर एक्सप्रेस बुधवार को बर्निंग ट्रेन होने से बाल-बाल बची।

यात्रियों की सूझ-बूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा डिवीजन में बक्सर से चलकर टाटानगर आ रही ट्रेन दोपहर लगभग ढ़ाई बजे जय चंडी पहाड़ स्टेशन पार करने के बाद अपनी तय स्पीड से चल रही थी। इस दौरान ट्रेन में अचानक आग लग गई।

यात्रियों ने ट्रेन के पीछे लगी एक जनरल डिब्बे से धुंआ उठता हुआ दिखाई दिया। इसके कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। तेज हवाओं के कारण धुंआ जल्द ही आग में परिवर्तित हो गया।

ऐसे में कुछ यात्रियों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए चेन पुलिंग कर ट्रेन को छुर्रा स्टेशन के पहले रोक दिया। वहीं, ट्रेन से धुंआ उठता देखकर ट्रेन के लोको पायलट व गार्ड ने इसकी सूचना पुरुलिया स्टेशन को भेजी।

इसके बाद पहले अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब आग नहीं बुझी तो फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। ऐसे में छुर्रा स्टेशन पर लगभग तीन घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। संभावना जताई जा रही है कि सिगरेट पीने या शार्ट सर्किट होने के कारण यह आग लगी होगी।

इस ट्रेन के टाटानगर पहुंचने का निर्धारित समय शाम छह बजे था, लेकिन यह ट्रेन शाम साढ़े सात बजे पूरी जांच होने के बाद पुरुलिया स्टेशन से रवाना की गई। ऐसे में यह ट्रेन रात 11 बजे टाटानगर पहुंची। ट्रेन से उतरने वाले यात्री घटना के विषय पर अपनी आपबीती बताते रहे। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल मंडल से होकर परिचालित कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ होगा।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की श्रेणी:** एटीएम। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या:** एएसएन-एटीएम-19-03। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 19.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **स्टेशन/लोकेशन का नाम/ट्रेन संख्या और एसएलआर:** 15 स्टेशनों के निम्नलिखित 16 लोकेशनों पर एटीएम की स्थापना: आसनसोल, दुर्गापुर, रानीगंज, गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, देवघर, मधुपुर, चित्तरंजन, कुल्टी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन के पूरब और पश्चिम तरफ), बराकर एवं कुमारधुबी। सभी संभावित बोलीदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे सम्पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और ऊपर दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-367/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

गोरखपुर हवाला प्रकरण: रुपये छीनने वाले दरोगा संग 5 आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर

गोरखपुर, एजेंसी। कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मिले 50 लाख रुपये हड़पने वाले तत्कालीन चौकी इंचार्ज आलोक सिंह, उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव, मुकेश, प्रचंड प्रताप सिंह, विशाल तिवारी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया जाएगा। इसके लिए आरोपियों का गैंग चार्ट पुलिस ने तैयार कर लिया है। बहुत जल्द आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

दरअसल, तीन अप्रैल 2024 को बेनीगंज चौकी इंचार्ज रहे बलिया निवासी आलोक सिंह चेकिंग कर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने 50 लाख रुपये के साथ नवीन श्रीवास्तव नाम के शख्स को पकड़ा था। उसे एनकाउंटर का डर दिखाकर 50 लाख रुपये छीन लिया था।

मामला एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के संज्ञान में आया तो उन्होंने बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया और एसपी सिटी को पूरे मामले की जांच सौंप दी थी।

सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य माध्यमों से की गई जांच के दौरान मामला सही पाया गया। पुलिस ने चौकी इंचार्ज और उसके साथी राजेन्द्र नगर निवासी प्रिंस श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर उनके पास से 44 लाख रुपये बरामद कर लिया था। नवीन श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव और 03 अज्ञात के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में केस कर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज गया था। अब इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी है।

इस संबंध में एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रुपये हड़पने के मामले में पांच आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल है। सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीएम का निर्देश- अभी से ही शुरू करें माइक्रो प्लान

गोरखपुर, एजेंसी। गोरखपुर में आने वाले दिनों में गर्मी से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। डीएम कृष्णा करुणेश ने बिजली निगम के सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया है कि समय से पहले तैयारी पूरी करते हुए माइक्रो प्लान बना लिया जाए।

डीएम ने कहा कि तेज हवा चलने और हाईटेंशन तारों में टकराव के कारण उत्पन्न चिंगारी से फसलों में आग लगने की संभावनाएं अधिक रहती हैं। ऐसे में तारों को टाइट किया जाए। लू प्रकोप के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए।

जरूरत के मुताबिक पोर्टेबल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक खंड, केंद्र स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम, इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) की स्थापना करते हुए मोबाइल नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। व्यापक सर्वे कर जर्जर पोल, तार, ट्रांसफार्मर की मरम्मत किया जाए। डीएम ने इन सभी मामलों की सूची उपलब्ध भी बिजली निगम से मांगी है।

अपर निदेशक ने शुरू की जांच, तीन अफसरों की टीम गठित

रायबरेली, एजेंसी। सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पति को पीठ पर लादकर पिंकी पहुंची थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंडलीय अपर निदेशक से तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट मांगी है। अपर निदेशक ने जांच शुरू भी कर दी है। वहीं सीएमओ ने भी तीन अधिकारियों की जांच कमेटी गठित करके तुरंत जवाब देने के निर्देश दिए हैं। गत मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। सोमवार के इस वीडियो में दिखने वाली महिला सतांव ब्लॉक के दरीबा निवासी पिंकी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मंडलीय अपर निदेशक जीपी गुप्ता को जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। उधर, सीएमओ ने भी एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना और जतुआ-टप्पा सीएचसी अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार की कमेटी गठित कर दी है। मामले में एडी ने भी जांच शुरू कर दी है। सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि गठित कमेटी को जांच कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा गया है।

महाकुंभ में नाविक परिवार ने नाव चलाकर कमाए करोड़ों, सीएम ने की थी प्रशंसा

प्रयागराज, एजेंसी। प्रयागराज महाकुंभ कई मायनों में खास रहा। सड़क पर दुकान लगाने से लेकर, लक्जरी टेंट लगाने, होटल, ढाबा चलाने वालों से लेकर नौका संचालन करने वालों की दुनिया बदल गई। कई परिवार तो मालामाल हो गए। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि महाकुंभ में उनके पास इतनी दौलत आ जाएगी जिसकी उन्हें कल्पना भी नहीं है। ऐसा ही कारनामा हुआ है नैनी के अरैल में नौका संचालन करने वाले माहरा परिवार के साथ। एक सौ से अधिक नौकाओं का संचालन करने वाले पिंटू माहरा के परिवार ने महाकुंभ में करोड़ों रुपये अर्जित किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माहरा परिवार की आमदनी की बात सदन में बताई तो पिंटू माहरा के अरैल स्थित आवास पर मीडियाकर्मियों का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग पिंटू से मिलने और उसको देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

पिंटू माहरा की मां शुकलावती देवी ने बताया उनके बच्चों ने दिन रात की परवाह न करके कड़ी मेहनत की है, तब जाकर यह दिन देखने को मिला है। उनका बहुत बड़ा परिवार है। उनके पति के दो भाइयों के परिवार को मिलाकर कुनबे में करीब 100 लोग हैं। सभी ने कड़ी मेहनत की। नाव का संचालन करने के लिए स्टैंड नए पुल के पास बनाया गया था। उनके बच्चे भूख और प्यास की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहते थे। यह सब गंगा मैया का आशीर्वाद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में माहरा परिवार की सफलता की कहानी बताई। उन्होंने कहा कि सपा कहती थी कि नाविकों का शोषण हो रहा है, नाविकों की देखभाल नहीं की जा रही है। मैं एक नाविक परिवार की सक्सेज स्टोरी बता रहा हूं। ये एक नाविक परिवार है, जिसके पास 130 नौकाएं थीं। 45 दिनों की अवधि में इन लोगों ने 30 करोड़ रुपये की शुद्ध बचत की है। यानी एक



नाव ने 45 दिनों में 23 लाख रुपये की बचत की है। प्रतिदिन की उनकी बचत देखेंगे तो एक नाव 50 से 52 हजार कमा रही थी। नैनी के अरैल में रहने वाला यह माहरा परिवार एक सौ से अधिक नावों का संचालन करता है। इस माहरा खानदान में नाव चलवाना ही मुख्य कारोबार है। महाकुंभ के बाद इस परिवार में खुशी का माहौल है। दरअसल कुंभ में इतने ज्यादा श्रद्धालु आए, जिससे इनको पूरे 45 दिन काम मिला और एक भी दिन इनकी नाव खाली नहीं रही। इस परिवार में 100 से ज्यादा नाव हैं। सभी ने मिलकर 30 करोड़ की कमाई की है। माहरा परिवार में 500 से ज़्यादा सदस्य नाव चलवाने का ही करोबार करते हैं। इनकी सौ से ज्यादा नाव हैं और आसपास के इलाकों से भी इन लोगों ने नाव मंगवाकर चलवाई। माहरा परिवार का कहना है कि निषादों के बारे में इससे पहले कभी किसी ने नहीं सोचा और इस सरकार में उन्हें सम्मान मिला और रोजगार भी मिला। इस कुंभ की कमाई वो कभी भुला नहीं सकते। शुकलावती बताती हैं कि कितनी कमाई हुई है इसकी गिनती अभी नहीं की जा सकी है, लेकिन कमाई छप्पर फाड़ के हुई है इतना जरूर कह सकते हैं। यह सब योगी-मोदी की अच्छी व्यवस्था और गंगा मइया के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

हेल्थ एटीएम की सेहत खराब, कैसे हो मरीजों की जांच



पीलीभीत , एजेंसी। मरीजों की करीब 50 तरह की जांचों के लिए सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगवाए गए हेल्थ एटीएम की खुद की सेहत खराब है। यह हेल्थ एटीएम शोपीस बनकर रह गए हैं। कहीं चिप की कमी तो कहीं तकनीकी खराबी से हेल्थ एटीएम बंद पड़े हैं।

मरीजों को हेल्थ एटीएम की सुविधा तो मिल नहीं रही, जिम्मेदार भी इनके रखरखाव से बेपरवाह हैं।

एक हेल्थ एटीएम पर चार से पांच लाख रुपये खर्च किए गए थे। बुधवार को बरखेड़ा, अमरिया, ललौरीखेड़ा, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर और पूरनपुर सीएचसी की पड़ताल में हेल्थ एटीएम शोपीस बने नजर आए।


विद्युत विभाग ने महाकुंभ मेले को 211 करोड़ से उजाला कर कमाए 28 करोड़, बांटे गए थे 4.25 लाख कनेक्शन

प्रयागराज , एजेंसी। महाकुंभ मेले में 3.20 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इससे विभाग को नौ रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से लगभग 28.80 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। जबकि, विभाग ने कुल 211.20 करोड़ रुपये खर्च कर मेला को उजाला किया था। मेले का 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक आयोजन किया गया। विद्युत विभाग ने बिजली सप्लाई के लिए 54 हजार खंभे लगाए।

इन पर 1405 किलोमीटर एलटी लाइन और 182 किलोमीटर 11 केवी की एचटी लाइन बिछाई गई। 85 सब स्टेशनों से पूरे मेला क्षेत्र को बिजली दी गई। इसके लिए लगभग 4.25 लाख कैंप कनेक्शन बांटे गए थे। इसके चलते रोज 30 मेगावोल्ट एम्पीयर (एमवीए) बिजली खपत का अनुमान था। लेकिन, प्रतिदिन लगभग 27 एमवीए बिजली की खपत हुई। मेला समापन के बाद अब बिजली के तार, एलईडी लाइट्स और ट्रांसफार्मर उतार लिए गए हैं। इन सामानों को महाकुंभ परिसर के पास बने गोदाम में रखा गया है।

व्यावसायिक कनेक्शन के लिए 80 लाख यूनिट खर्च:

इस मेला क्षेत्र में एक से लेकर 1600 किलोवोल्ट एम्पीयर (केवीए) तक



कनेक्शन दिए गए। इसमें हजारों की संख्या में व्यावसायिक कनेक्शन भी शामिल हैं। विद्युत विभाग के अफसरों ने बताया कि इन कनेक्शनों से लगभग सात करोड़ रुपये की आमदनी हुई है।

शहर में 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपत:

विद्युत विभाग के आंकड़ों के अनुसार मेले के दौरान 45 दिनों में शहर में कुल 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इस तरह मेला और शहर में मिलाकर कुल 30.50 करोड़ यूनिट बिजली खर्च हुई है, जो मेले से लगभग 90 फीसदी से अधिक है।

पांच करोड़ यूनिट का था अनुमान: विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता पीके सिंह समेत अन्य अफसरों ने मेले में तकरीबन पांच करोड़ यूनिट तक बिजली खपत होने का अनुमान लगाया था। वहीं, मेला क्षेत्र में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर एनर्जी का भी सहारा लिया गया था।

कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्ट: विद्युत विभाग ने कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया था। इसे दो हिस्सों में बांटा गया। पहला मेला क्षेत्र के लिए कुल 211.20 करोड़ और दूसरा शहर के लिए कुल 179 करोड़ का बजट था। प्रोजेक्ट में बिजली घर, स्ट्रीट लाइट, ट्रांसफॉर्मर, केबल आदि की व्यवस्था की गई थी।

काशिवासियों से अपील, साधु-संतों और अघोरियों के लिए है मसान की होली



वाराणसी , एजेंसी। श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के नागा संन्यासी खुशहाल भारती ने कहा कि सोशल मीडिया के बहकावे में आकर काशीवासियों को कोई निर्णय नहीं करना चाहिए। मसान की होली उनके लिए नहीं है। इसे साधु-संतों और अघोरियों के लिए ही छोड़ दें। काशीवासी बाबा विश्वनाथ से अपने संबंधों का निर्वाह करते हुए उनके विवाह का उत्सव मनाएं। तिलक, तेल, हल्दी, विवाह के बाद गौने की परंपरा का निर्वहन करें। पूर्व महंत के परिवार की अगुवाई में कई सौ वर्षों से काशी के गृहस्थ इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। यही काशी का गौरव और विशिष्टता है। यह परंपरा बनी रहे इसका दायित्व काशीवासियों का है।

बुधवार को मणिकर्णिका घाट में बातचीत के दौरान उदयपुर शाखा के प्रभारी संत दिगंबर खुशहाल भारती ने कहा कि काशी की जो परंपराएं हैं उन परंपराओं को उनके मूल स्वरूप में ही आगे बढ़ाने जाने की जरूरत है। काशी एकमात्र ऐसी नगरी है जहां बाबा विश्वनाथ अपने गृहस्थ और आदियोगी दोनों ही स्वरूपों में विराजमान हैं। इस अद्वितीय नगरी की शास्त्रीय और लोकपरंपराएं भी अद्वितीय हैं।

काशीवासियों का बाबा विश्वनाथ से संबंध सिर्फ भक्त और भगवान तक ही सीमित नहीं है। यहां के लोग बाबा विश्वनाथ को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं। यहां के लोगों का कोई भी काम बाबा के बिना नहीं होता। काशी में गृहस्थों और संन्यासियों द्वारा बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने की अलग-अलग लोकपरंपरा रही है।

गलती से भी गृहस्थ न शामिल हों महाश्मशान की होली में: खुशहाल भारती ने कहा कि रंगभरी एकादशी की तिथि पर काशीवासी पूर्व महंत के आवास पहुंचकर गौरी-शंकर-गणेश के साथ होली खेलते हैं। उसके ठीक अगले दिन महाश्मशान पर बाबा के साथ साधु संन्यासियों और अघोरियों के होली खेलने की परंपरा है। गृहस्थों को गलती से भी महाश्मशान की होली में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे बड़ा दोष पड़ता है। काशीवासियों से स्पष्ट आग्रह है कि वे रंगभरी एकादशी के दिन पूर्व महंत के आवास पर शिव-पार्वती-गणेश के साथ होली खेलें। परंपरानुसार बाबा की पालकी महंत आवास से विश्वनाथ मंदिर तक लेकर जाएं। द्वादशी की तिथि पर साधु-संन्यासी मसान पर बाबा के साथ होली खेलेंगे।

काशीवासी हैं बाबा के दूत, नागा साधु हैं गण: खुशहाल भारती ने कहा कि काशी की शास्त्रीय और लोक परंपराओं का मूलरूप में निर्वाह करने का दायित्व काशीवासियों का ही है। शास्त्र और लोक के इस संतुलित सामंजस्य के आधार पर ही काशी संपूर्ण विश्व में श्रेष्ठ है। सनातन का गर्व है। हम नागा साधु बाबा के गण हैं लेकिन काशीवासी तो सीधे-सीधे बाबा के ही दूत हैं। वे बाबा के दूत हैं इसीलिए वे काशी में हैं और हम सब गण है इसलिए हिमालय की कंदराओं में हैं।

युवक की हत्या पर भड़के, कोतवाली का घेराव

रायबरेली/लालगंज , एजेंसी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार में मंगलवार रात खेत की सिंचाई के दौरान पॉलीथिन पाइप पर बाइक चढ़ाने का विरोध करने पर किसान सर्वेश पाल की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बुधवार को मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने लालगंज कोतवाली का घेराव किया। इसके बाद एसपी कार्यालय के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

पूरे अजबी मजरे ऐहार गांव निवासी सर्वेश पाल पुत्र सूरजबली अपने भतीजे रतीपाल पुत्र निर्भयपाल और अमित पाल पुत्र दिनेश पाल के साथ मंगलवार शाम करीब आठ बजे खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान डकौली गांव का रहने वाला प्रदीप पासवान उर्फ चौधरी, पूरे प्राण सिंह मजरे ऐहार निवासी अजीत वर्मा व दो अज्ञात लोगों ने पानी के पाइप पर बाइक चढ़ा दी। एतराज करने पर कुल्हाड़ी और फरसे से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण सर्वेश की मौत हो गई। जबकि रतीपाल और अमित घायल हो गए। घायल अमित ने बताया कि रंजिश के चलते उन पर हमला किया गया है। आरोपियों ने फरसा और कुल्हाड़ी से हमला किया था। बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग करते हुए सर्वेश पाल के परिजन कोतवाली पहुंचे। कहा कि सर्वेश पर हमले के दौरान 12 से अधिक लोग मौजूद थे। हड़बड़ी में पुलिस को दी गई तहरीर में दो नामजद व दो अज्ञात अरोपियों का ही नाम दिया गया। इसे बदला जाए और अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस पर पुलिस ने सभी को समझाकर घर भेज दिया।

मिलावट: कहीं आप भी तो मिट्टी-घास मिला जीरा तो नहीं खा रहे...6 क्विंटल माल जब्त



गोरखपुर, एजेंसी। खोवा के बाद अब मिलावटी जीरा भी पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को हार्बर्ट बांध के पास से छह क्विंटल मिलावटी जीरा जब्त किया है। यह माल दिल्ली से आ रहा था। इसे होली में खपाने की तैयारी थी। जीरा में पानी डालते ही उसमें मिट्टी और घास अलग हो गई।

विभाग को जानकारी मिली कि दिल्ली से जीरा लदी गाड़ी आ रही है। इसमें मिलावट होने का शक था। पिकअप में एक ब्रांडेड कंपनी की बोरियों में जीरा रखा था, लेकिन बिल से पता चला कि यह संबंधित ब्रांड का नहीं है। नौ क्विंटल का बिल था, जबकि गाड़ी में करीब छह क्विंटल जीरा लदा था। जीरा में मिट्टी, घास और सौंफ दिखी। इसे पानी में डालते ही कुछ दाने सफेद हो गए, जबकि जीरा पानी में रंग नहीं बदलता। पूछने पर व्यापारी ने बताया कि इसका रेट 150 रुपये किलो है। लेकिन बाजार में जीरा की कीमत 400 रुपये किलो है। इससे भी इसके मिलावटी होने की आशंका है। उसी गाड़ी में रखे गए बादाम का नमूना लिया गया, जिसकी पैकिंग नकली बताई जा रही है।

फूल झाड़ू के घास का होता है इस्तेमाल: जीरे में मिलावट के लिए फूल झाड़ू की घास का उपयोग किया जाता है। इससे तौल का वजन बढ़ता है। दरअसल, फूल झाड़ू के ये घास देखने में बिल्कुल जीरे के तरह ही होते हैं। मिलावटखोर इन जंगली घास की पत्तियों को गुड़ के पानी में मिलाते हैं।

इसे सुखाते ही यह जीरे की तरह दिखने लगता है। घास का रंग जीरे जैसे होते ही इसे पत्थर के बने पाउडर में डाल दिया जाता है। इसके बाद इसे छलनी से छान लिया जाता है। इसके अलावा इसमें स्लरी पाउडर भी मिलाया जाता है, ताकि इसका रंग ठीक जीरे की तरह हो जाए।

जीरा खाने के फायदे

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजकुमार ने बताया कि जीरा में मौजूद फाइबर और एंजाइम पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर और एंजाइम वजन कम करने में मदद करते हैं। फाइबर और एंजाइम ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जीरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

इम्यूनिटी को कमजोर करता है मिलावटी जीरा

डॉ. राजकुमार ने कहा कि नकली जीरा शरीर की इम्यूनिटी को कमजोर कर सकता है। इसके सेवन से स्टोन की समस्या हो सकती है। साथ ही साथ त्वचा संबंधी रोग भी होने की प्रबल संभावना होती है।

टीम ने रेस्टोरेंट से लिया नमूना

टीम ने मोहद्दीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट पनीर, ग्रेवी, खड़ा मसाला सहित पांच नमूने लिए। बिछिया में मंगलवार को 10 क्विंटल खोवा पकड़ा गया था। वहीं से टीम को मिलावटी घी के बारे में सूचना मिली थी। बुधवार को टीम ने कुनराघाट स्थित एक एजेंसी से देसी घी के दो नमूने लिए। वहां बताया गया कि उसके वहां गोपालगंज बिहार की डेयरी से घी आता है। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष सिंह, नरेंद्र चौहान, प्रतिभा उपाध्याय, आशा सरोज एवं विजय आनंद मौजूद रहे।

बिहार में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने की तैयारी में जुटा संघ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली की जीत के बाद अब बिहार में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के अभियान में जुट गया है। संघ परिवार इसके लिए शक्ति, शाखा और संपर्क के फार्मूले पर काम कर रहा है। इस फार्मूले के जरिए संघ की कोशिश बिहार के हर घर तक पहुंचने की है। संघ सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आर एस एस ने गुप्त रूप से अपनी ओर से एक सर्वे कराया है। इसमें विशेष रूप से तीन चीजें जानने का प्रयास किया गया है। किन नेताओं से लोगों की नाराजगी है, कौन सा मुद्दा ज्यादा प्रभावी है और भाजपा के लिए कौन सा मुद्दा लाभदायक या नुकसानदेह हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक चुनाव से पहले संघ बिहार में शाखा बढ़ाने की तैयारी कर रही है। दरअसल संघ के स्वयंसेवकों के लिए संपर्क का सबसे अच्छा माध्यम शाखा है। इसलिए संघ ने चुनाव से पहले बिहार में शाखाओं की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। शाखाओं के संचालन के लिए संघ ने बिहार को दो भागों उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार में बांटा है। उत्तर बिहार की शाखाएं मुजफ्फरपुर से और दक्षिण बिहार की पटना से संचालित होता है। संघ अपने इस शताब्दी वर्ष पर उत्तर बिहार में संगठन का विस्तार और इसे हर तरह से चुस्त दुरुस्त बनाने की रणनीति पर विचार कर रहा है। इसी सिलसिले में संघ प्रमुख मोहन भागवत उत्तर बिहार के पांच दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं। गुरुवार को सुपौल में विद्या भारती की ओर से संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के भवन का उद्घाटन करने के बाद मोहन भागवत तीन दिनों तक मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वह नौ मार्च को नागपुर चले जायेंगे। बिहार के चुनावी साल में संघ प्रमुख का यह पहला दौरा बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मुजफ्फरपुर में होने वाली बैठक में यह तय किया जायेगा कि शाखाओं की संख्या बढ़ा कर कितनी करनी है और संपर्क को कितना सघन बनाना है। संघ सूत्रों ने बताया कि फिलहाल हर बस्ती में एक शाखा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर एक केन्द्र बनाने का फैसला किया गया है। इसे शक्ति केंद्र का नाम दिया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले संघ की इस तरह की साढ़े आठ हजार केन्द्र बनाने की तैयारी है।

एनटीपीसी बाढ़ का धूमधाम से मना 27वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बाढ़। एनटीपीसी बाढ़ में 27वां स्थापना दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर पूरे बाढ़ टीम के साथ-साथ सीआईएसएफ, कल्याणकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों के सदस्य भी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ साथ ही एनटीपीसी गीत का भी गायन हुआ। जी. श्रीनिवास राव ने सभा को संबोधित करते हुए एनटीपीसी बाढ़ की गौरवशाली यात्रा और ऊर्जा क्षेत्र में इसके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनटीपीसी बाढ़ से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के समर्पित प्रयासों की सराहना की और कृतज्ञता व्यक्त की। इस भव्य समारोह में के. एन. रेड्डी (ईडी-पीएम), श्रीकांत केरहालकर (जीएम-ओएंडएम), ए. के. रज़ा (जीएम-मेंटेनेंस एंड एफएम), एस. बी. सिंह (जीएम-प्रोजेक्ट) और मंदाकिनी क्लब की अध्यक्ष कविता राव की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के समापन में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा केक काटा गया और एनटीपीसी के प्रतीकात्मक रंग नीले और सफेद गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कोई भी हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना/कोलकाता। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों की ओर से चौसर बिछाया जाने लगा है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पिछले दिनों दावा किया था कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनी तो 24 घंटे के भीतर शराबबंदी को खत्म करेंगे। अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि शरारबबंदी को सरकार ठीक ढंग से लागू नहीं कर पाई है। चुनाव के बाद महागठबंधन की सरकार बनी तो वह इस कानून में बदलाव कर ताड़ी को शराबबंदी से अलग करेंगे। राजद कार्यालय में गुरूवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि 1 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2024 तक 12 लाख से ज्यादा लोगों की शराबबंदी के चलते गिरफ्तारी हुई है। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी बिहार में 200 यूनिट फ्री में बिजली दिया जाएगा। इसी तरह बिहार में 100 फीसदी डोमिसाइल नीति लागू किया जाएगा। सरकारी नौकरी के लिए फॉर्म भरते हैं उस फॉर्म का भी पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आने-जाने वाले परीक्षार्थियों को किराया भी देगी। तेजस्वी ने कहा कि बिहार के युवाओं को नौकरी-रोजगार देना हमारी पार्टी की प्राथमिकता रही है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों ने तेजस्वी से महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कोई भी हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने काम में लगा हूं।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए उद्योग विभाग ने प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल 'रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग' कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका उद्देश्य एमएसएमइ को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस एमओयू पर कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ हस्ताक्षर किए गए हैं जिनमें चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना, भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया, केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान वैशाली और भागलपुर और एएमएसएसएससी शामिल हैं। ये प्रमुख संस्थान राज्य भर के 80,000 एमएसएमइ को गैर-आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया जाएगा। प्रशिक्षण मॉड्यूल में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, लीन मैन्युफैक्चरिंग प्रथाएं और नेतृत्व विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल होंगे। इन मॉड्यूल का उद्देश्य एमएसएमइ की दक्षता को बढ़ाना, वित्तीय समावेश सुनिश्चित करना और नेतृत्व कौशल को मजबूत करना है जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, निदेशक, तकनीकी विकास शेखर आनंद, सहायक उद्योग निदेशक निशा कुमारी एवं आरएएमपी कार्यक्रम टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया जिससे एमएसएमइ क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि वह उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने और सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके साथ ही मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा बिहार सरकार द्वारा एमएसएमइ सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

होली के रंग, स्वच्छता के संग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना नगर निगम स्वच्छता टीम द्वारा होली गीतों के संग स्वच्छता के रंग कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्णा पार्क और किदवई पुरी में किया गया। इसमें नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोगों को बिहार के पारंपरिक होली गीतों को सुनाते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में हिस्सा लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि होली मन के मैल को मिटाने का त्यौहार है। होली तन के मैल को भी मिटाने का त्यौहार है। साथ ही यह महान त्यौहार शहर की गंदगी को मिटाने का भी त्यौहार है। हम सभी संकल्प लें और अपने-अपने मोहल्ले तथा पार्कों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखें। स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता कार्यक्रम में राजेश केसरी, शिखा, नवनीत सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी अकादमी ने प्रोजेक्ट नमन का किया विस्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस ने भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय (डीआईएवी) के 26 स्थानों पर वेटरन्स को श्रद्धांजलि का विस्तार करने के लिए प्रोजेक्ट नमन समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया है। प्रोजेक्ट नमन को सेना के दिग्गजों, उनके परिवारों और उनके निकट संबंधियों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सीएससी केंद्र, जो सेना के दिग्गजों या उनके परिवारों या निकट संबंधियों द्वारा संचालित किए जाएंगे, रक्षा प्रतिष्ठानों के भीतर ही उनके दरवाजे पर पेंशन संबंधी सेवाएं, सरकार से नागरिक (जी2सी) सेवाएं और व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। एचडीएफसी बैंक के वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार प्रमुख सत्येन मोदी, सीएससी अकादमी के सीईओ और भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय के ब्रिगेडियर प्रवीण चांदेकर ने स्मिता भगत, समूह प्रमुख - एचडीएफसी बैंक, सीएससी अकादमी के अध्यक्ष संजय राकेश, लेफ्टिनेंट जनरल, डीजी (डीसी एंड डब्ल्यू) - भारतीय सेना और भारतीय सेना, एचडीएफसी बैंक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दूसरे चरण में परियोजना का विस्तार राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, बिहार, ओडिशा और नई दिल्ली में 26 डीआईएवी स्थानों तक किया जाएगा। परियोजना के पहले चरण को सितंबर 2023 में 14 डीआईएवी स्थानों पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की स्थापना के साथ हरी झंडी दिखाई गई थी।

चलती ट्रेन से फेंका कचरा, चली गई नौकरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। चलती ट्रेन से ट्रैक पर कूड़ा फेंकने वाले सफाई कर्मी का वीडियो जब सोशल मीडिया पर आया तो रेलवे ने मामले की पूरी जांच की। चलती ट्रेन से कूड़ा फेंकने वाले कर्मचारी की पहचान कंचन लाल के रूप में हुई। ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी के खिलाफ रेलवे ने कड़ा एक्शन लिया। कंपनी को सफाई कॉन्ट्रैक्ट के पारा 9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके लिए प्रयागराज मंडल द्वारा ठेकेदार पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गलती होती है तो और अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर कंपनी ने रेलवे को सफाई में कहा कि 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक स्पेशल में कंचनलाल की ड्यूटी लगाई गई थी। उसे ट्रैक पर कचरा न फेंकने संबंधी हिदायत भी दी गई थी, लेकिन उसने काम पर लापरवाही बरती। इसके बाद सोशल मीडिया पर ए शिकायत के आधार पर उसे ड्यूटी से हटा लिया गया है। रेलवे ने ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली सभी कंपनियों को निर्देश दिया है कि सभी कर्मचारियों को इधर-उधर कूड़ा निस्तारण न करने और चलती ट्रेन से कचरा न फेंकने के संबंध में प्रशिक्षित करें, कचरा कलेक्ट करने के लिए उन्हें बड़ा बैग दें और सारे कचरे को इकट्ठा करके नामांकित स्टेशन अथवा गाड़ी के समापन वाले स्टेशन पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट में जमा करें।

इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा जागरुकता सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा रिवेंटिव हेल्थ चेक अप कैंप के अंतर्गत बेसिक लाइफ सपोर्ट एजुकेशन के बारे में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

तेजस्वी यादव का सपना मुख्यमंत्री बनना है : ललन सिंह

राजद लालू परिवार तक ही सीमित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने गुरुवार को राजद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तेजस्वी यादव का सपना मुख्यमंत्री बनना है। सपना देखना बुरी बात नहीं, लेकिन बिहार की जनता ने उनके माता-पिता के 15 साल के शासन को देखा है। उनके शासन काल में कानून-व्यवस्था नाम की चीज नहीं थी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने 15 साल राज किया और चारा घोटाले में जेल जाने की नौबत आने पर अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया और अब अपने पुत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी पार्टी परिवार तक ही सीमित रही-पति, पत्नी और पुत्र। उनके शासन में सड़कों, बिजली और कानून व्यवस्था का अभाव था जबकि नीतीश कुमार ने सड़कों का जाल बिछाया, हर गांव तक बिजली पहुंचाई और सुशासन कायम किया। दरअसल, पिछले दिनों तेजस्वी ने बिहार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान लालू-राबड़ी राज में बिहार में विकास के कई मानक स्थापित होने का दावा किया था। वहीं नीतीश कुमार के शासन काल में विकास नहीं होने की बातें कही थी। उन्होंने यहां तक कहा कि नीतीश कुमार 20 साल पुरानी बातों को दोहराते हैं जबकि उन्हें अपने कामकाज के बारे में बताना चाहिए। तेजस्वी के इन्हीं आरोपों पर ललन सिंह ने कहा कि राजद का मतलब ही पार्टी परिवार तक ही सीमित रही-पति, पत्नी और पुत्र।

बख्तियारपुर बने नीतीश नगर , औरंगाबाद बने रामनगर : हरिभूषण ठाकुर

बिहार में शहरों के नाम बदलने की मांग तेज, भाजपा विधायक ने उठाई आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में ऐतिहासिक शहरों के नाम बदलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने बख्तियारपुर, औरंगाबाद और बिहार शरीफ जैसे शहरों का नाम बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि मुगल और इस्लामिक शासकों के नाम पर बसे शहरों का नाम बदलकर ऐसे नाम रखे जाने चाहिए जो बिहार की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को दर्शाएं। हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि बख्तियारपुर का नाम बदलकर नीतीश नगर रखा जाना चाहिए क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी इलाके से आते हैं और उन्होंने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को जलाकर बर्बाद कर दिया था, इसलिए उनके नाम पर किसी भी स्थान का नाम नहीं रहना चाहिए। विधायक ने औरंगाबाद का नाम बदलकर राम नगर रखने की भी मांग की। उनका कहना था कि यह शहर औरंगजेब के नाम पर रखा गया था जिसे भारतीय इतिहास में क्रूर शासक के रूप में देखा जाता है। इसलिए इस जिले का नाम हिंदू संस्कृति के अनुरूप बदला जाना चाहिए। हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि वह अपनी इस मांग को बिहार सरकार और केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश में कई स्थानों के नाम बदले गए हैं, इसलिए बिहार के ऐतिहासिक शहरों के नाम भी बदले जाने चाहिए। बिहार में नाम परिवर्तन की यह मांग कोई नई नहीं है, लेकिन अब यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता दिख रहा है। देखना होगा कि इस पर राज्य सरकार और प्रशासन क्या रुख अपनाते हैं।

अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

मसौढ़ी (नबिटा सं.)। धनरूआ में दरधा नदी से अवैध रूप से मिट्टी खनन धड़ल्ले से हो रहा है, ऐसे में लगातार मिल रहे शिकायत को देखते हुए धनरूआ पुलिस अवैध खनन को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही है, गुरुवार को धनरूआ थाना क्षेत्र के मूसाना पर से दरधा नदी से खनन कर गौरीचक जाने के दौरान पुलिस ने मिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर को जब्त किया है, वहीं चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि कई जगह से अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो रहा है लगातार कार्रवाई हो रही है।

छोटे बच्चों ने भी रखा रोजा, मुल्क की सलामती की मांगी दुआ

नवबिहार टाइम्स
संवाददाता/शशि तुलस्यान

मसौढ़ी। माहे रमजान का पाक महीना चल रहा है। मुस्लिमों का पवित्र महीना रमजान को लेकर मुस्लिम समुदाय के हर घर में इन दिनों इबादत का दौर चल रहा है, बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी रोजा कर रहे हैं। मसौढ़ी के मलिकाना, पुरानी बाजार, तारेगना डीह और रहमतगंज मोहल्ले में इस बार छोटे-छोटे बच्चों ने रोजा रखा और अपने परिवार और मुल्क की सलामती की दुआ मांगा है। कहते हैं कि हर रोजेदारों के लिए रमजान का यह महीना, इबादत का महीना है, कहा जाता है कि एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सबाब मिलता है। बच्चे हो या बड़े सभी उत्साह के साथ रोजा रखते हैं। एक ओर जहां बड़े-बड़े लोग रोजा रख रहे हैं, वहीं छोटे-छोटे रोजेदार भी रोजा रख कर इबादत कर रहे हैं। मसौढ़ी के पुरानी बाजार, संगत पर मोहल्ला, मालिकाना मोहल्ले, रहमतगंज मोहल्ले में छोटे-छोटे रोजेदारों ने रोजा रखा, इस दौरान रोजा रख रहे इलतुतमिस जफिर, आयशा प्रवीण, इस्मत प्रवीण, खुशबू प्रवीण, शमसाद अली आदि ने कहा कि रोजा रखकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है।

बजट के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ में भाकपा माले की ओर से बिहार बजट के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया, यह प्रतिवाद मार्च धनरूआ भाकपा माले कार्यालय से निकलकर बाजार होते हुए बढ़िहा मोड़ पर नुक्कड़ सभा किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए माले धनरूआ प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान ने कहा कि बिहार बजट में गरीबों किसानों से बेईमानी किया गया है, संघर्षरत आशा आंगनबाड़ी, जीविका, रसोइया, सफाई कर्मी, डाटा ऑपरेटर, किसान अपनी मांगों को लेकर बिहार सरकार के प्रति टकटकी लगाए हुए थे। पर उन लोगों को बजट में धोखा मिला है। इसके अलावे विकलांग, विधवा पेंशनधारी को 20वर्षों से मात्र 400 पेंशन मिलते आ रहा है। बिहार सरकार तमाम पेंशनधारियों को अपने बजट में धोखा दिया है, नुक्कड़ सभा में कामरेड वीरेंद्र प्रसाद, कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड खुर्शीद अंसारी, कॉमरेड सिद्धेश्वर दास, कामरेड दीपक पासवान, कामरेड उपेंद्र मांझी, कामरेड कमलेश यादव, कामरेड रामजीवन पासवान, समेत दर्जनों कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

होली पर रेलवे का तोहफा : दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने कोलकाता-पुरी सहित कई अन्य मार्गों पर विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें सीमित तिथियों में चलाई जाएंगी जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।

कोलकाता-पुरी विशेष ट्रेन

03101 कोलकाता-पुरी विशेष ट्रेन 13, 18 और 20 मार्च को रात 11:50 बजे कोलकाता से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:35 बजे पुरी पहुंचेगी। वापसी में, 03102 पुरी-कोलकाता विशेष ट्रेन 14, 19 और 21 मार्च को दोपहर 3:30 बजे पुरी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन तड़के 2:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह ट्रेन अंदुल, खड़गपुर और बालेश्वर स्टेशनों पर रुकेगी। होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया है।

चेन्नई सेंट्रल-सांतरागाछी विशेष ट्रेन (06077/06078)

06077 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-सांतरागाछी विशेष ट्रेन 8 और 12 मार्च को रात 11:45 बजे चेन्नई से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 7:15 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में, 06078 सांतरागाछी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल विशेष ट्रेन 10 और 14 मार्च को सुबह 9:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 3:30 बजे चेन्नई पहुंचेगी। यह ट्रेन बालेश्वर और खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

पोदानूर-बेगूसराय विशेष ट्रेन (06055/06056)

06055 पोदानूर-बाराठगक्र विशेष ट्रेन 8 और 15 मार्च को सुबह 11:45 बजे पोदानूर से चलेगी और तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे बाराठगक्र पहुंचेगी। वापसी में, 06056 बारा-पोदानूर विशेष ट्रेन 11 और 18 मार्च को रात 11:45 बजे रवाना होकर चौथे दिन तड़के 3:45 बजे पोदानूर पहुंचेगी। यह ट्रेन झारसुगुड़ा, राउरकेला, नुआगांव, हटिया, रांची, मुरी और बोकारो स्टील सिटी में रुकेगी।

गोंदिया-पटना विशेष ट्रेन (08897/08898)

08897 गोंदिया-पटना विशेष ट्रेन 11 और 12 मार्च को सुबह 11:00 बजे गोंदिया से रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, 08898 पटना-गोंदिया विशेष ट्रेन 12 और 13 मार्च को दोपहर 12:30 बजे पटना से चलेगी और अगले दिन दोपहर 2:30 बजे गोंदिया पहुंचेगी। यह ट्रेन भी झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी और बोकारो स्टील सिटी में रुकेगी।

मालदा टाउन-चार्लापल्ली विशेष ट्रेन (03430/03429)

03430 मालदा टाउन-चार्लापल्ली विशेष ट्रेन 18 मार्च को शाम 6:10 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 4:00 बजे चार्लापल्ली पहुंचेगी। वापसी में, 03429 चार्लापल्ली-मालदा टाउन विशेष ट्रेन 20 मार्च को शाम 4:50 बजे चलेगी और तीसरे दिन सुबह 5:10 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन अंदुल, खड़गपुर और बालेश्वर में ठहरेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष ट्रेनों में अपनी यात्रा के लिए अग्रिम आरक्षण कराएं और सफर के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें।

कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

22 वीं पुण्यतिथि पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पुनपुन के कामेश्वर सिंह चौक परिसर में दिवंगत कामेश्वर प्रसाद सिंह की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर अमनौर विधायक सह मंत्री कृष्ण कुमार मंटू पटेल ने कहा कि कामेश्वर प्रसाद सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। इनका कार्य हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहा जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। इसके पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने कामेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुनपुन के चिनियाबेला निवासी कामेश्वर सिंह की 22 वर्ष पूर्व पुनपुन में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कामेश्वर सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे और वर्ष 2006 में उन्होंने पुनपुन में कामेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण खुद किया था। दिवगंत कामेश्वर सिंह के बड़े भाई - सुमेश्वर सिंह, अंजनी सिंह, कामेश्वर सिंह के पोता, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू पटेल, पूर्व मंत्री श्याम रजक, एमएलसी रवीन्द्र सिंह, पूर्व विधान पार्षद वालमीकि सिंह, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, अशोक सिंह जिलाध्यक्ष ग्रामीण, ओम सिंह, शत्रुघ्न पासवान, बंटी चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर क्षेत्र का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) द्वारा पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गुवाहाटी, असम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था केंद्रीय होटल प्रबंधन खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान हाजीपुर को क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में संघ सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2023-24 के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। सम्मेलन में बिजुली कलिता मेधी सांसद सदस्य, गुवाहाटी, दिलीप सैकिया सांसद सदस्य, उदालगुरी, अंशुली आर्य (सचिव, राजभाषा विभाग), डॉ. मीनाक्षी जॉली (संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग) आदि की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री असम हेमंत बिस्वा सरमा तथा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के करकमलों द्वारा पुलक मंडल (प्राचार्य, होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर) को शील्ड तथा मुर्तजा कमाल (सहायक प्रशासनिक अधिकारी सह राजभाषा अधिकारी) को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 5 मार्च को गुवाहाटी में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदी के महत्व पर जोर दिया, न केवल भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में, बल्कि एक ऐसी एकीकृत शक्ति के रूप में भी जो सभी भारतीयों के दिलों में गूंजती है।

संपादकीय

फिर राजनीतिक दल जीत के लिए मुफ्त की लोकलुभावन घोषणाएं क्यों करते हैं?

पिछले कुछ समय से ऐसा लगता है कि जो नेता आम लोगों के समर्थन से राजनीति, सत्ता और तंत्र में अपनी जगह बनाते हैं, वे बाद में किसी समस्या के लिए जनता को ही कठघरे में खड़ा करना शुरू कर देते हैं। आए दिन अलग-अलग पार्टियों से जुड़े नेता बिना सोचे-समझे ऐसे बयान दे देते हैं, जो कई लिहाज से आपत्तिजनक होता है। पद या सत्ता का सुरक्षित घेरा मिल जाने के बाद आम लोगों की अहमियत को नकार देना और दुखी या अपमानित करने वाले बयान देना एक बड़ी राजनीतिक विडंबना है।गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि लोगों को मांगने की आदत पड़ गई है, अब तो वे सरकार से भीख मांगने के भी आदी होने लगे हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने यह भी कहा कि हमेशा लेने के बजाय देने की मानसिकता विकसित करें। संबंधित मंत्री का इस तरह का बयान वैसे समय में आया है, जब देश भर में सरकारों द्वारा जनता को दी जाने वाली मुफ्त की सौगातों की होड़ बहस के घेरे में है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि चुनावी जीत हासिल करने के लिए सरकार बनने पर कई तरह की सुविधाएं और सेवाएं मुफ्त मुहैया कराने का आखिर क्या औचित्य है! सवाल है कि जिस नेता को मुफ्त सुविधाओं पर आपत्ति है, क्या वे देश की अन्य पार्टियों के साथ-साथ अपनी पार्टी के सामने ईमानदारी से यह सवाल रख सकेंगे कि वे चुनावों में जीत के लिए मुफ्त की सौगात की लोकलुभावन घोषणाएं क्यों करती हैं? जनता आज अगर सरकारों की ओर से कोई चीज या सेवा मुफ्त में मिलने की उम्मीद करने लगी है, तो इसके पीछे मुख्य कारण यही है कि बीते कुछ वर्षों से चुनावी जीत के लिए नेताओं के मुफ्त की सौगात देने के वादे हैं। ऐसे में केवल जनता पर सवाल उठाने के बजाय जरूरत है कि नेता अपनी और पार्टियों की ओर झांकें, जो जनता को रोजगार देने या उन्हें सक्षम बनाने की वकालत करने के बजाय मुफ्त सुविधाएं और तोहफे देने की होड़ में लगी हैं।

ट्रंप करेंगे बड़ा धमाका, नाटो के अलावा यूएन -आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से भी बाहर निकलेगा अमेरिका

हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार रात को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले हैं, जहां उनकी पार्टी के पास दोनों सदनों में बहुमत है। हम आपको बता दें कि नाटो से बाहर आने के लिए तो अमेरिका में कई सांसदों की ओर से सार्वजनिक रूप से बयान भी दिये जाने लगे हैं। रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने नाटो को शीत युद्ध अवशेष के रूप में वर्णित करते हुए तर्क दिया है कि यह यूरोप को असंगत रूप से लाभ पहुंचाता है। माइक ली काफी समय से नाटो की आलोचना करते रहे हैं। वह कहते रहे हैं कि यह गठबंधन यूरोप के लिए एक बड़ा सौदा है लेकिन अमेरिका के लिए एक कच्चा सौदा है। उन्होंने हाल ही में एक्स पर लिखा था- हमें नाटो से बाहर निकालो। उन्होंने पिछले महीने अन्य सांसदों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलने का आग्रह किया गया था और इस वैश्विक संस्था को अत्याचारियों के लिए एक मंच और अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने का स्थान बताया गया था।

(नीरज कुमार दुबे)



इस समय विभिन्न वर्गों के बीच सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका नाटो से बाहर निकलने का विकल्प चुन रहा है? दरअसल एलन मस्क द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके लिए अपना समर्थन साझा करने के बाद हर कोई यही सवाल पूछ रहा है।

अमेरिका का राष्ट्रपति पद दोबारा संभालने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह सरकार के खर्चों को कम करने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठा रहे हैं उस कड़ी में कुछ और कड़े कदम भी उठाये जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप के सहयोगी उनको इस बात के लिए मनाने में सफल होते दिख रहे हैं कि अमेरिका को नाटो और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसे संस्थानों से भी बाहर निकल जाना चाहिए। हालांकि ट्रंप कोई भी फैसला करने से पहले तमाम मुद्दों पर विचार कर रहे हैं लेकिन वह इस बात के प्रबल पक्षधर हैं कि उनकी ओर से चलाये गये मागा अभियान के तहत देश को उन गठबंधनों या संस्थाओं से बाहर आना चाहिए जो अमेरिकी हितों का ख्याल नहीं करते हैं।

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क जिन्हें अमेरिका के सरकारी खजाने से हो रहे फिजूलखर्च को रोकने के लिए बनाये गये सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का प्रमुख बनाया गया है, उन्होंने सोशल मीडिया की जानी मानी हस्ती गुंथर ईगलमैन के उस सुझाव का समर्थन किया है जिन्होंने कहा था- यह नाटो और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) छोड़ने का समय है। इसके बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक संदेश के साथ रहस्य को और बढ़ा दिया, उन्होंने कहा, कल की रात बड़ी होगी। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार रात को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले हैं, जहां उनकी पार्टी के पास दोनों सदनों में बहुमत है।

हम आपको बता दें कि नाटो से बाहर आने के लिए तो अमेरिका में कई सांसदों की ओर से सार्वजनिक रूप से बयान भी दिये जाने लगे हैं। रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने नाटो को शीत युद्ध अवशेष के रूप में वर्णित करते हुए तर्क दिया है कि यह यूरोप को असंगत रूप से लाभ पहुंचाता है। माइक ली काफी समय से नाटो की आलोचना करते रहे हैं। वह कहते रहे हैं कि यह गठबंधन यूरोप के लिए एक बड़ा सौदा है लेकिन अमेरिका के लिए एक कच्चा सौदा है। उन्होंने हाल ही में एक्स पर लिखा था- हमें नाटो से बाहर निकालो। उन्होंने पिछले महीने अन्य सांसदों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलने का आग्रह किया गया था और इस वैश्विक संस्था को अत्याचारियों के लिए एक मंच और अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने का स्थान बताया गया था। इसके अलावा ट्रंप के वफादार माने जाने वाले मार्जोरी टेलर ग्रीन भी नाटो से अमेरिका की वापसी का आह्वान करने वालों में से हैं। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप ने पहले भी धमकी दी थी कि यदि अन्य सदस्य अपने रक्षा खर्च को बढ़ाने में विफल रहे तो नाटो को रूसी बस के नीचे फेंक दिया जाएगा। उन्होंने एक बार चेतावनी देते हुए कहा था, वास्तव में, मैं उन्हें (रूस को) जो कुछ भी वे करना चाहते हैं उसे करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। आपको भुगतान करना होगा। आपको अपने बिलों का भुगतान करना होगा। ऐसी ही राय कई अन्य सांसदों, विधायकों ने भी व्यक्त की है। इस तरह देखा जाये तो अब एलन मस्क अमेरिका के नाटो सैन्य गठबंधन से बाहर निकलने के समर्थन में बयान देने वाले अकेले व्यक्ति नहीं रह गये हैं क्योंकि कई रिपब्लिकन सांसदों ने नाटो में अमेरिका की सदस्यता पर सवाल उठाया है, कुछ ने तो इस गठबंधन से तत्काल बाहर निकलने की मांग तेज कर दी है। इस बीच, यह सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका नाटो से बाहर निकलने का विकल्प चुन रहा है? दरअसल एलन मस्क द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके लिए अपना समर्थन साझा करने के बाद हर कोई यही सवाल पूछ रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की सलाह पर ध्यान दिया तो अमेरिका और दुनिया के लिए इसका क्या मतलब होगा? इन सवालों का जवाब देने से पहले नाटो के बारे में ट्रंप के रुख को समझना जरूरी है। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सैन्य गठबंधन के आलोचक रहे हैं। जब वह पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़े थे तब भी उन्होंने इस गठबंधन को अप्रचलित बताया था और अगस्त 2019 में तो उन्होंने यहां तक कहा था कि नाटो मर चुका है। अपने दूसरे कार्यकाल में भी ट्रंप नाटो के आलोचक रहे हैं। पद संभालने के कुछ ही दिनों बाद, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस गठबंधन के सदस्यों की रक्षा कर रहा था, लेकिन वे हमारी रक्षा नहीं कर रहे थे। उन्होंने नाटो सदस्यों को अपने सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने के लिए कहा। अभी नाटो सदस्य अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत ही रक्षा पर खर्च करते हैं जिससे अमेरिका नाराज है। ट्रंप की शिकायत है कि अमेरिका अपने बजट से नाटो में बहुत अधिक योगदान देता है जबकि यूरोपीय संघ के सदस्य रक्षा पर बहुत कम खर्च करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका नाटो के वार्षिक बजट का लगभग छठा हिस्सा योगदान देता है।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प नाटो और संयुक्त राष्ट्र से हट सकते हैं? इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ट्रंप ऐसा करते हैं तो अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए कानूनी रूप से सिरदर्द पैदा हो जाएगा। दरअसल नाटो से बाहर निकलने के राष्ट्रपति के फैसले के लिए या तो दो-तिहाई सीनेट की मंजूरी होनी चाहिए या फैसले को कांग्रेस के एक अधिनियम के माध्यम से अधिकृत होना चाहिए। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहें तो इस नियम को दरकिनार कर सकते हैं लेकिन यदि उन्होंने ऐसा किया तो उन्हें कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

वहीं संयुक्त राष्ट्र की बात करें तो आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर एक बाध्यकारी संधि है, जिसमें स्वैच्छिक वापसी का कोई प्रावधान नहीं है। यहां यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि अमेरिका उन पांच देशों में शामिल है जिनको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो पावर वाली स्थायी सदस्यता हासिल है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमेरिका वीटो पावर वाली सदस्यता को छोड़ना चाहेगा? सवाल यह भी उठता है कि क्या सदस्यता छोड़ने के बाद यदि अमेरिका पुनः इस विश्व संस्था में लौटा तो उसे आसानी से स्थायी सदस्यता और वीटो शक्ति फिर से मिल पायेगी? हम आपको यह भी बता दें कि संयुक्त राष्ट्र के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि मलेशिया के सुरक्षा परिषद में चुने जाने के विरोध में 1965-66 तक संयुक्त राष्ट्र से हटने वाला इंडोनेशिया एकमात्र देश था। हालाँकि, वे 1966 में वापस आ गए थे। इसके अलावा यदि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलता है तो इससे इस विश्व निकाय की फंडिंग पर भी असर पड़ेगा क्योंकि अमेरिका ही इस संस्था का सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र से ट्रंप का हटना अमेरिका के उन सिद्धांतों को भी नष्ट कर देगा जिसके चलते अमेरिकी भूमि पर ही इस संस्था की स्थापना की गयी थी। हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप प्रशासन पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हट चुका है, जिसका असर वैश्विक स्वास्थ्य पर पड़ा है।

इसके अलावा, यदि अमेरिका नाटो और संयुक्त राष्ट्र से बाहर आ जाता है तो इसके प्रभाव स्वरूप यूरोप तुरंत संभावित रूसी हमले के निशाने पर आ जायेगा। इसके अलावा यूक्रेन के लिए रक्षा आपूर्ति पूरी तरह खत्म हो जाएगी और उसके समक्ष रूस के साथ संघर्षविराम की स्थिति नहीं बल्कि आत्मसमर्पण की परिस्थिति होगी। इसके अलावा, अमेरिका के नाटो छोड़ने की संभावना कई यूरोपीय देशों को अपने सैन्य संसाधनों पर बेशुमार खर्च बढ़ाने के लिए मजबूर कर देगी। वहीं, यदि अमेरिका ने नाटो को छोड़ दिया तो इससे अमेरिका को यह नुकसान होगा कि यूरोप, अफ्रीका या पश्चिम एशिया में उसकी उपस्थिति नहीं रहेगी और दुनिया भर में कई सैन्य अड्डों तक उसकी पहुँच खत्म हो सकती है। इससे अमेरिका को यह भी नुकसान होगा कि कई देश रूस या चीन के करीब आ जायेंगे। बहरहाल, देखना होगा कि अपने सहयोगियों के सुझावों पर ट्रंप क्या फैसला लेते हैं। लेकिन एक चीज तो स्पष्ट है कि यदि अमेरिका नाटो, संयुक्त राष्ट्र, आईएमएफ या विश्व बैंक से बाहर निकलता है तो वह निश्चित रूप से वैश्विक मामलों पर अपनी पकड़ खो देगा और चीन को सशक्त बना देगा। वैश्विक संस्थाओं से अमेरिका की वापसी तमाम देशों को चीन की कक्षा में धकेल देगी, जिससे दुनिया में अमेरिका की बादशाहत कम हो जायेगी। हाँ, ट्रंप के इन कदमों से अमेरिका को यह फायदा जरूर होगा कि उसके पैसे काफी बच जाएंगे। लेकिन सवाल उठता है कि क्या पैसे बचाने के लिए दुनिया का बॉस समझा जाने वाला देश अलग-थलग पड़ जाने का रिस्क उठायेगा?

तब खुद-ब-खुद तैयार हो जायेगा विकसित भारत का कारवां



शेख तंजीला नाज़

विकसित भारत का नारा देशभर में गूंज रहा है। इस निमित्त सरकार विकास की अनेक योजनाएं चला रही हैं। सड़क, सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में लगातार कार्य हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण को लेकर सरकार बहुत गम्भीर दिख रही है। ये सभी विकसित भारत की दिशा में सुन्दर संकेत दे रहे हैं।

आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तीकरण एक विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां देखो, लोग नारी की चर्चा करते मिलते हैं। कहते हैं, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते है। नारी सशक्ती- -करण के लिए सबसे पहले जरूरी है नारी के प्रति समाज को जागरूक करना। उन्हें समाज में वह इज़्ज़त दिलानी होगी, जिसकी वह पहले से ही हक़दार हैं। इससे आगे बढ़ें, तो महिलाओं का शिक्षित होना सशक्तीकरण का पहला पायदान है। शिक्षा से ही महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे बढ़ पाती हैं।

सदियों से हम कहते-सुनते आये हैं कि यदि घर-परिवार में एक महिला पढ़ी-लिखी हो, तो उस परिवार के पूरे लोग पढ़ लिख जायेंगे। महिलाओं ने इसे सच करके भी दिखाया है।

सभी जानते हैं कि सदियों पहले, लाखों-लाख महिलाएं ऐसी थीं, जिन्हें पढ़ना लिखना नहीं आता था। मगर, वे अपने घर-परिवार को पूरी ताकत से और बहुत ही सलीके से सम्भालती थीं।

तब इतने संसाधन भी नहीं थे। फिर भी हर काम वक्त पर और करीने से कर लिया जाता था।

बहरहाल, बदलते समय के साथ महिलाएं भी बदलीं। आज वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं, बल्कि हर मैदान में अपनी फतेह का परचम लहराया है। चाहे वह खेल का मैदान हो, राजनीति हो,नौकरी, सोशल वर्क ,ज्यूडिशियरी या बड़े पद पर आसीन होने के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर भी महिलाएं, कई सारी पदों पर विराजमान है,मिसाल के तौर पर देखा जाए तो

ग्रामीण महिलाएं सरकार के तमाम योजना से जुड़ कर काम कर रहीं है। आंगनबाड़ी हो या फिर स्वास्थ्य क्षेत्र हो हर क्षेत्र में इन्होंने परचम लहराया है।

अब हालात के साथ वक्त भी बदल गया है, आज महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं वो जहाज़ उड़ाने से लेकर चांद के पार तक सफ़र कर चूंकि है,और इन सब को करने में सरकार का काफ़ी योगदान रहा है, सरकार ने हर मैदान में महिलाओं को आगे रखा है, कल तक जिसे बहुत कुछ नहीं आता था आज वो भी एक सफ़ल कार्य कर अपने घरों को चला रही है, खास कर देखा जाए तो बगैर पढ़ी लिखी महिलाएं भी आज एक सफ़ल बिजनेस वूमेंस बन कर उभर रहीं हैं या यूं कहें उभरी हैं,क्योंकि सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई है उसमें सबसे ज़्यादा भागीदारी महिलाओं का ही रहा है,चाहे वो शहरी इलाका हो या ग्रामीण स्तर।

ऐसे देखा जाए तो ग्रामीण महिलाएं आज बहुत ही आगे है,क्योंकि वो तरह तरह के रोज़गार से जुड़ीं कर अपना आजीविका चला रही है।

और ये तमाम बातें हमें विकसित भारत की ओर ले जा रहा है,हमारे सपने साकार हुए हैं ,

केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अच्छे कदम उठाये हैं।

सरकारी योजनों से उन्हें लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा ऋण, उज्ज्वला योजना समेत अन्य कई योजनाएं इस बाबत उल्लेखनीय हैं। ये सभी स्वागत-योग्य कदम हैं।

लेकिन, विकसित भारत की राह हमारी तब और आसान हो जायेगी, जब गरीबी-बेरोजगारी के खिलाफ भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाये। यह अत्यन्त आवश्यक है।

रोजी-रोटी की समस्या सुलझती रहे, तो हमारा कार्य और सुगम हो जायेगा। इन सबके बीच जो सबसे आवश्यक बिन्दु है, वह है सौहार्द का सशक्तीकरण।

प्रेम और भाईचारे को मजबूती देकर ही यह सम्भव है। पूरी दृढ़ता के साथ कहा जा सकता है कि जब सौहार्द का सशक्तीकरण हो जायेगा, विकसित भारत का कारवां तब खुद ब-खुद तैयार हो जायेगा।

(लेखिका रांची की वरिष्ठ पत्रकार हैं)

तमिलनाडु में भी उठी हिंदी समर्थक आवाज

हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोली-बानियों और छोटी भाषाओं के अस्तित्व को उसने निगल लिया है। स्टालिन का यह कहना कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, अंगिका आदि भाषाओं के अस्तित्व को नष्ट कर दिया है, उसी आरोपबाजी का विस्तार है।

(उमेश चतुर्वेदी)

महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी।

संस्कृति का उपादान और उसके नैरंतर्य का जरिया होने की वजह से भाषाएं उन लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा होती हैं, जो उन्हें प्राथमिक जुबान के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु की इसी भावना का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अब हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। यही श्रीधर वेंबु खुलेतौर पर कहने लगे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं।

श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोली-बानियों और छोटी भाषाओं के अस्तित्व को उसने निगल लिया है। स्टालिन का यह कहना कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, अंगिका आदि भाषाओं के अस्तित्व को नष्ट कर दिया है, उसी आरोपबाजी का विस्तार है। जबकि हकीकत यह है कि हिंदी ने अपने हृदय प्रदेश की किसी भी भाषा के अस्तित्व को कोई चोट नहीं पहुंचाई है। उलटे हिंदी इन भाषाओं के बीच संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है। वह उन भाषाओं से शब्दों को लेकर समृद्ध भी हो रही है। अवधी, भोजपुरी, बैसवाड़ी या ब्रजभाषी जब अपने भाषा समुदाय से दूर के लोगों से मिलतें हैं, उनके सहज संवाद की भाषा हिंदी होती है। इस संवाद प्रक्रिया में वह हर भाषा से




कुछ शब्द लेती है, उन्हें दोनों के बीच के कड़ी के रूप में स्थापित करती है और इस तरह खुद भी समृद्ध होती है और अपनी बोली या उपभाषाओं को भी ताकतवर बनाती है।

महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। गांधी जी का सपना था कि तमिल और तेलुगू जैसे अहिंदीभाषी इलाकों के हिंदी को ना सिर्फ सीखें, बल्कि हिंदी को लेकर अपने राज्यों में माहौल बनाएं। गांधी जी का वह सपना सौ साल से अधिक वक्त के बाद सच होता नजर आ रहा है। श्रीधर वेंबू जैसे घोर तमिलभाषी व्यक्ति का हिंदी के समर्थन में सामने आना और उनके साथ तमिलनाडु ही नहीं, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना आदि के लोगों का खड़ा होना मामूली बात नहीं है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु के आम जन की जो छवि कम से कम उत्तर भारत में बनी है, तमिलनाडु से हिंदी के समर्थन में उठने वाली ये आवाजें उसे खंडित कर रही हैं। श्रीधर वेंबु जैसी महत्वपूर्ण स्वरों का हिंदी के समर्थन में उठना तमिलनाडु के आमजनों की कथित हिंदी विरोधी छवि का भी जवाब है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे आर्थिक विचारक एस गुरूमूर्ति तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक हलके की महत्वपूर्ण आवाज हैं। लेकिन हिंदी को लेकर तमिलनाडु में जो सामान्य धारणा रही है, उसकी वजह से हिंदी समर्थक उनके सुर को तमिल माटी में तवज्जो देने से बचा जाता रहा है। लेकिन श्रीधर वेंबु की आवाज और उनके समर्थन में सोशल मीडिया मंचों पर उमड़े युवा स्वरों ने गुरूमूर्ति की हिंदी समर्थक आवाज को ताकत दी है। गुरूमूर्ति भी खुलकर हिंदी विरोधी राजनीति के खिलाफ अपने तर्क दे रहे हैं और उन तर्कों को तमिलनाडु में ध्यान से सुना-पढ़ा जा रहा है। हिंदी का समर्थन करते हुए श्रीधर यह भी कह रहे हैं कि उनकी कंपनी का कामकाज तमिलनाडु की तुलना में दूसरे राज्यों में ज्यादा है। जहां उनकी कंपनी अपने तमिल अधिकारियों और प्रोफेशनल को भेजने में हिचकती है, क्योंकि वे दूसरे राज्यों में सहज संवाद विशेषकर जमीनी स्तर पर नहीं कर पाते। 1965 में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन हुआ था। उसकी वजह यह थी कि संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी को राजकाज की भाषा का स्थान लेने के लिए पंद्रह साल की अवधि 25 जनवरी 1965 को पूरी हो रही थी। तब क्षेत्रीय द्रविड़ राजनीति को हिंदी विरोध में अपनी राजनीतिक राह दिखी। तमिल उपराष्ट्रीयता को उन्होंने हिंदी विरोध के नाम उभारा और स्थानीय लोक को अपने पक्ष में लामबंद किया। इसकी वजह से भारत सरकार को हिंदी को राजकाज की भाषा बनाने के संवैधानिक आग्रह को अनंत काल के लिए कानूनी तौर पर टालना पड़ा। इन अर्थों में तमिलनाडु का हिंदी विरोधी आंदोलन सफल कहा जाएगा। उसी वक्त से तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू नहीं है, जबकि तकरीबन समूचे देश में पढ़ाई के लिए त्रिभाषा यानी स्थानीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई की सुविधा लागू है। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति में फिर से प्राथमिक स्तर से ही त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने की बात की गई है और स्टालिन का हिंदी विरोध इसी फॉर्मूले के विरोध के साथ उभरा है।

तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों से हिंदी भले ही दूर हो, लेकिन सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम लागू करने वाले विद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। अखिल भारतीय नौकरियों के मद्देनजर स्थानीय लोग अपने बच्चों को सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में पढ़ा तो रहे ही हैं, बच्चों को अलग से हिंदी की कोचिंग भी दिला रहे हैं। गुरूमूर्ति के अनुसार, तमिलनाडु में सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में साठ लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जबकि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों में करीब 83 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों के बच्चे हिंदी से दूर हैं, जिनकी संख्या सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों का करीब एक सौ बीस गुना ज्यादा है। तमिलनाडु की आज की प्रौढ़ हो चुकी पीढ़ी में एक वर्ग ऐसा भी है, जो सोचता है कि हिंदी विरोधी आंदोलन में हिस्सा लेकर उसने गलती की। इस गलती को सुधारने के लिए वह पीढ़ी अपने बच्चों को हिंदी से घृणा करना सीखने-सिखाने से बचती है। इसके अलावा दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा अब तक सवा दो करोड़ से ज्यादा लोगों को हिंदी सिखा और पढ़ा चुकी है। इसी साल उससे जुड़े विद्यार्थियों की संख्या पांच लाख से कुछ ज्यादा ही है। अब तमिलनाडु में ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो हिंदी के समर्थन में आवाज उठाते हैं। ऐसे लोगों में ज्यादातर वे हैं, जिन्होंने तमिलनाडु के बाहर भारतीयों के बीच संपर्क और संवाद के रूप में हिंदी को सहज पाया है और खुद हिंदी ना जानने की वजह से एक हद तक खुद को लाचार समझते रहे हैं।



हार्ट में ब्लॉकेज क्यों होता है?


बदलती जीवनशैली और खान-पान के चलते कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बना रहता है। इनमें से एक है हार्ट में ब्लॉकेज होना। अक्सर लोगों का सवाल होता है कि आखिर हार्ट में ब्लॉकेज क्यों होती है? इसके लक्षण क्या नजर आते हैं? इन सभी सवालों का जवाब हम आपके हेल्थ एक्सपर्ट से लेकर आए हैं। आइए जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

हार्ट ब्लॉकेज क्यों होता है?

हार्ट ब्लॉकेज जिसे हम कोरोनरी आर्टरी डिजीज के नाम से जानते हैं, यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो खून देने वाली नड़ियों में रुकावट के कारण होती है। इस स्थिति में दिल को पर्याप्त मात्रा में खून और ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

एक्सपर्ट बताते हैं इस ब्लॉकेज का सबसे सामान्य कारण है एथेरोसिलेरोसिस। इसमें नाड़ियों के अंदर फैट्स, कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाते हैं। यह धीरे-धीरे नाड़ियोंको संकरी बना देता है, जिससे खून का प्रवाह बाधित हो जाता है। यह स्थिति अक्सर गलत खानपान, मोटापा और सेडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण होती है। एक्सपर्ट आगे बताते हैं कि कभी-कभी खून के थक्के नाड़ियों में रुकावट पैदा कर सकते हैं। यह खून के बहाव को पूरी तरह से रोक देते हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा हो जाता है। इसके अलावा कुछ नशीले पदार्थ जैसे स्मोकिंग करना, कोकीन नड़ियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे भी नाड़ियां संकरी हो जाती हैं जिससे खून का प्रवाह बाधित हो जाता है।

ज्यादा तनाव हार्ट को खून देने वाली नसों को अस्थाई रूप से संकरी कर सकता है। इसे कोरोनरी स्पैज्म कहा जाता है। इस स्थिति में भी हार्ट अटैक के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। कभी-कभी नाड़ियों की दीवार फटने से ब्लॉकेज हो सकता है। यह स्थिति खास करके प्रेगनेंसी या ज्यादा तनाव के दौरान हो सकती है इससे स्पॉन्टेनियस कोरोनरी आर्टरी डिसेक्शन कहा जाता है



हर वक्त बना रहता है स्ट्रेस तो तनाव से बचने के लिए अपनाएं ये सरल उपाय

स्ट्रेस से राहत पाने के लिए पेंटिंग, हाइकिंग, योग, रीडिंग और जर्नलिंग जैसी गतिविधियां बेहद मददगार हैं। ये न केवल मन को शांत करती हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक सेहत को भी मजबूत बनाती हैं। नेचर के बीच समय बिताने, किताब पढ़ने या अपनी भावनाएं लिखने से स्ट्रेस कम होता है और आप रिलेक्स महसूस करते हैं।

स्ट्रेस आज के जीवन का आम हिस्सा बन गई है। हर कोई स्ट्रेस, तनाव और चिंता से घिरा हुआ है। कई बार हम छोटी छोटी बातों के कारण काफी स्ट्रेस ले लेते हैं। हालांकि स्ट्रेस से आपके शरीर में भी काफी नुकसान हो सकता है। डॉ. के मुताबिक आप को कम से कम स्ट्रेस लेने की कोशिश करनी चाहिए। आप कुछ ऐसी गतिविधियों में खुद को शामिल कर सकते हैं जो स्ट्रेस को कम करने में आपकी मदद करें और आपको एनर्जी से भरें। आज हम आप को कुछ ऐसी ही गतिविधियों के बारे में बताने वाले हैं जो आपकी स्ट्रेस को कम करने में, आपके मूड को अच्छा बनाने में और आपको रिलेक्स करने में काफी मदद करेंगी। आप अपनी किसी भी हॉबी को उस समय कर सकते हैं जब आप को स्ट्रेस महसूस होती है। इससे आप थोड़े व्यस्त रहते हैं और चिंता कम करते हैं। आइए जान लेते हैं स्ट्रेस को कम करने वाली एक्टिविटीज के बारे में।

हाइकिंग

अगर आप को थोड़ा प्रकृति के बीच रहना पसंद है तो हाइकिंग करना आपके लिए एक काफी अच्छी गतिविधि हो सकती है। इससे आप का दिल काफी प्रसन्न होगा क्योंकि इसमें आप को खूबसूरत नजारे तो दिखेंगे ही साथ में आप को काफी एडवेंचर भी महसूस होगा। ताजा हवा और सन लाइट के बीच रहने से आप का दिमाग बहुत रिलेक्स होता है और आपका स्ट्रेस लेवल काफी कम हो सकता है। ऐसा करने से मूड को अच्छे करने वाले हार्मोन रिलीज होते हैं ताकि आप खुश रह सकें।

योग

योग करने से भी आप की स्ट्रेस दूर होती है और एक स्थिर मस्तिष्क आपको मिलता है। इसमें आप शारीरिक और मानसिक रूप से लगे हुए होते हैं और स्ट्रेस दूर करने की यह एक समग्र तकनीक है। जब भी आप को स्ट्रेस महसूस होती है तो थोड़ी देर योग कर लेना चाहिए। इससे आपकी मसल्स टेंशन दूर होती है। इसमें आप की सांस लेने की तकनीक पर भी फोकस किया जाता है जो आपके नर्वस सिस्टम के लिए लाभदायक होता है।

रीडिंग

कोई अच्छी किताब पढ़ना आप के दिमाग को काफी रिलेक्स कर सकता है इसलिए आप खाली समय में रीडिंग भी कर सकते हैं। अगर आप कोई फिक्शन की किताब पढ़ रहे हैं तो आप एक अलग ही दुनिया में खो जाते हैं जिससे आप को स्ट्रेस का अनुभव ही नहीं होता है। रीडिंग करने से आपकी सांस थोड़ी धीमी हो जाती हैं और हार्ट रेट भी कम हो जाता है। इससे आपका दिमाग भी अच्छे से काम करने लगता है।




जर्नलिंग

अगर आप अपने दिमाग में आने वाले विचारों और ख्यालों को एक किताब में लिख लेते हैं तो इससे आप को काफी शांत महसूस होता है। कई बार हम अपने जज्बातों को बाहर निकालना चाहते हैं लेकिन कोई हमारे पास नहीं होता इसलिए आप एक किताब में अपने सारे जज्बात लिख सकते हैं। ऐसा करने से आपको काफी स्ट्रेस फी महसूस होगा। अपनी सारी चिंताओं को आप एक किताब पर लिख कर उन्हें दूर कर सकते हैं।

पेंटिंग

पेंटिंग या ड्राइंग जैसी क्रिएटिव गतिविधि को करते समय आप का स्ट्रेस लेवल काफी कम होता है। इससे आप का दिमाग पूरी तरह से उस गतिविधि में लग जाता है और स्ट्रेस वाली बातें सोचने का आपको मौका ही नहीं मिल पाता है। इससे आप स्ट्रेस भरी दुनिया से एक प्रकार से अलग हो जाते हैं। ऐसा करने से आपके शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा कम होती है जोकि एक स्ट्रेस हार्मोन होता है। ड्राइंग या पेंटिंग करने के बाद नतीजे देख कर आपका मन और ज्यादा रिलेक्स और खुश होता है।



बिना नुकसान जानें खा रहे मेयोनेज़, मोटापा से लेकर शुगर-कोलेस्ट्रॉल के हो सकते हैं शिकार

मसाले किसी भी भोजन के स्वाद को बेहतर बनाने का काम करते हैं। अमेरिका में लोग मेयोनीज का इस्तेमाल जमकर करते हैं, ये बिना जाने कि इसके क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं। आइए जानते हैं मेयोनीज खाने से सेहत पर क्या असर पड़ता है।

अमेरिका में सरसों, सोया सॉस, हॉट सॉस, केचप, मेयोनेज़ सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले मसालों में से एक है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि मसालों के रूप में इस देश में सबसे ज्यादा मेयोनेज़ का सेवन किया जाता है। इसका सैंडविच, सलाद और दूसरे सॉस बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। मेयोनेज़ को मेनली अंडे की जर्दी यानी एग यॉक, तेल और सिरका या नींबू के रस से तैयार किया जाता है। आज के समय में मार्केट में वीगन और वेजिटेरियन मेयोनेज़ भी उपलब्ध हैं। लेकिन ट्रेडिशनल मेयोनेज़ हमेशा अंडे से ही बनाई जाती है। हालांकि मेयोनेज़ का अधिक सेवन सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है। आज हम इस आर्टिकल में मेयोनीज के नुकसान के बारे में बात करने जा रहे हैं।

डायबिटीज

मेयोनीज का अधिक सेवन शरीर में शुगर लेवल को भी बढ़ा सकता है। अगर आप रोजाना ज्यादा मात्रा में मेयोनीज खाते हैं तो इससे डायबिटीज होने के चांसेस बढ़ सकते हैं। ज्यादातर मेयोनीज का सेवन जंक फूड का सेवन किया जाता है, ऐसे में यह कॉम्बिनेशन आपके लिए और भी घातक हो सकता है।

मोटापा

मेयोनेज़ के अधिक सेवन के चलते आप मोटापा का शिकार हो सकते हैं। दरअसल, इसे बनाने में करीब 70%–80% ऑयल का इस्तेमाल होता है। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड की एक रिपोर्ट के मुताबिक,दुकान से खरीदी गई मेयोनेज़ के एक चम्मच (लगभग 13 ग्राम) में 90 कैलोरी होती है। इसके अलावा इसमें अतिरिक्त चीनी और नमक का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके चलते अधिक कंज्यूम करने पर यह वेट गेन या मोटापा का कारण बन सकता है।


हार्ट डिजीज



इसमें अत्यधिक मात्रा में ओमेगा-6 फैटी एसिड होता है, ऐसे में डेली और ज्यादा मात्रा में मेयोनीज का सेवन हाई ब्लड प्रेशर की वजह बन सकता है। इसके अलावा मेयोनीज में सैचुरेटेड फैट होता है,जो कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक समेत दिल संबंधी अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

सिरदर्द और मतली

मार्केट में मिलने वाले मेयोनीज में प्रिजर्वेटिव और आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स यूज किए जाते हैं। इसमें मौजूद MSG सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। कई लोगों को अधिक मेयोनीज खाने से सिरदर्द,कमजोरी और मितली जैसी समस्याएं हो सकती हैं।





100 की स्पीड से यूरिक एसिड बढ़ाती हैं 5 चीजें

यूरिक एसिड बढ़ने से गाउट और किडनी की पथरी का खतरा बढ़ सकता है, रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें इस गंदे पदार्थ की मात्रा बढ़ाती हैं, डॉक्टर ने बताया कि आपको इससे कैसे बचना चाहिए।

यूरिक बढ़ना एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। यूरिक एसिड एक अपशिष्ट पदार्थ है, जो शरीर में प्यूरिन नामक तत्व के टूटने से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर में पाया जाता है और कुछ खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है, जैसे मांस, मछली, दालें और शराब। जब प्यूरिन टूटता है, तो शरीर में यूरिक एसिड बनता है। सर्दियों में अधिकतर लोग मांस और शराब का खूब सेवन करते हैं और यही वजह है कि इन दिनों यह समस्या बहुत से लोगों में देखी जाती है। वैसे यूरिक एसिड किडनी के जरिए पेशाब के माध्यम से बाहर निक जाता है लेकिन जब ऐसा नहीं होता है, तो यह जोड़ों में इकट्ठा हो जाता है और छोटे क्रिस्टल का रूप लेकर वहां जमा हो जाता है। यूरिक एसिड बढ़ने के नुकसान क्या हैं? यूरिक एसिड बढ़ना खतरे की निशानी है क्योंकि यह गाउट यानी जोड़ों में दर्द और किडनी में पथरी का कारण बन सकता है। इसके अलावा पीड़ित को जोड़ों में गंभीर दर्द का सामना करना पड़ता है।



लाल मांस

डॉक्टर ने बताया कि लाल मांस यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे गाउट, किडनी रोग और हाई ब्लड प्रेशर हो सकता है। लाल मांस में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। बीफ, पोर्क और लैम्ब के कलेजी यानी लिवर और लाल मांस में विशेष रूप से प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। गाउट के लक्षणों से बचने और किडनी की पथरी के जोखिम को कम करने के लिए आपको लाल मांस का कम से कम सेवन करना चाहिए।

कुछ सब्जियां

डॉक्टर ने बताया कि रोजाना खाई जाने वाली कुछ सब्जियों जैसे मशरूम, मटर, फलियां, पालक, शलजम और ब्रोकोली आदि में प्यूरिन की मात्रा अधिक होती है जिस वजह से आपका यूरिक एसिड लेवल हाई हो सकता है। अगर आप पहले से इसका सामना कर रहे हैं, तो आपको इन सब्जियों से बचना चाहिए।

बियर और वाइन

गर्मी हो सर्दी हर मौसम में लोग बियर और वाइन का खूब सेवन करते हैं। डॉक्टर के अनुसार यह चीजें प्यूरिन का लेवल बढ़ाती हैं जिससे यूरिक एसिड बढ़ने के हाई चांस होते हैं। इन चीजों से सिर्फ यूरिक एसिड बढ़ने का नहीं बल्कि सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

सॉफ्ट ड्रिंक

डॉक्टर ने बताया कि सॉफ्ट ड्रिंक और स्पोर्ट्स ड्रिंक पीने से यूरिक एसिड बढ़ने के ज्यादा चांस होते हैं क्योंकि इनके सेवन से प्यूरिन ज्यादा बढ़ता है और उससे यूरिक एसिड। इसके अलावा इन चीजों में शुगर की मात्रा अधिक होती है जिससे डायबिटीज सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी होता है।

हाई फरुक्टोज कॉर्न सिरप

हाई फरुक्टोज कॉर्न सिरप गाउट और हाई यूरिक एसिड लेवल को बढ़ाने का काम करता है क्योंकि इसमें फरुक्टोज होता है, जिसे शरीर यूरिक एसिड बनाने के लिए तोड़ता है। जब शरीर फरुक्टोज को तोड़ता है, तो यह प्यूरीन जारी करता है, जो रासायनिक यौगिक हैं जो यूरिक एसिड का उत्पादन करते हैं।



मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर बनेगा रॉकेट !

1400 पर जाएगा भाव, एनालिस्ट का अनुमान

नईदिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर आज गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। कंपनी के शेयर पर मार्केट एनालिस्ट बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने गुरुवार, 6 मार्च को निफ्टी 50 हेवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड पर अपनी रेटिंग को ऐड की पिछली रेटिंग से अपग्रेड करके बाय कर दिया है। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर ?1,400 का टारगेट प्राइस रखा है। इसका मतलब है कि



रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए बुधवार के बंद प्राइस 1,177.15 से 19 प्रतिशत की संभावित बढ़ोतरी हो सकती है।

क्या है डिटेल

ब्रोकरेज ने कहा कि रूस पर बढ़ते प्रतिबंधों और अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ के नतीजों से रिफाइनिंग कारोबार के लिए आउटलुक कमजोर हो गया है। इसके चलते कोटक ने वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई के अनुमान में 1 प्रतिशत से 3 प्रतिशत की कटौती की है। कटौती के बावजूद, उसे उम्मीद है कि तेल-से-दूरसंचार-से-रिटेल समूह की कमाई वित्तीय वर्ष 2024-2027 के दौरान 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगी। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि अगली कुछ तिमाहियों में खुदरा कारोबार में सुधार होगा, दूरसंचार कारोबार पर समाचार प्रवाह, आईपीओ की समयसीमा और एक और टैरिफ बढ़ोतरी स्टॉक के लिए कुछ प्रमुख कैटालिस्ट हो सकते हैं।

अन्य ब्रोकरेज की सलाह

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने भी रिलायंस इंडस्ट्रीज पर बाय रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस ?1,600 मौजूदा स्तरों से 36 प्रतिशत की संभावित बढ़त दर्शाता है। जेफरीज ने भी संभावित टैरिफ बढ़ोतरी, जियो की लिस्टिंग और ओ2सी व्यवसाय की लाभप्रदता में सुधार को स्टॉक के लिए कुछ प्रमुख ट्रिगर के रूप में उद्धृत किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज पर कवरेज करने वाले 38 एनालिस्ट्स में से 34 ने स्टॉक पर बाय रेटिंग दी है, एक ने होल्ड रेटिंग दी है, जबकि तीन ने स्टॉक पर सेल रेटिंग दी है। टारगेट प्राइस का एक आम सहमति अनुमान भविष्य में स्टॉक के लिए 31 प्रतिशत की संभावित वृद्धि का संकेत देता है। बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.3 प्रतिशत बढ़कर ?1,177 पर बंद हुए थे।

डबल गिफ्ट बांट रही कंपनी

रेखा झुनझुनवाला के पास हैं 1 करोड़ से ज्यादा शेयर

नईदिल्ली, एजेंसी। मल्टी-ब्रांड फुटवियर रिटेल कंपनी मेट्रो ब्रांड्स ने अपने शेयरहोल्डर्स के लिए दोहरे तोहफे का ऐलान किया है। कंपनी अपने निवेशकों को अंतरिम डिविडेंड के साथ-साथ स्पेशल डिविडेंड भी देने जा रही है। कंपनी यह डिविडेंड वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बांट रही है। दिग्गज निवेशक रहे राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला का मेट्रो ब्रांड पर बड़ा दांव है। रेखा झुनझुनवाला के पास मेट्रो ब्रांड के 1 करोड़ से भी ज्यादा शेयर हैं।



हर शेयर पर टोटल 17.50 रुपये का डिविडेंड

मेट्रो ब्रांड्स ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हर शेयर पर 3 रुपये का अंतरिम डिविडेंड और 14.50 रुपये का स्पेशल डिविडेंड डिक्लेयर किया है। यानी, कंपनी हर शेयर पर टोटल 17.50 रुपये का डिविडेंड देगी। मेट्रो ब्रांड्स के शेयर शुक्रवार 7 मार्च 2025 को एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे। कंपनी डिविडेंड डिक्लेयर करने की तारीख (28 फरवरी) से लेकर 30 दिन के भीतर अंतरिम और स्पेशल डिविडेंड का भुगतान कर देगी।

रेखा झुनझुनवाला का कंपनी पर बड़ा दांव

रेखा झुनझुनवाला का मेट्रो ब्रांड्स पर बड़ा दांव है। झुनझुनवाला के पास मेट्रो ब्रांड्स के 1,30,51,206 शेयर हैं। कंपनी में झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 4.80 पर्सेंट है। शेयरहोल्डिंग का यह डेटा दिसंबर 2024 तिमाही तक का है। पिछले 5 साल में मेट्रो ब्रांड्स के शेयरों में 143 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 470.80 रुपये से बढ़कर 1146 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक मेट्रो ब्रांड्स के शेयरों में 7 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर 10 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। मेट्रो ब्रांड्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1430.10 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 992.65 रुपये है। मेट्रो ब्रांड्स में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 71.93 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 28.07 पर्सेंट है।

अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात 18 प्रतिशत तक बढ़ा

तनाव के बावजूद लगातार नौवें महीने बढ़ोतरी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत से अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर 18 फीसदी बढ़कर 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में मामूली 7.44 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अन्य देशों की ओर से लगाए जाने वाले उच्च टैरिफ को 'बहुत अनुचित' करार दिया है। साथ ही, अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने वाले देशों पर 2 अप्रैल से जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात एक साल पहले के 14.38 अरब डॉलर से करीब 9 फीसदी बढ़कर 15.60 अरब डॉलर पहुंच गया। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को जनवरी में निर्यात 56 फीसदी बढ़कर 61 करोड़ डॉलर और अप्रैल-जनवरी में 45 फीसदी बढ़कर 6.87 अरब डॉलर पहुंच गया।



इन देशों में भी बढ़ा निर्यात

भारत के इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जिन देशों में बढ़ा है, उनमें जर्मनी, मेक्सिको, तुर्किये, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, जापान, नेपाल और बांग्लादेश भी शामिल हैं। यूके, सऊदी अरब, मलयेशिया, चीन, इटली और स्पेन को निर्यात में गिरावट आई है।

तनाव के बावजूद लगातार नौवें महीने बढ़ोतरी- ईईपीसी ने कहा, कई देशों के बीच तनाव और बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद के बावजूद भारत के इंजीनियरिंग निर्यात ने लगातार नौवें महीने सकारात्मक वृद्धि बनाए रखी है। हालांकि, जनवरी में वृद्धि की रफ्तार दिसंबर के 8.32 फीसदी से घटकर 7.44 फीसदी रह गई। जनवरी में कुल इंजीनियरिंग निर्यात 9.42 अरब डॉलर का रहा, जबकि एक साल पहले यह 8.77 अरब डॉलर रहा था।

जमा पर पांच लाख से ज्यादा की बीमा गारंटी से बैंकों के लाभ पर असर

मुनाफा हो सकता है 12000 करोड़ कम

नईदिल्ली, एजेंसी। पांच लाख रुपये से अधिक की बैंक जमा पर बीमा गारंटी की सीमा बढ़ाने से बैंकों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा, अभी बैंक डूबने की स्थिति में पांच लाख तक की जमाराशि को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) के जरिये कवर किया जाता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने का विचार कर रही है।

इक्रा ने कहा, न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक की हालिया विफलता के चलते बीमा की सीमा बढ़ाने का विचार आया होगा। लेकिन, ऐसे कदम से बैंकों के मुनाफे में 12,000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। इससे पहले पंजाब एवं महाराष्ट्र बैंक संकट के बाद फरवरी, 2020 में इस सीमा को एक लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया था। मार्च, 2024 तक 97.8 फीसदी बैंक खाते पूरी तरह कवर हो चुके थे। जमा राशि मूल्य के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक बीमित जमा अनुपात (आईडीआर) 43.1 फीसदी रहा था।

बैंकों में बीमा के तहत पैसा सुरक्षित रहता है

भारतीय बैंकों में सभी रकम डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत प्रति ग्राहक 5 लाख रुपये तक का जमा बीमा कवर होता है और इतनी ही रकम आपको मिलती है। भले ही जमा 10 लाख हो, या 20 लाख या एक करोड़। अगर किसी का जमा एक लाख है तो उसे एक लाख रुपये पूरे मिल जाएंगे। 5 लाख जमा है तो पांच लाख मिलेंगे। उससे ज्यादा जमा है तो भी पांच लाख रुपये ही मिलेंगे। हालांकि, अगर आपका जमा कई बैंकों में है और सारे बैंक डूबते हैं तो फिर हर बैंक पांच लाख रुपये देगा। लेकिन एक ही बैंक में कई खाते हैं तो कुल मिलाकर भी पांच लाख रुपये ही मिलेंगे। जारी मौजूदा निर्देशों के अनुसार, जमाकर्ताओं को रकम पाने के लिए छह महीने तक इंतजार करना होगा।



डीआईसीजीसी की वेबसाइट पर देख सकते हैं पूरा विवरण

जमाकर्ता अधिक जानकारी के लिए बैंक अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। विवरण डीआईसीजीसी की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। आप पैसा निकालना चाहते हैं तो इसका बैंक सत्यापन करता है। सब कुछ सही पाया गया तो रकम वापस मिलती है। आरबीआई किसी भी बैंक पर तब प्रतिबंध लगाता है, जब बैंक की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं हो, या बैंक प्रबंधन कुछ घोटाला कर रहा हो। न्यू इंडिया सहकारी बैंक में घोटाला हुआ था। इसका पता चलने पर केंद्रीय बैंक ने तुरंत पूरे बैंक के प्रशासनिक अधिकार अपने हाथ में ले लिया और एसबीआई के एक पूर्व अधिकारी को प्रभार सौंप दिया।

खाता बड़े और प्रतिष्ठित बैंकों में खोलें

हमारे देश में छोटे जैसे क्रेडिट सोसाइटी और सहकारी बैंकों में गवर्नेंस का पालन बहुत कम होता है। इसका फायदा उठाते हुए इस तरह के संस्थान अपने लोगों या उन कंपनियों को ज्यादा कर्ज देते हैं जो इस रकम को लौटाने में सक्षम नहीं होती हैं। बाद में यह रकम एनपीए बन जाती है और बैंक की वित्तीय स्थिति गड़बड़ हो जाती है। ऐसे में कभी भी सरकारी या निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों में ही खाते खोलने चाहिए। इन बैंकों के गवर्नेंस और नियम कायदे बहुत मजबूत होते हैं। अच्छे खासे बोर्ड और मैनेजमेंट के चलते इन बैंकों में गड़बड़ी की संभावना बहुत ही कम रहती है। इससे आपका पूरा पैसा सुरक्षित रहता है।

लाइसेंस रद्द या बंद नहीं होते ऐसे वित्तीय संस्थान

आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों को बैंकिंग लाइसेंस के रद्दीकरण या उसे बंद करने के रूप में नहीं समझना चाहिए। बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक प्रतिबंधों के साथ बैंकिंग कार्यों को जारी रखेगा। बदलती परिस्थितियों के आधार पर इन निर्देशों को आरबीआई संशोधित कर सकता है। समस्याओं के पूर्ण समाधान से पहले कुछ निकासी सीमाएं लागू करने की मंजूरी आरबीआई दे सकता है। इससे जमाकर्ताओं को कुछ राहत मिल सकती है।



प्रमोटर के पिता पर निवेशकों से 2,434 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, सीबीआई ने दर्ज किया केस

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जाने-माने कारोबारी आनंद जयकुमार जैन और उनकी कंपनी जय कॉर्प लि., पराग शांतिलाल पारेख, कई कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ रियल एस्टेट के नाम पर उगाहे गए 2,434 करोड़ रुपये और बैंकों से कर्ज के 3,938 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आनंद जैन गेमिंग कंपनी ड्रीम11 के संस्थापक हर्ष जैन के पिता हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर एजेंसी ने केस दर्ज कर एसआईटी को जांच सौंपी है। मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा को दिसंबर, 2021 व अप्रैल 2023 में मिली शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया। एफआईआर के अनुसार, मई 2006 और जून 2008 के दौरान आनंद जैन व अन्य आरोपियों ने दो कंपनियां बनाई और लोगों से मुंबई व अन्य स्थानों पर रियल एस्टेट डेवलपमेंट के नाम पर 2,434 करोड़ एकत्र किए। बैंकों से नवी मुंबई सेज प्रा. लि. के नाम से 3,252 करोड़ रुपये कर्ज भी लिया। आरोपियों ने 2003-04 में मुंबई सेज लि. के लिए बैंकों से 686 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

ये हैं आरोप

आपराधिक साजिश रचकर आरोपियों ने निवेशकों व बैंकों की राशि मॉरिशस व जर्सी चैनल आइलैंड्स में कॉरपोरेट कंपनियां बनाने के लिए भेज दी। एफआईआर के अनुसार, एक नवंबर, 2007 से 29 नवंबर, 2007 के दौरान इस राशि का रिलायंस पेट्रोकेमिकल्स की फ्यूचर ट्रेडिंग के लिए इस्तेमाल हुआ। यह भी आरोप है कि उन्होंने बैंकों से लिए 98.83 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा कर्ज को मॉरिशस में निवेश किया। जैन अंबानी परिवार के करीबी माने जाते हैं।

टेस्ला की भारत में एंट्री...

ट्रंप ने कहा- कारों पर लगने वाला टैक्स जीरो करो, मोदी सरकार का जवाब- हम तैयार नहीं



नईदिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कंपनी भारत में जल्द ही अपनी कारें बेचनी शुरू कर सकती है। हालांकि विदेशी कारों के आयात पर लगने वाला टैरिफ मस्क के लिए एक परेशानी बना हुआ था, लेकिन अब यह परेशानी भी दूर होती दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि भारत सरकार इस टैक्स को कम कर सकती है। भारत अभी तक विदेशों से आने वाली कारों पर 110 फीसदी का टैक्स लगाता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के साथ बातचीत की थी। ट्रंप के साथ बातचीत के दौरान टैरिफ का भी मुद्दा उठा था। ट्रंप ने कहा था कि भारत अमेरिका पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमेरिका ने भी भारत से आने वाली चीजों पर उतना ही टैक्स लगाने की बात कही थी।

दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत- रॉयटर्स के मुताबिक कारों के आयात पर लगने वाले को लेकर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत चल रही है। अमेरिका चाहता है कि भारत कारों के आयात पर लगने वाला टैक्स हटा दे। लेकिन भारत फिलहाल ऐसा करने को तैयार नहीं है। सूत्रों ने बताया कि भारत फिलहाल पूरी तरह से टैक्स खत्म करने के बजाय, इसे थोड़ा कम करने पर विचार कर रहा है।

टेस्ला के लिए तैयार होगा रास्ता

एलन मस्क काफी दिनों से टेस्ला कार को भारत में लाने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने भारत की ओर से लगाए जाने वाले हाई टैरिफ की आलोचना की है। माना जा रहा है कि अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के दौरान कोई समझौता होता है तो इससे मस्क की टेस्ला के लिए भारत में रास्ता तैयार हो सकता है।

क्या है भारत का रुख?

अमेरिका चाहता है कि भारत कारों के आयात पर लगने टैक्स को हटा दे, लेकिन भारत ने अभी इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। एक सूत्र के मुताबिक भारत अमेरिका की बात सुन रहा है और उसने अभी तक कोई विरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने देश के कार निर्माताओं से बात करेगा और उसके बाद टैक्स के बारे में अमेरिका के सामने अपना पक्ष रखेगा।

नए ऑर्डर के दम पर सेवा क्षेत्र 26 महीने के निचले स्तर से उबरा

रोजगार वृद्धि 20 साल में सबसे तेज

नईदिल्ली, एजेंसी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश का सेवा क्षेत्र फरवरी, 2025 में 26 महीने के निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा। उत्पादन में तेज विस्तार और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि से सेवा क्षेत्र की गतिविधियां बढ़कर 59 पहुंच गईं। एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई व्यापार गतिविधि सूचकांक जनवरी में 26 महीने के निचले स्तर 56.5 तक आ गया था। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी वैश्विक मांग ने भारत के सेवा क्षेत्र के लिए उत्पादन की रफ्तार को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र की कंपनियों को अफ्रीका, एशिया, यूरोप, अमेरिका और मध्य एशिया से अधिक ऑर्डर मिले। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने बढ़ते नए कारोबार को संभालने और क्षमता दबाव को कम करने के लिए भर्ती अभियान जारी रखा। रोजगार में दिसंबर, 2005 के बाद से यानी 20 साल में सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली। भंडारी ने कहा, कारोबारी धारणा अगस्त, 2024 के बाद से अपने निचले स्तर पर आने के बावजूद सकारात्मक बनी हुई है। विज्ञापन, बेहतर ग्राहक संबंध, दक्षता में वृद्धि और स्वस्थ मांग की स्थिति ने मिलकर आगामी वर्ष में उत्पादन के लिए उत्साहजनक अनुमानों को बल दिया है। कीमतों के मोर्चे पर एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, निजी क्षेत्र में लागत का दबाव पिछले साल अक्तूबर के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़ा है।





रणबीर कपूर की रामायण का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं दीपिका चिखलिया?

रामायण, जिसे पिछले कुछ सालों में कई टीवी शो और फिल्मों में फिर से बनाया गया है। हालांकि, रामानंद सागर की टीवी सीरीज रामायण का अभी तक कोई मुकाबला नहीं कर पाया है। वहीं अब, रणबीर कपूर और साई पल्लवी कथित तौर पर निर्देशक नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। इसी बीच रामानंद सागर की रामायण में सीता की भूमिका निभा चुकीं दीपिका चिखलिया ने नितेश तिवारी की रामायण का हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया है।

अपनी इमेज से खिलवाड़ नहीं करना चाहती दीपिका

हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान, दीपिका ने कहा कि रामानंद सागर की रामायण पर बनी टीवी सीरीज जितनी लोकप्रिय कोई और सीरीज अभी तक नहीं बनी है। दीपिका ने कहा, मैं अपनी इमेज के साथ क्यों खिलवाड़ करूं? मैं सीता हूं, मैंने इसे स्वीकार कर लिया है।

कौशल्या की भूमिका के लिए किया मना

निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में कथित तौर पर भगवान राम की भूमिका में रणबीर कपूर और माता सीता की भूमिका में साई पल्लवी नजर आएंगी। हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान जब दीपिका से नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण का हिस्सा बनने के बारे में सवाल किया गया तो इस पर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हिंदू महाकाव्य पर आधारित एक टीवी सीरीज में कौशल्या की भूमिका निभाने के लिए पूछा गया था। तब इस पर उनके पति ने दीपिका से कहा कि आप सीता के रूप में जानी जाती हैं, और आपको सीता के रूप में ही मरना चाहिए। अपने पति की बात से सहमत दीपिका ने भी अब ऐसा सोचना शुरू कर दिया है।

दो प्रोजेक्ट्स के लिए किया मना

काम की बात करें तो हाल ही में दीपिका को दो प्रोडक्शन हाउस ने अपनी फिल्मों के लिए संपर्क किया था, जिसमें वे चाहते थे कि वह दोनों भूमिकाओं में सिगरेट पकड़े। इसलिए, दीपिका ने उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया। दीपिका ने कहा, कभी-कभी मुझे हैरानी होती है कि कोई मुझसे ऐसे रोल्स करने के लिए कैसे कह सकता हैं।



नयनतारा ने छोड़ी लेडी सुपरस्टार की उपाधि

साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री नयनतारा को साउथ की लेडी सुपरस्टार भी कहा जाता है। वहीं, अब अभिनेत्री ने इस उपाधि पर बात की और अपने फैंस को उन्हें लेडी सुपरस्टार न कहने की सलाह दी। दरअसल, नयनतारा ने कहा कि उपलब्धियां और सम्मान अमूल्य हैं, लेकिन वे कभी-कभी ऐसी छवि बना देते हैं, जो कलाकारों को उनके काम से दूर कर देती है। नयनतारा ने लेडी सुपरस्टार की उपाधि छोड़ने की घोषणा की, जो उन्हें दी गई थी। मैं सिर्फ नयनतारा हूं श्री राम राज्यम, अनामिका, चंद्रमुखी, गजनी और जवान जैसी फिल्मों के लिए मशहूर नयनतारा ने मंगलवार को प्रशंसकों, मीडिया और फिल्मी दुनिया के लोगों के लिए एक बयान में यह घोषणा की। बयान में उन्होंने लिखा, आप में से कई लोगों ने मुझे लेडी सुपरस्टार कहकर पुकारा है। यह उपाधि आपके असीम स्नेह के कारण मिली है। मुझे इस तरह के मूल्यवान खिताब से सम्मानित करने के लिए मैं आप सभी की बहुत आभारी हूं। हालांकि, मैं आप सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि आप मुझे नयनतारा कहें।

अभिनेत्री ने किया वजह का खुलासा

उन्होंने आगे लिखा, ऐसा इसलिए है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह नाम मेरे दिल के सबसे करीब है। यह दर्शाता है कि मैं न केवल एक कलाकार के रूप में, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में कौन हूं। उपाधियां और प्रशंसाएं अमूल्य हैं, लेकिन वे कभी-कभी एक ऐसी छवि बना सकती हैं, जो हमें हमारे काम, हमारी कला और आपके साथ, दर्शकों के साथ हमारे बिना शर्त के बंधन से अलग कर देती हैं।

फैंस का अटूट समर्थन चाहती हैं नयनतारा

नयनतारा ने कहा कि प्रेम की भाषा लोगों को सभी सीमाओं से परे जोड़े रखती है। उन्होंने कहा, हालांकि हम सभी को भविष्य का नहीं पता, लेकिन मुझे बहुत खुशी है कि आपका अटूट समर्थन निरंतर बना रहेगा और आपका मनोरंजन करने के लिए मेरी कड़ी मेहनत भी जारी रहेगी। सिनेमा ही हमें एकजुट रखता है और हमें इसे एक साथ मनाते रहना चाहिए। प्यार, सम्मान और आभार के साथ, नयनतारा। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, नयनतारा हमेशा और केवल नयनतारा ही रहेंगी।



सरदार 2 के सेट पर घायल हुए साउथ अभिनेता कार्ति

साउथ अभिनेता कार्ति को अपनी आगामी फिल्म सरदार 2 के सेट पर घायल हो गई है। अभिनेता के पैर में चोट लग गई है। सरदार 2 की टीम मैसूर में कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग कर रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। कार्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी चोटों की जांच की। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें एक सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी गई है।

डॉक्टर की सलाह के बाद सरदार 2 के निर्माताओं ने शूटिंग बंद करने का फैसला किया और चेन्नई लौट आए। कार्ति के चोट से उबरने के बाद शूटिंग फिर से शुरू होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कार्ति और निर्माताओं की मंजूरी मिलने के बाद टीम जल्द ही काम पर लौट आएगी।

डबल रोल में नजर आएंगे कार्ति



पीएस मिथ्रन द्वारा निर्देशित सरदार 2 में कार्ति दोहरी भूमिकाएं निभाएंगे। कथित तौर पर फिल्म कहानी दो अलग-अलग समय में आधारित होगी। फिल्म 2024 के मध्य में फ्लोर पर आई थी और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में इसकी शूटिंग पूरी हो जाएगी। कार्ति और राजिशा विजयन अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे।

पैर की चोट से उबरने के बाद रश्मिका मंदाना ने शुरू की थामा की शूटिंग

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म थामा की शूटिंग जनवरी 2025 तक जोर-शोर से चल रही थी। हालांकि, रश्मिका के पैर में चोट लगने के कारण दिल्ली शेड्यूल को रोक दिया गया। फिल्म निर्माता आदित्य सरपोतदार ने डेढ़ महीने के ब्रेक के बाद पिछले हफ्ते वैम्पायर कॉमेडी फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू की। उम्मीद थी कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी फरवरी में फिल्म की शूटिंग में शामिल होंगे। हालांकि, चीजों को फिर से तैयार किया गया है।

आयुष्मान-रश्मिका ने शुरू की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इस समय मुंबई में रियल लोकेशन पर शूटिंग कर रहे हैं। 27 मार्च को कास्ट और क्रू शूटिंग के लिए फिल्म सिटी में शिफ्ट हो जाएंगे। दिल्ली के घरों और गलियों को दर्शाते सेट बनाए गए हैं।

फिल्म की शूटिंग का अगला शेड्यूल

दिल्ली के लिए निर्धारित दृश्यों को यहां फिल्माया जाएगा। नवाजुद्दीन तब फिल्म की शूटिंग में शामिल होंगे। निर्देशक दिवाली पर फिल्म को रिलीज करना चाहते हैं। अप्रैल के अंत तक मुंबई में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद, मई तक टीम ऊटी के लिए रवाना हो जाएगी। वे नीलगिरी के जंगल में आवश्यक हिस्से की शूटिंग करेंगे और मई के अंत तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे।

फिल्म की कहानी

थामा दो समयसीमाओं में सेट है, लेकिन ताजा चर्चा यह है कि फिल्म में एक प्रेम कहानी है। कथित तौर पर यह वैम्पायर कॉमेडी फिल्म की कहानी में एकतरफा प्यार दिखाया जाएगा। हालांकि यह फिल्म वर्तमान दिल्ली में आधारित है, जहां आयुष्मान एक इतिहासकार हैं, लेकिन इसकी कहानी फ्लैशबैक से भरपूर है, जो दर्शकों को प्राचीन शहर विजयनगर में ले जाती है, जहां प्रेम कहानी शुरू होती है। थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी। निर्माताओं ने 2024 में वैम्पायर कॉमेडी के बारे में आधिकारिक घोषणा की थी। घोषणा वीडियो साझा करते हुए, मैडॉक फिल्म्स ने लिखा था, दिनेश विजन की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स को एक प्रेम कहानी की आवश्यकता थी... दुर्भाग्य से यह एक खूनी कहानी है। दिनेश विजन और अमर कौशिक ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है।



तेलुगू फिल्म में डेब्यू को तैयार आदर्श गौरव, साइको-हॉरर में आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता आदर्श गौरव तेलुगू फिल्म में डेब्यू के लिए तैयार हैं। वह मनोवैज्ञानिक हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंडस्ट्री ने एक से बढ़कर एक फिल्म दी हैं। आदर्श ने बताया, मैंने हमेशा माना है कि बेहतरीन कहानियां भाषा से परे होती हैं और एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा रोमांच इंडस्ट्री में अलग-अलग कहानियों का पता लगाना है। दक्षिण भारतीय फिल्मों ने हमेशा दर्शकों को कुछ सम्मोहक और शानदार अभिनय वाली फिल्में दी हैं और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने कभी भी मनोवैज्ञानिक हॉरर शैली में काम नहीं किया है। यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से, मनोवैज्ञानिक हॉरर शैली में मेरे पहले किए गए कामों से एकदम अलग है। इसकी एक मनोरंजक कहानी है, जिसने मुझे काम करने के लिए उत्साहित किया। एक दूरदर्शी टीम के साथ काम करना और जाह्नवी के प्रोडक्शन के साथ अपना तेलुगू डेब्यू करना खास है। मैं दर्शकों को यह दिखाने के लिए उत्साहित हूं कि हमने उनके लिए क्या तैयार किया है। अपकमिंग अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट का नेतृत्व मशहूर निर्माता डीवीवी दानय्या की बेटी जाह्नवी कर रही हैं और इसका निर्देशन बाबा शशांक कर रहे हैं। फिल्म 2025 में रिलीज होने वाली है। आदर्श ने साल 2010 में आई शाहरुख खान, काजोल स्टारर फिल्म 'माई नेम इज खान' से अभिनय की शुरुआत की थी। उन्हें कॉमेडी फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में ड्राइवर बलराम हलवाई की भूमिका निभाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली, जिसके लिए उन्हें मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए बाफ्टा पुरस्कार में नामांकन भी मिला। आदर्श 'हॉस्टल डेज', कॉमिक थ्रिलर सीरीज 'गन्स एंड गुलाब्स' और 'खो गए हम कहां' में भी काम कर चुके हैं। उनकी हालिया रिलीज 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' है, जिसका निर्देशन रीमा कागती ने किया है और फिल्म की कहानी को वरुण ग्रोवर ने लिखी है। 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' फिल्म में आदर्श के साथ विनीत कुमार सिंह, शशांक अरोड़ा और अनुज सिंह दुहान भी अहम भूमिकाओं में हैं।




'कर्ज' के 45 साल पूरे, सुभाष घई बोले - 'रीमेक नहीं बनाऊंगा'

दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर स्टारर 'कर्ज' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 45 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म के निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने कहा कि यह फिल्म आज भी उतनी ही नई है, जितनी रिलीज के समय थी, और वह इसका रीमेक नहीं बनाएंगे। इसी महीने मार्च में होने वाले 'रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल' में दिखाई जाने वाली इस फिल्म के बारे में सुभाष घई ने कहा, 'कर्ज' ऐसी फिल्म है जो अपने एक्टर्स, म्यूजिक, डायलॉग और एक्टिंग के कारण हमेशा से नई बनी रही। मुक्ता आर्ट्स की 42 फिल्मों की हमारी लाइब्रेरी में 'कर्ज' आज भी एक प्रमुख फिल्म के तौर पर है। सुभाष घई ने बताया कि जब फिल्म 1980 में रिलीज हुई थी तो कई आलोचकों और व्यवसाय के दिग्गजों ने उनसे कहा था कि 'कर्ज' अपने समय से बहुत आगे है। उन्होंने कहा, मैं 'कर्ज' को साल 2025 में भी पसंदीदा फिल्मों में से एक के रूप में देखकर खुश हूं। 'कर्ज' एक रोमांटिक-थ्रिलर है, जिसमें ऋषि कपूर, टीना मुनीम और सिमी ग्रेवाल मुख्य भूमिकाओं में थीं। जब उनसे से पूछा गया कि क्या वह 1980 की फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे, तो सुभाष घई ने कहा, मैं इसका रीमेक नहीं बनाऊंगा। मैंने जो कहानी सुनाई, वह पुनर्जन्म की थी, जिसमें साउंड और स्केल का इस तरह से इस्तेमाल किया गया था कि यह हर जेनरेशन के साथ काम कर सके। दर्शकों को फिल्म पसंद आई। उन्होंने कहा, बढ़िया संगीत एक अच्छी फिल्म को लंबा जीवन देती है, मतलब कि फिल्म काफी चलती है। इसलिए इसकी सफलता का श्रेय इसके संगीत, बोल और स्क्रीन पर प्रस्तुति को जाता है। निर्देशक ने कहा, युवा फिल्म निर्माताओं को फिल्म फेस्टिवल में पुरानी क्लासिक फिल्में देखनी चाहिए और निर्माताओं के साथ बातचीत करनी चाहिए। इस साल रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में कर्ज ओपनिंग फिल्म है।

क्या बिना हीरो वाली फिल्म बनाएंगे संदीप?

अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर किया इशारा निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अपनी फिल्मों के सब्जेक्ट, ट्रीटमेंट को लेकर अकसर ही क्रिटिसाइज किए जाते हैं। वह अपनी फिल्मों में हीरो को अल्फा मेल या वॉयलेंट दिखाते हैं। इस बात पर कुछ महिला दर्शकों को समस्या रही है। हाल ही में संदीप ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह अब बिना हीरो वाली फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। हाल ही में यूट्यूब चैनल गेम चेंजर को दिए गए इंटरव्यू में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि वह अब ऐसी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं, जिसमें कोई मेल लीड नहीं होगा, साथ ही फिल्म में कोई गाना भी नहीं होगा। आने वाले पांच सालों में वह ऐसी फिल्म बना सकते हैं। जब संदीप से पूछा जाता है कि बिना हीरो वाली आपकी फिल्म से महिला दर्शकों को खुशी होगी। इस पर संदीप का जवाब था कि वो भी उनको पसंद नहीं आएगा। इस बात को वह लिखकर देने को भी तैयार हैं। दरअसल, संदीप की फिल्मों को अकसर ही फीमेल ऑडियंस नापसंद करती हैं। संदीप की अगली फिल्मों की बात की जाए तो वह स्पिरिट और एनिमल पार्क बना रहे हैं।



स्टीव स्मिथ के बाद मुश्फिकुर रहीम ने वनडे फॉर्मेट को कहा अलविदा



ढाका, एजेंसी। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया. वहीं, अब बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम ने वनडे फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है. मुश्फिकुर रहीम ने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में उन्होंने बताया है कि अब वनडे फॉर्मेट में बांग्लादेश की जर्सी में नजर नहीं आएंगे. इससे पहले तकरीबन 3 साल पहले मुश्फिकुर रहीम ने टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. हालांकि, मुश्फिकुर रहीम टेस्ट फॉर्मेट में खेलते रहेंगे. चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश का प्रदर्शन निराशाजनक रहा. बांग्लादेश की टीम ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ने में नाकाम रही. बांग्लादेश को भारत के अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. इसके अलावा बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान मैच बारिश की भेंट चढ़ गया.

वनडे फॉर्मेट में तमीम इकबाल के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

मुश्फिकुर रहीम ने तकरीबन 19 साल पहले 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला वनडे खेला. बांग्लादेश के लिए मुश्फिकुर रहीम 274 वनडे खेले. बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा वनडे खेलने वाले क्रिकेटरों की फेहरिस्त में मुश्फिकुर रहीम टॉप पर काबिज हैं. इसके अलावा वनडे फॉर्मेट में बांग्लादेश के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. मुश्फिकुर रहीम से ज्यादा रन तमीम इकबाल ने बनाए हैं. लिहाजा, किसी नए विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए मुश्फिकुर रहीम की कमी पूरी करना आसान नहीं होगा.

ऐसा रहा मुश्फिकुर रहीम का वनडे करियर

आंकड़े बताते हैं कि मुश्फिकुर रहीम ने 274 वनडे मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया. जिसमें उन्होंने 36.42 की एवरेज और 79.7 की स्ट्राइक रेट से 7795 रन बनाए. इस फॉर्मेट में मुश्फिकुर रहीम का बेस्ट स्कोर 144 रन रहा. इसके अलावा उन्होंने 9 शतक और 49 बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया.

पंजाब दे शेर सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीजन 11 का चैंपियन बना



चंडीगढ़, एजेंसी। मैसूर के कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड पर चेन्नई राइनोज के खिलाफ खेले गए फाइनल में पंजाब दे शेर ने सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के 11वें संस्करण में जीत दर्ज की। फाइनल में पंजाब दे शेर ने चेन्नई राइनोज को आठ विकेट से हराया। हार्डी संधू की कप्तानी में पंजाब दे शेर ने राइनोज को पहले 10 ओवर में 89/5 पर रोका। जवाब में पंजाब दे शेर ने 103/1 का स्कोर बनाकर चेन्नई राइनोज पर 14 रन की बढ़त हासिल की जिसमें राहुल जेटली ने 29 गेंदों पर 43 रन और बब्बल राय ने 24 गेंदों पर 40 रन बनाए। दूसरी पारी में राइनोज 85/6 पर सिमट गई और केवल 72 रन का लक्ष्य मिला। पंजाब दे शेर ने मात्र 8 ओवर में दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन के लिए पंजाब दे शेर के कप्तान हार्डी संधू को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। जस्सी गिल अपनी गेंदबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने।सुयश राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। राहुल जेटली ने अपने दमदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार जीता। पंजाब दे शेर के को-ओनर्स पुनीत सिंह और नवराज हंस ने टीम की शानदार यात्रा पर बहुत गर्व व्यक्त किया, यह जीत हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

बेन डंक-शेन वॉटसन के शतक, 91 रन से हारी सचिन तेंदुलकर की इंडिया मास्टर्स

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने आईएमएल 2025 के एक रोमांचक मुकाबले में इंडिया मास्टर्स को 95 रन से हरा दिया। वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने पहले खेलते हुए 269 रन जड़े थे। जवाब में इंडिया की टीम 174 रन ही बना पाई। जेवियर डोहर्टी को 5 विकेट लेने पर मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच में सचिन तेंदुलकर के नेतृत्व में इंडिया मास्टर्स ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया था। दोनों टीमों ने अपनी मजबूत लाइन-अप को मैदान में उतारा।



ऑस्ट्रेलिया मास्टर्सः 20 ओवर में 269/1

ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने शुरुआती झटके के बाद बेन डंक और शेन वॉटसन के बीच नाबाद 258 रन की साझेदारी की बदौलत 20 ओवरों में 269/1 रन बनाए। तीसरे ओवर में शॉन मार्श के 11 रन पर आउट होने के बाद बेन डंक (63 गेंदों पर 132*) और शेन वॉटसन (54 गेंदों पर 110*) ने स्कोर आगे बढ़ाया। डंक ने पारी में 14 चौके और 7 छक्के लगाए जबकि वॉटसन ने 10 चौके और 6 छक्के लगाए। भारत की ओर से इरफान पठान (0/45), आरपी सिंह (0/60), और मुनाफ पटेल (0/55) महंगे साबित हुए।

270 रनों का पीछा करते हुए इंडिया मास्टर्स को तेजतर्रार शुरूआत मिली थी। सचिन तेंदुलकर (33 गेंदों पर 64 रन, 8 चौके, 2 छक्के) और नमन ओझा (11 गेंदों पर 19 रन) ने 4 ओवर में ही स्कोर 48/0 रन बना दिया था। तेंदुलकर पुराने फॉर्म में दिख रहे थे, आसानी से ड्राइविंग और लॉफ्टिंग कर रहे थे। जेवियर डोहर्टी ने 10वें ओवर में तेंडुलकर (लॉन्ग ऑन पर डेनियल क्रिस्चियन द्वारा कैच) को 100/4 के स्कोर पर आउट करके एक बड़ा झटका दिया, जिससे भारत की वापसी की उम्मीदें खत्म हो गईं। डोहर्टी ने 15वें ओवर में 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर खेल का रुख निर्णायक रूप से बदल दिया। 141/5 से 141/8 पर आ गया, जिसके बाद वह 174 रन ही बना सका। और मैच गंवा दिया।

न्यूज़ीलैंड ने अधिक रन बना दिए, टारगेट 350 होता तो कोशिश करते: तेंबा बावुमा

लाहौर, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका का आईसीसी टूर्नामेंट में अभियान एक बार फिर नॉकआउट दौर में खत्म होने के बाद कप्तान तेंबा बावुमा ने स्वीकार किया कि सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बनाए और उन्हें पर्याप्त साझेदारियां नहीं करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल सेंटनर (43 रन पर तीन विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (27 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम डेविड मिलर (100 रन, 67 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और रेसी वान डेर डुसेन (69) तथा बावुमा (56) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी।



बावुमा ने मैच के बाद कहा कि न्यूजीलैंड ने प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बनाए। मुझे लगता है कि विकेट के बेहतर होने के साथ हमने 350 रन का पीछा करने के लिए खुद को तैयार किया। हमने एक या दो अच्छी साझेदारियां कीं लेकिन वे पर्याप्त नहीं थीं। उन्होंने कहा कि मुझे या रेसी वान डेर डुसेन में से एक को बड़ा स्कोर बनाना चाहिए था जो नहीं हो सका। न्यूजीलैंड ने हमें शुरू से ही दबाव में रखा। उन्होंने नियमित रूप से ऑफ साइड को भेदा और बीच के ओवरों में बाउंड्री लगाते रहे। डेथ ओवरों में विकेट हाथ में होने के कारण उन्हें रोकना मुश्किल था और हम दबाव में आ गए। शतक जड़ने के लिए मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रविंद्र टीम की जीत में योगदान देकर काफी खुश हैं।

रविंद्र ने कहा कि सेमीफाइनल में बेहतरीन जीत में योगदान देना शानदार अहसास है। मैं उतनी अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया जितनी मैं चाहता था। दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन एक बार जब हम लय में आ गए तो केन (विलियमसन) और (विल) यंग के साथ साझेदारी बनाना अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट के उतार-चढ़ाव के साथ चलना अच्छा रहा। हम 300 के आसपास रन बनाने की सोच रहे थे। ग्लेन (फिलिप्स) और मिचेल (सेंटनर) ने शानदार प्रदर्शन किया।

मैच की बात करें तो लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 50 रनों से हार झेलनी पड़ी। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) के शतक की बदौलत 362 रन बनाए थे। द. अफ्रीकी गेंदबाज लुंगी एनगिडी को 3 तो कगिसो रबाडा को 2 विकेट मिले। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका को बावुमा और रासी वेन दूसें ने अर्धशतक लगाकर अच्छी शुरूआत दी लेकिन मध्यक्रम बिखर जाने के कारण पूरी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना पाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए एक आकर्षण डेविड मिलर की पारी रही। उन्होंने 100 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।

पाकिस्तान पहुंचे बीसीसीआई वाइस प्रेसिडेंट- भारत-पाक सीरीज पर कही साफ बात



लाहौर, एजेंसी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बुधवार को कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल देखने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के निमंत्रण पर यहां आए बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए अनुकूल पिचों पर निर्भर नहीं है। शुक्ला ने कहा कि जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह (भारतीय) सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और यह अच्छी बात है। उन्होंने इसका अच्छे से आयोजन किया है। शुक्ला ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के प्रशंसक द्विपक्षीय संबंध फिर से शुरू करना चाहते हैं लेकिन तटस्थ स्थल पर खेलने के विचार पर वह सकारात्मक नहीं दिखे।

गांगुली 52 साल की उम्र में करेंगे डेब्यू

क्रिकेट के मैदान के बाद अब नेटफ्लिक्स पर आएंगे नजर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अब तक कई भूमिकाएं निभाई हैं। टीम के सलामी बल्लेबाज से लेकर कप्तान और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष। गांगुली वे क्रिकेट में लंबा समय बिताया है। हालांकि वह यह पूर्व खिलाड़ी एक नए अंदाज में नजर आएगा। गांगुली 52 साल की उम्र में एक्टिंग में डेब्यू करने वाले हैं।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सौरव गांगुली नेटफ्लिक्स सीरीज खाकी में नजर आएंगे। वह दूसरे सीजन में पुलिस अफसर के रोल में नजर आएंगे और एक्टिंग करियर की शुरुआत करेंगे। सीरीज का पहला सीजन भी काफी हिट रहा था, जिसमें करण टक्कर, अविनाश जैसे कई एक्टर थे। गांगुली के इस सीरीज से जुड़ने के बाद इसकी और ज्यादा चर्चा होने लगी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गांगुली ने बिनोदिनी स्टूडियो में एक एड का शूट किया जहां से उनकी पुलिस वर्दी में तस्वीर वायरल हुई। गांगुली की बायोपिक भी बनाई जा रही है। माना जा रहा है कि इस फिल्म में गांगुली का रोल राजकुमार राव करेंगे। गांगुली अपनी बायोपिक में नजर नहीं आएंगे। गांगुली से पहले कई खिलाड़ियों की बायोपिक बनाई। भारतीय एथलीट मिल्खा सिंह, बॉक्सर मैरीकॉम, क्रिकेटर एमएस धोनी, पैरालंपियन मुरलीकांत पेटकर पर फिल्में बन चुके हैं।सौरव गांगुली ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत पर लगाए जा रहे आरोपों पर जवाब दिया। इंग्लैंड के नासिर हुसैन और माइक अर्थटन ने आरोप लगाया था कि भारत को एक ही जगह खेलने का मौका मिला जिसका उन्हें फायदा हुआ। दूसरी टीमों को भारत से खेलने के लिए पाकिस्तान से दुबई यात्रा करनी पडी। गांगुली ने उन्हें जवाब देते हुए कहा, पाकिस्तान की पिचें बहुत बेहतर हैं, भारत वहां ज़्यादा रन बनाता, पाकिस्तान में तीन शहरों-लाहौर, कराची और रावलपिंडी में खेले गए सात मैचों में टीमों ने 34.96 का औसत बनाया है, जिसमें आठ शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं।

डेविड मिलर ने तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड, चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे तेज शतक उनके नाम

लाहौर, एजेंसी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीकी टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में 50 रनों से हार झेलनी पड़ी। अफ्रीकी टीम की ओर से डेविड मिलर ने अंत तक संघर्ष किया लेकिन यह नाकाफी रहा। मिलर ने 363 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम को 312 रन तक पहुंचाया लेकिन टीम को 50 रन से हार झेलनी पड़ी। मिलर ने मुकाबले में 67 गेंदों पर शतक लगाया। इसीके साथ वह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने इस रिकॉर्ड में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे तेज शतक

67 गेंदें - डेविड मिलर बनाम न्यूजीलैंड, 2025
77 गेंदें - वीरेंद्र सहवाग बनाम इंग्लैंड, 2002
77 गेंदें - जोश इंगलिस बनाम इंग्लैंड, 2025
80 गेंदें - शिखर धवन बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2013

यही नहीं, आईसीसी वनडे नॉकआउट में डेविड मिलर का प्रदर्शन स्तरीय रहा है। साल 2013 में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 56* (51) रन बनाए थे। इसके बाद 2015 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 49 (18) बेहतरीन



प्रदर्शन किया। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 116 गेंदों पर 101 रन बनाए थे। अब चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने 67 गेंदों पर शतक जड़कर उन्होंने खुद को आईसीसी वनडे नॉकआउट का बड़ा पलेयर साबित कर दिया।

यही नहीं, आईसीसी वनडे नॉकआउट मैचों में उच्चतम औसत के मामले में भी डेविड मिलर (153.00) पहले नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद पाकिस्तान के सईद अनवर (128.33), भारत के सौरव गांगुली (85.66) और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन (85.40) का नाम आता है।

मैच की बात करें तो लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 50 रनों से हार झेलनी पड़ी। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) के शतक की बदौलत 362 रन बनाए थे। द. अफ्रीकी गेंदबाज लुंगी एनगिडी को 3 तो कगिसो रबाडा को 2 विकेट मिले। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका को बावुमा और रासी वेन दूसें ने अर्धशतक लगाकर अच्छी शुरूआत दी लेकिन मध्यक्रम बिखर जाने के कारण पूरी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना पाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए एक आकर्षण डेविड मिलर की पारी रही। उन्होंने 100 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।

दस खिलाड़ियों वाली बार्सिलोना ने बेनफिका को मात दी, लिवरपूल ने पीएसजी को हराया

लिस्बन, एजेंसी। रफीन्हा के एकमात्र गोल की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग के अंतिम-16 के पहले चरण में बेनफिका को 1-0 से हरा दिया। हालांकि बार्सिलोना को 70 मिनट तक एक खिलाड़ी कम रहने के बावजूद कड़ा संघर्ष करना पड़ा और टीम ने पूरे 90 मिनट तक दबाव में रहने के बावजूद जीत हासिल की। मैच की शुरुआत तेज रही। पहले ही मिनट में केरम अकटुर्कोग्लू का शॉट बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शेख शेजनी ने रोक लिया। वहीं, निकोलस ओटामेंडी का शॉट भी बेनफिका के लिए अच्छा मौका था, लेकिन वह नाकाम रहे। दूसरी ओर, दानी ओल्मो का शॉट थोड़ा बाहर चला गया।

रिपोर्ट के अनुसार, 22वें मिनट में बार्सिलोना को बड़ा झटका लगा, जब पाउ कुबार्सी को वांगेलिस पावलिडिस को गिराने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। इसके बाद बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इसके बाद गोलकीपर शेजनी ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के कुछ शानदार शॉट्स को रोका जिसमें ओरकुन कोकचू की फ्री किक भी शामिल थी। इस दौरान राफिन्हा के पास गोल करने का बढ़िया मौका था लेकिन वह चूक गए। इसी बीच, बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने ओल्मो को बाहर कर रोनाल्ड अराउजो को मैदान पर उतारा।



दूसरे हाफ में भी शेजनी ने दो बेहतरीन बचाव किए। कुछ देर बाद ही राफिन्हा ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट मारकर गेंद को निचले कोने में डाल दिया और बार्सिलोना को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद बेनफिका ने दबाव बढ़ाया, लेकिन शेजनी अपने शानदार खेल से दीवार की तरह बने रहे। आखिरी मिनट में उन्होंने रेनाटो सांचेज का शॉट भी बेहतरीन अंदाज में रोक लिया।

दूसरी ओर, लिवरपूल ने पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से हराया। लिवरपूल के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी हार्वी इलियट ने मैच का एकमात्र गोल किया। वह मैदान पर आए थे और तुरंत ही डार्विन नुनेज के पास पर बाएं पैर से गोल दाग दिया। इससे पहले लिवरपूल पूरे मैच में दबाव में था। इसके अलावा मैच में पीएसजी का दबदबा बना रहा। डेम्बेले और क्वारत्सखेलिया के कई शॉट लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन बेकर ने रोक लिए। दूसरे हाफ में भी पीएसजी ने लगातार हमले किए, लेकिन लिवरपूल किसी तरह टिके रहे। अन्य मुकाबलों में, इंटर मिलान ने फेयेनोर्ड को 2-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। जर्मन टीमों के मुकाबले में बायर्न म्यूनिख ने बायर लेवरकुसेन को 3-0 से हराया।

संक्षिप्त समाचार



मंगलवार को बंद रखा करो; दिल्ली में मीट दुकानदारों को भाजपा विधायक का फरमान

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में पटपड़गंज सीट से विधायक रविंद्र सिंह उर्फ रवि नेगी ने अपने क्षेत्र में मीट दुकानदारों को फरमान जारी किया है। विधायक ने मीट दुकानदारों से कहा है कि वे मंगलवार को अपनी दुकानें बंद रखें। इसके साथ ही मांस को ढंककर रखने को कहा है। रवि नेगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पटपड़गंज में आम आदमी पार्टी के नेता अवध ओझा को हराकर विधायक बने रवि नेगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी वीडियो जारी किया है। इसमें वह कुछ मांस-मछली बेचने वाले दुकानदारों को मंगलवार बंद रखने का आदेश देते दिख रहे हैं। रवि नेगी कहते हैं, मंगलवार को बंद रखा करो। क्या दिक्कत है मंगलवार को बंद करने में, दिक्कत है कोई या परमानेंट बंद कर दें। इसे ढंककर रखा करो। ऐसे खुले में ना रखा करो। जो नहीं खाता है उसे पसंद नहीं आता है ना। नेगी ने एक्स पर लिखा, पटपड़गंज विधानसभा में मंगलवार को खुली चिकन शॉप को बंद कराने का निर्देश दिया, क्योंकि यह मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रही थी। सनातन संस्कृति में धार्मिक स्थलों के आसपास शुद्धता और पवित्रता का विशेष महत्व होता है। ऐसे पावन स्थानों के आसपास ऐसी दुकानों का संचालन आस्था और परंपरा के विपरीत है।

दिल्ली में चला बुलडोजर, यमुना बाढ़ क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के यमुना बाढ़ क्षेत्र से अवैध कब्जा हटाने का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत बुलडोजर से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली के उत्तर-पूर्व में स्थित शास्त्री पार्क में यमुना डूब क्षेत्र के पास बुधवार को अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान भारी फोर्स तैनात रही। कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी व्यवधान को रोकने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। अभियान के बीच पांच महीने की गर्भवती और डेढ़ साल की बेटी की मां पिंकी कश्यप (21) ने कहा कि मैं अपनी बच्ची के साथ इस हालत में कहां जाऊं? महिला ने कहा कि हमारे पास घर या कमरे का किराया देने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। मेरे पति महीने में केवल 12 हजार रुपये कमाते हैं। दिल्ली जैसे शहर में किराया और अन्य खर्चों को वहन करना बेहद मुश्किल है। मेरे पति ग्रेटर कैलाश में एक दुकान पर काम करते हैं।

कनॉट प्लेस में एनडीएमसी का ऐक्शन, 13 संपत्तियों को किया अटैच

नई दिल्ली, एजेंसी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) कड़ी कार्रवाई के मोड में है। एनडीएमसी ने पिछले तीन दिनों में कनॉट प्लेस में 13 संपत्तियां कुर्क की हैं। इसकी वजह है संपत्ति की मालिकों द्वारा संपत्ति कर का भुगतान न करना। अधिकारियों ने बताया कि इन संपत्तियों में ब्लॉक ए, बी, डी और ई के आउटलेट और स्टोर शामिल हैं। ऐक्शन के बाद कुछ मालिकों ने बकाया जमा करवाया है। एक अधिकारी ने बताया, हमने बकाया राशि का भुगतान न करने के मामले में डिफॉल्टरों (भूमि मालिकों/संपत्तियों पर कब्जा करने वालों) को नोटिस भेजा था। उन्हें जवाब देने के लिए एक महीने का समय भी दिया गया था।

पुलिसकर्मियों के काम के घंटों पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, केंद्र और राज्य सरकारों पर भी समाधान का दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी।
पुलिसकर्मियों के काम के घंटों को तय करने का मामला सुप्रीम कोर्ट के एजेंडे में आ गया है। पुलिस सुधार से जुड़े इस अहम मुद्दे को लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को हालांकि सुनवाई नहीं हो सकी। अब शीर्ष अदालत बाद में इस याचिका की सुनवाई की तारीख तय करेगी।

पुलिसकर्मियों के काम के घंटे तय करने और साप्ताहिक अवकाश की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों को अभी रोजाना 14 घंटे से लेकर 18 घंटे तक काम करना पड़ता है।

उन्हें साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिल पाता, जबकि अमेरिका और ब्रिटेन में पुलिसकर्मियों को सप्ताह में सिर्फ 40 घंटे काम करना होता है। शीर्ष अदालत इस याचिका पर सभी राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांग चुकी है।

ध्यान देने की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2007 में पुलिस सुधारों को लेकर अहम दिशा-निर्देश जारी किए थे। इनमें अपराध की जांच और कानून-व्यवस्था संभालने के लिए अलग-अलग पुलिसकर्मियों की व्यवस्था, पुलिस को राजनीति से मुक्त रखने के लिए डीजीपी के दो साल के सुनिश्चित कार्यकाल



से लेकर राज्यों में पुलिसकर्मियों की पर्याप्त भर्ती जैसे मुद्दे थे। लेकिन, 18 साल बाद भी इन दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से क्रियान्वयन नहीं हो सका है। यही कारण है कि पुलिसकर्मियों के काम के घंटे के लिए नए सिरे से सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगानी पड़ी है। समस्या यह है कि संविधान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से राज्य सूची का विषय होने के कारण केंद्र सरकार इसमें दखल नहीं दे सकती। उम्मीद है कि अगली तारीख में सुप्रीम कोर्ट पुलिस सुधारों को प्राथमिकता पर लेकर सुनवाई सुनिश्चित करेगा और राज्य सरकारों को पर्याप्त पुलिस कर्मियों की भर्ती और उनके काम के घंटे सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश देगा।

90 दिन में 25 करोड़ दो नहीं तो जेल जाओगी, सोना घोटाले की आरोपी को सुप्रीम कोर्ट का अल्टीमेटम: सुप्रीम कोर्ट ने सोना घोटाले की आरोपी नोहेरा शेख के मामले पर सुनवाई की। नोहेरा शेख हीरा गोल्ड एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर है। नोहेरा शेख पर 5,600 करोड़ रुपये के बड़े गोल्ड स्कैम का आरोप है।

उन पर लाखों निवेशकों को धोखा देने का आरोप है, इस कारण कई राज्यों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई हैं।सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आदेश दिया कि अगर वह 90 दिनों के अंदर निवेशकों से इकट्ठा की गई राशि का एक हिस्सा यानी 25 करोड़ रुपये वापस नहीं करती हैं, तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाए।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि शेख 11 नवंबर, 2024 से अदालत के लगातार आदेशों की अवहेलना कर रही हैं।

इसके बाद पीठ ने ईडी को आदेश दिया कि अगर वह 90 दिनों के अंदर निवेशकों से लिए पैसों का एक हिस्सा यानी 25 करोड़ रुपये वापस नहीं करती हैं तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाए।

अदालत ने कहा, हम आरोपी को अंतिम अवसर देते हैं कि वह तीन महीनों के अंदर 25 करोड़ रुपये जमा करें, अन्यथा उनकी जमानत रद कर दी जाएगी और प्रवर्तन निदेशालय उन्हें वापस जेल भेज देगा।

वहीं शेख की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके पास कोई पैसा नहीं है। हालांकि, ईडी ने बताया कि शेख के स्वामित्व वाली कई संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है, लेकिन उनके वकील ने उन संपत्तियों की लिस्ट देने के लिए कहा, जिन्हें नीलाम किया जा सकता है, लेकिन उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया।

सोना घोटाले की आरोपी नोहेरा शेख ने केवल तीन संपत्तियों की डिटेल्स दी, जिनमें से तेलंगाना में दो संपत्तियों को ईडी की तरफ से नीलाम किया जा सकता है।

गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने हीरा गोल्ड और उसके प्रबंध निदेशक से जुड़े मामले की जांच शुरू की। एसएफआईओ अभी भी मामले की जांच कर रहा है। हीरा गोल्ड और नोहेरा शेख के खिलाफ यह मामला 2018 में सामने आया था। जब कई निवेशकों ने कंपनी और उसके प्रबंध निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज कराई थीं। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली में कई मामले लंबित हैं। आभूषण और सोने की वस्तुओं का कारोबार करने वाली कंपनी ने निवेश की गई राशि पर 36 प्रतिशत लाभ देने का वादा करते हुए योजनाएं शुरू कीं। शुरुआत में, इसने लाभ का फायदा किया, लेकिन 2018 में कुछ निवेशकों ने कंपनी और नोहेरा शेख द्वारा कथित धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। उन्हें अक्टूबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन का मौका, 7 मार्च से होंगे ऑनलाइन आवेदन; सिर्फ 14 दिनों का मौका

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी।
केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पहली कक्षा और बालवाटिका एक व तीन में प्रवेश के लिए सात मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तारीख 21 मार्च होगी।

इस दौरान कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह वर्ष और बालवाटिका एक में प्रवेश की उम्र तीन से चार वर्ष की होगी। जबकि बालवाटिका दो में चार से पांच वर्ष की और बालवाटिका तीन में प्रवेश की उम्र पांच से छह वर्ष की होगी।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने बुधवार को इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही देश भर के सभी केंद्रीय विद्यालयों को निर्देश दिया है, कि वह प्रवेश को लेकर छह मार्च तक विज्ञापन जारी कर दें। संगठन ने यह इसके साथ ही यह भी



साफ किया है कि बालवाटिका में प्रवेश के लिए उन्हीं विद्यालयों के लिए आवेदन लिए जाएंगे, जहां बालवाटिका की कक्षाएं संचालित होती है।

सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिए निर्धारित उम्र की गणना 31 मार्च 2025 के अनुसार की जाएगी। संगठन ने इस दौरान साफ किया है कि बालवाटिका दो व तीन के साथ दूसरी कक्षा व उससे ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश सीटों के खाली होने पर ही लिए जाएंगे। बालवाटिका दो और कक्षा दो व उससे ऊपर की कक्षाओं में पंजीयन की प्रक्रिया दो अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 के बीच ऑफलाइन तरीके से होगी।

मौसम ने फिर लिया यूटर्न ! बर्फीली हवाओं ने दिल्ली-यूपी से लेकर पंजाब में बढ़ाई ठंड, पारा लुढ़का

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है। पिछले दो दिनों से तेज हवाओं की वजह से लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। इस दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ढ्रस्ष्ठ ने मौसम को लेकर लेटेस्ट अपडेट जारी किया है। आज दिल्ली एनसीआर में मौसम साफ रहेगा।

धूप में थोड़ी तपिश का अहसास होगा। अधिकतम तापमान बढ़कर 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक रह सकता है। 7 से 11 मार्च तक आंशिक बादल रह सकते हैं। लेकिन हवाओं का प्रकोप जारी रहेगा। हवाओं की गति 6 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रह सकती हैं। मध्य प्रदेश, विदर्भ, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार,गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिमी दिशा से तेज हवाएं जारी रहेंगी, जिसके बाद इनकी गति में थोड़ा कमी आएगी। वहीं, पूर्वी असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

लक्षद्वीप और केरल में कहीं-कहीं हल्की



बारिश संभावना है। साथ ही राजस्थान और गुजरात में अधिकतम तापमान और कम हो सकता है। वहीं मुंबई में इस वक्त गर्मी का कहर जारी है, 8 से 11 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के प्रवाह में बदलाव आएगा। बात करें अगर यूपी के मौसम की तो आज वहां के कुछ क्षेत्रों में 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु में अगले कुछ दिनों के लिए भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, तमिलनाडु के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों में भीषण गर्मी पड़ेगी। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है, जबकि घाटी के बड़े हिस्सों में बारिश हो रही है। पिछले दिनों बारामूला के कुछ इलाकों के साथ ही गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग, कोकरनाग, कुपवाड़ा और कश्मीर के ऊंचे अन्य इलाकों में बर्फबारी हुई।

दक्षिण कोरिया में लड़ाकू विमान ने अपने ही शहर पर गिराए 8 बम ! मची तबाही, 7 लोग घायल

सियोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के एक लड़ाकू विमान ने बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान गलती से आठ बम एक असैन्य क्षेत्र पर गिरा दिए, जिससे सात लोग घायल हो गए। वायुसेना ने एक बयान में बताया कि केएफ-16 लड़ाकू विमान द्वारा छोड़े गए एमके-82 बम 'फायरिंग रेंज' (बमबारी के लिए निर्धारित क्षेत्र) के बाहर गिरे, जिससे अनिर्दिष्ट असैन्य नुकसान हुआ। वायुसेना ने इस दुर्घटना के कारणों की जांच करने और हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए एक समिति गठित की है। विमान वायुसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग ले रहा था। वायुसेना ने घटना के बाद आम नागरिकों को हुए नुकसान के लिए माफी मांगी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके अलावा, वायुसेना ने पीड़ितों को मुआवजा देने और अन्य आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। दुर्घटना के स्थान के बारे में वायुसेना ने कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन दक्षिण कोरियाई मीडिया के अनुसार यह घटना पोचियन शहर में हुई, जो



उत्तर कोरिया की सीमा के नजदीक है। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि पांच आम नागरिक और दो सैनिक घायल हुए हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है, हालांकि उनकी जान को खतरा नहीं बताया गया। इसके अलावा, सात इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं।

अब ब्रिटेन में अवैध भारतीयों प्रवासियों पर टूटा मुसीबतों का पहाड़ ! पंजाबियों पर कड़ी कार्रवाई, 609 गिरफ्तार

लंदन, एजेंसी। अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन यानि यूनाइटेड किंगडम (यूके) भी अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में यूके की लेबर सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया, जिसमें भारतीय रेस्तरां, नेल बार, करियाना स्टोर और कार वॉश जैसे छोटे व्यवसायों को निशाना बनाया गया। इस अभियान के तहत 828 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें 609 लोग गिरफ्तार हुए। इनमें सबसे ज्यादा संख्या पंजाबी प्रवासियों की है, जो स्टडी या टूरिस्ट वीजा पर यूके पहुंचे थे और वीजा अवधि समाप्त होने के बाद अवैध रूप से वहां रह रहे थे। यूके सरकार की सख्ती के चलते अब तक लगभग 19,000 विदेशी अपराधियों और अवैध प्रवासियों को देश से निकाला जा चुका है। इनमें भी सबसे अधिक पंजाबी शामिल हैं। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में 1,08,130 से अधिक लोगों ने यूके में शरण के लिए आवेदन किया, जो 1979 के बाद सबसे अधिक संख्या है। इनमें से 32त्न लोग छोटी नावों के जरिए पहुंचे थे। यूके सरकार ने अवैध प्रवासियों को नौकरी देने वाले नियोक्ताओं पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया है। किसी अवैध कर्मचारी को रखने पर मालिक को 60,000 पाउंड (लगभग 60 लाख रुपये) तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। वर्तमान में यूके में सात लाख से अधिक पंजाबी प्रवासी रह रहे हैं, जिनमें बहुसंख्यक सिख समुदाय से हैं। 2008 के बाद स्टडी वीजा में दी गई ढील के कारण बड़ी संख्या में पंजाब से युवा यूके पहुंचे। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यूके में दस लाख से अधिक छात्रों की दूसरी भाषा अंग्रेजी है, जबकि जिन छात्रों की पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है, उनमें पंजाबी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

बॉडीबिल्डर जोडी वेंस की मौत, खेल प्रतियोगिता के दौरान पड़ा दिल का दौरा... फिटनेस जगत में शोक की लहर

वाशिंगटन एजेंसी। अमेरिका में 20 साल की बॉडीबिल्डर जोडी वेंस की मौत से हड़कंप मच गया है। जोडी की मौत एक खेल प्रतियोगिता के दौरान दिल का दौरा पड़ने से हुई। जोडी खुद को फिट रखती थीं, लेकिन उनकी अचानक मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया। उनके परिवार ने बताया कि पानी की कमी के कारण उनकी मौत हुई है।

जोडी वेंस कोलंबस, ओहियो में आयोजित अर्नोल्ड स्पोर्ट्स फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए आई थीं। हालांकि, वह प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही थीं, बल्कि वह अपने छात्रों को कोचिंग देने के लिए वहां गई थीं। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने कहा कि



जोडी की मौत अचानक हुई है और वह एक खूबसूरत इंसान थीं जिन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जोडी की मृत्यु का कारण शरीर में पानी की कमी था। परिवार ने कहा कि यदि इस घटना से कोई सीखना चाहता है, तो सबसे पहले अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

जोडी वेंस के ट्रेनर जस्टिन मिहाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि जोडी की मौत के कारण के बारे में उन्होंने जो जानकारी दी, वह जोडी की मां से अनुमति लेने के बाद साझा की। मिहाली ने कहा कि जोडी ने बिना किसी जानकारी के खतरनाक पदार्थ का सेवन किया था, जिससे उनके शरीर में पानी की कमी हो गई, और यह पानी की कमी ही उनके दिल का दौरा पड़ने का कारण बनी। ट्रेनर ने कहा कि जोडी ने इस पदार्थ के बारे में किसी को नहीं बताया था।

जोडी वेंस सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं और फिटनेस से जुड़े वीडियो शेयर करती रहती थीं। उनके आठ हजार से अधिक फॉलोअर्स थे। उन्होंने 2024 एनपीसी बैटल ऑफ टेक्सास के महिला फिजिक डिवीजन में तीसरा स्थान हासिल किया था।

पुलिस से बचने के लिए चोरों ने निगले करोड़ों की कान की बाली

ऑरलैंडो , एजेंसी। फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक आभूषण चोर ने चोरी के सबूत मिटाने के लिए 769,000 डॉलर (लगभग 6.7 करोड़ रुपये) मूल्य की हीरे जड़ित बालियां निगल लीं। पुलिस ने जेठान को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उस समय तो उसके पास कुछ नहीं मिला, लेकिन उसके बॉडी स्कैन में कुछ अजीब सा नजर आया, जिससे चोर की चोरी का खुलासा हो गया। 32 वर्षीय जेथन लॉरेंस गिल्डर नामक चोर ने स्थानीय बास्केटबॉल खिलाड़ी का प्रतिनिधि बनकर हाई-एंड ज्वेलरी स्टोर टिफ़नी एंड कंपनी में प्रवेश किया। अपनी चालाकी से उसने स्टोर के महंगे डिजाइनों तक पहुंच बना ली और मौका मिलते ही दो कीमती बालियां लेकर भाग गया। इनमें से एक, 4.86 कैरेट का सेट, 160,000 डॉलर (1.4 करोड़) का था, जबकि दूसरा, 8.10 कैरेट का सेट, 609,500 डॉलर (5.3 करोड़) का था।

इसका खुलासा कैसे हुआ : जब दुकान में चोरी का पता चला तो पुलिस ने गिल्डर की तलाश शुरू कर दी। उसे एक राजमार्ग पर रोका गया और गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन पुलिस को उसके पास से कोई चोरी का सामान नहीं मिला। साक्ष्य के अभाव में उन पर केवल गिरफ्तारी का विरोध करने का आरोप लगाया गया। हालांकि, जब उन्हें जेल ले जाया गया तो गिल्डर ने अचानक जेल अधिकारी से पूछा कि क्या उन पर उनके पेट में क्या है के लिए भी आरोप लगाया जाएगा उसकी घबराहट से पुलिस को संदेह हुआ।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 06-03-2025 21:55 Page 1

बिना ठोस कारण के रिजेक्ट नहीं करें सरकारी योजनाओं के आवेदन : एडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना (पीएम विश्वकर्मा), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीएम-एफएमई योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बैंक वार लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बिना किसी ठोस कारण आवेदन रिजेक्ट नहीं करने तथा अधिक से अधिक लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी विभाग और बैंक के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। जिससे जिले में योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान



की जा सकें।

वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर लाभुकों के निबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने फर्स्ट स्टेज पर मुखिया के लॉगिन में लंबित आवेदन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदनों को समय पर फॉरवर्डिंग करने के लिए मुखिया को आवश्यक निर्देश देने की बात कही।

एडीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी पारंपरिक कला और विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी। योजना कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देने में सहायक होगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेन्द्र प्रसाद, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, एलडीएम अमित कुमार, ईओडीबी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र आदित्य चौधरी समेत बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लाभुकों के बैंक खाते में भेजी गई किस्त, बनाएं आवासः उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के अबुआ आवास योजना (एएवाई) के लाभुकों को वित्तीय वर्ष 2023 - 24 एवं 2024 - 25 के प्रथम, द्वतीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त का भुगतान किया। उन्होंने योजना के लाभुकों से अपील किया है कि वह योजना के किस्त (राशि) को अन्यत्र खर्च नहीं करेंगे। वह अपने आवास का निर्माण शुरू करें एवं अपूर्ण आवासों को पूरा करने के दिशा में काम करें।

उपायुक्त ने लाभुकों से कहा कि वह अपने बैंक खाते का एटीएम कार्ड किसी दूसरें को नहीं दें। किसी बिचौलियां के चक्कर में नहीं आएं। अगर कहीं कोई दिक्कत - परेशानी होती है, तो आवास समन्वयक, अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें। जानकारी हो कि, अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में कुल 437 लाभुकों के बीच द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त का कुल-13290000 राशि भेजा गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के कुल - 322 लाभुकों के बीच द्वितीय एवं तृतीय किस्त की 18450000 राशि भेजा गया।

अवर निबंधन कार्यालय चास का संचालन सोमवार से नये अनुमंडल कार्यालय से

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नया कार्यालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। पुराने चास अनुमंडल कार्यालय परिसर में अवर निबंधन कार्यालय, चास में संचालित है। 10 मार्च से अवर निबंधन कार्यालय, चास का संचालन नये अनुमंडल कार्यालय के भू-तल से होगा। गौरतलब है कि पुराना अनुमंडल कार्यालय के भवन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर होने एवं इसके खिड़की, दरवाजा, छत की जर्जर स्थिति, सुरक्षा का अभाव आदि के कारण निबंधन से संबंधित अति महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित नहीं है।



साथ ही पुराने अनुमंडल कार्यालय कार्यालय को नये भवन में हस्तांतरित होने के कारण पुराने अनुमंडल कार्यालय परिसर असुरिक्षत हो गया है। आमजनों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी जिला निबंधक का दायित्व होता है कि निबंधन से संबंधित सभी अति महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जाय। साथ हीं आम नागरिक, जो अपने निबंधन से संबंधित कार्यों के लिए कार्यालय आते हैं, उनकी भी सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें मूलभूत नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाय। फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सोमवार से नये अनुमंडल कार्यालय भवन में न केवल दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जायेगा, बल्कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ यथा- शुद्ध पेयजल / बिजली / अच्छी शौचालय, बैठने की बेहतर व्यवस्था इत्यादि, जो नये भवन परिसर में उपलब्ध है, का लाभ भी मिलेगा।

ऑनलाइन गेम खेलने की आदत ने बनाया अपराधी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। ऑनलाइन गेम खेलने की आदत ने एक युवक को अपराधी बना दिया। यह जानकारी बोकारो पुलिस ने दी है। विदित हो कि बीएसटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर मार्केट स्थित जगदंबा ज्वेलर्स नामक दुकान में सेंध मारी कर 28 फरवरी की रात लाखों के जेवरात की चोरी हुई थी। पुलिस ने खुलासा किया है कि यह चोरी पड़ोस के ही एक दुकानदार सोनू कुमार ने की थी। पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर चोरी के जेवरात बरामद कर लिया है।

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि सोनू कुमार ऑन लाइन गेम में 9 लाख रुपए हार गया था। गेम खेलने के लिए पैसे वह अपने पिता का एटीएम इस्तेमाल कर निकलता था। हारे हुए 9 लाख रुपए अपने पिता के अकाउंट में जमा करने के लिए सोनू ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

डीएसपी ने बताया कि इस चोरी की घटना में डेढ़ से दो लाख रुपए के जेवरात की चोरी हुई थी। जबकि दुकानदार ने 25 से 30 लख रुपए की चोरी की बात कही थी।

बीएसएल के आरएमएचपी विभाग में टिपलर -3 का नवीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। आरएमएचपी विभाग के नवीनीकृत टिपलर नंबर 03 का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनञ्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पीताम्बर चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सी ई डी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) जे वी शेखर के साथ आरएमएचपी विभाग के वरीय अधिशासी कर्मचारीगण तथा संविदाकर्मी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद आरएमएचपी विभाग में टिपलर नंबर 03 का आज से सुचारू एवं सुरक्षित संचालन का शुभारम्भ हो गया है।

आरएमएचपी विभाग में कुल पांच टिपलर का उपयोग होता है तथा कोयले के अलावा इस्पात उत्पादन



की प्रक्रिया के उपयोग में आने वाले सभी तरह के कच्चे मॉल (रॉ - मैटेरियल) जैसे कि आइरन ओर, लाइम स्टोन, डोलोमाइट, पैलेट, सिंटर इत्यादि को आरएमएचपी विभाग में रेलवे वैगन के द्वारा लाया जाता है। टिपलर्स के द्वारा रेलवे वैगन के कच्चे माल को हॉपर में डालते हैं, जहाँ से बे-फीडर के द्वारा इसका अलग अलग बेड्स में ब्लैंडिंग और स्टैकिंग्स किया जाता है। ब्लेंडेड कच्चे माल को ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट या आरएमपी विभाग की जरुरत के हिसाब से इसे कन्वेयर बेल्ट के द्वारा संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 के जनवरी माह में आरएमएचपी विभाग ने 10,18,791 टन कच्चे मॉल का डिस्पैच कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

10 फरवरी 2025 को टिपलर नंबर 3 को कैपिटल रिपेयर के लिए शटडाउन में लिया गया था तथा आरएमएचपी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और ऑपरेशन सेक्शन के अलावा बी एस एल के जनरल मेंटेनेंस , हैवी मेंटेनेंस , ट्रैफिक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग आदि के टीम भावना के साथ पुरे सामंजस्य के साथ काम करके आज इसे संचालित किया गया।

अवैध बालू लदा वाहन जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया।

लंबित दाखिल- खारिज वादों का शीघ्र निष्पादन करें : अपर समाहर्ता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में 18 फरवरी से 04 मार्च तक सभी हल्का में लगाए गए विशेष राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी अंचलाधिकारी को राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी ने दिया

सभी अंचल में लंबित दाखिल खारिज वादों को शीघ्र निष्पादन करें। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी अंचल में लंबित दाखिल खारिज वाद, भू मापी, ऑन लाइन त्रुटि निराकरण से संबंधित शीघ्र निष्पादन करें। साथ ही अंचल अधिकारी और अंचल निरीक्षकों को अपने-अपने अंचल के राजस्व कर्मचारी के साथ नियमित रूप से बैठक कर खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का आकलन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मौके पर सभी अंचलाधिकारी बोकारो जिला एवं राजस्व कार्यालय के संजय कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

लड़कियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर प्रशिक्षण

30 गांवों में बनाया गया किशोरी क्लब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कसमार (बोकारो)। लड़कियों में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन आज सहयोगिनी द्वारा आज कसमार के खैराचातर पंचायत भवन में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि लड़कियों को सरकारी योजना से जोड़ना स्टेक होल्डर की जिम्मेदारी है। किशोरियों के पास जानकारी का अभाव होने के कारण जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रही है । सहयोगिनी द्वारा दिया जा रहा लाइफ स्किल प्रशिक्षण से उन्हें जीने के तरीको की जानकारी मिल रहा है तथा उन्हें अपने भविष्य में आगे बढ़ने में काफी मदद मिलेगा।



प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से लड़कियां अपना भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकती है। सहयोगिनी समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड के 7 पंचायत के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उनके साथ महिला हिंसा रोक थाम पर काम किया जा रहा है। एनिमेटर प्रतिमा सिंह ने कहा कि किशोरियों का क्षमताविकास हेतु प्रशिक्षण, किशोरी क्लब का संचालन, कानूनी प्रशिक्षण, पियर लीडर के माध्यम से गतिविधि जैसी विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान समन्वयक प्रकाह कुमार महतो, अनुष्का राय, वैष्णवी कुमारी ,सूजा कुमारी, न्यासा खुशी, बरसा कुमारी, एकता कुमारी, सानिया सोम, टिंकी कुमारी, मालती कुमारी आदि उपस्थित थी।

आरओ वाटर उपचार संयंत्र का पंजीकरण आवश्यक : नगर आयुक्त

बोकारो। चास नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत संचालित आरओ वाटर उपचार संयंत्र के संचालकों के साथ अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार सभी आरओ वाटर उपचार संयंत्र के संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा कि सभी को अपने आरओ वाटर उपचार संयंत्र का पंजीकरण चास नगर निगम में कराना अनिवार्य है। आरओ वाटर उपचार संयंत्र झारखण्ड सरकार के विभागीय अधिसूचना के तहत झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011, झारखण्ड जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावाली, 2020 ए केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण की अधिसूचिना एव पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। अधिनियम के अनुसार चास नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पड़नेवाली सभी आर0 ओ0 वाटर उपचार संयंत्र को निबंधन लेना है। बैठक में आरओ वाटर संचालको के द्वारा कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र के आरओ वाटर संचालको द्वारा शहरी क्षेत्र में व्यवसाय किया जाता है, जिसमें हमलोग का व्यवसाय पर बुरा असर पड़ता है।

आदिम जनजाति बहुल गांव डुन्डुर पहुंचे उपायुक्त, स्कूल व फैसिलिटी भवन का किया निरीक्षण

मध्याह्न भोजन खाकर की गुणवत्ता की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर(पलामू) । छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को आयोजित कैंप कार्यालय का उपायुक्त शशि रंजन ने क्षेत्र भ्रमण कर सरकार की संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की हकिकत को जाना। उपायुक्त आदिम जनजाति बहुल डुन्डुर गांव पहुंचे। टेढ़े-मेढ़े व पक्की- कच्ची सड़क को पार कर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुन्डुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने पांचवी कक्षा में अध्यनरत अनुप्रिया कुमारी को उनकी पढ़ाई के प्रति जज्बे को देख कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित दिया। छात्रा के अभिभावक किसान विनय यादव से बातचीत कर अनुप्रिया का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराने व बच्चों की पढ़ाई को अहमियत देने की सलाह दी। उपायुक्त ने छात्राओं से गुणा व पहाड़ा पूछा। उनसे ब्लैक बोर्ड पर लिखवाकर पढ़ाई में उनकी रूचि का आकलन किया।



छात्राओं को कॉपी व पेंसिल आदि स्टेशनरी व टॉफी वितरण किया। उपायुक्त ने स्कूल में अध्यापन कार्य करा रहे शिक्षकों से विद्यार्थियों की उपस्थिति व अनुपस्थिति संबंधी जानकारी ली। उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन खाकर उसकी गुणवत्ता की भी जांच की। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में एकत्र आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्हें मिलने वाले आवास, खाद्यान्न, राशन आदि के बारे में जानकारी ली। कहा कि आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत अच्छादित करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने आदिम जनजातियों परिवार के लिए बने फैसिलिटी भवन का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही फैसिलिटी भवन को मेंटेन में रखने व उसका लाभ लेने की अपील की। बताते चलें कि डुन्डुर गांव में आदिम जनजाति (परहिया) परिवार के करीब 50 घर व 63 राशन कार्डधारी हैं। परहिया परिवार के सदस्यों ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें नियमित राशन मिलता है। प्रशासन की ओर से बीच-बीच में उनका हाल पूछा जाता है। उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रमुख उर्मिला कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू सहित अन्य वरीय पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यूट्यूब से सीखी साइबर ठगी, रिश्तेदार बता लोगों से करता था ठगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। धनबाद साईबर पुलिस लगातार साईबर क्रीमनल पर नजर रख रही है. इसी कड़ी में एसएसपी के निदेर्शानुसार साइबर डीएसपी के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने धनबाद के जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा में छापामारी कर रियाजुल हक अंसारी नामक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक मोबाईल के अलावे दो सिम बरामद किया गया।साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि प्रतिबिम्ब प्लाटेड नंबर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई जिसमे यह अपराधी पकड़ा गया। इसके पास से वही प्लाटेड नंबर के साथ लगा हुआ मोबाईल भी बरामद हुआ। इसके पास से बरामद सिम में बिहार से दो और महाराष्ट्र से एक ऑनलाइन साइबर कम्प्लेन दर्ज पाया गया है।

महिला अनुबंध कर्मियों के लिए स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में गुरुवार को मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ के द्वारा बीएसएल में कार्यरत महिला अनुबंध कर्मियों के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। बीजीएच की डॉ जया लक्ष्मी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन) ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर महिला अनुबंध कर्मियों को संबोधित किया।

उन्होंने स्वयं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि महिलाएं आमतौर पर अपने खुद के स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं रहती हैं तथा अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को नजरअंदाज कर देती हैं। डॉ जया लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, स्वास्थ्य की देखभाल और सामान्य स्वास्थ्य जैसे विषय पर विस्तृत चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्वास्थ्य वार्ता में 100 से अधिक महिला संविदा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रिया प्रेरणा टोप्पो, उप प्रबंधक (एचआर-सीएलसी), सोनाली गुप्ता, सहायक प्रबंधक (एचआर-सीएलसी), प्रबीर कुमार (एचआर-कल्याण), गौरी शंकर ओहदार, धीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र दास, एमडी शादाब अख्तर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कौशल विकास योजनाओं के प्रचार - प्रसार का निर्देश

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में निदेशक डीपीएलआर मेनका की अध्यक्षता में जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्र एवं कौशल उन्नयन संबंधित मामलों में जिला कौशल समिति एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला कौशल पदाधिकारी बम बैजू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला कृषि पदाधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज बोकारो एवं प्राचार्य प्रशिक्षण आईटीआई बोकारो सहित अन्य उपस्थित थे।

बैठक में निदेशक, डीपीएलआर मेनका ने कहा कि सभी ट्रेनिंग सर्विस प्रोवाइडर के साथ एक कार्यशाला का आयोजन करें, जिसमें प्रशिक्षित लाभुकों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाय। इसके लिए उद्योग विभाग, एलडीएम एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए। उनके प्रतिनिधियों को भी कार्यशाला में उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

निजी अस्पताल एवं अल्ट्रा स्कैन सेन्टर का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निदेशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत साधना हॉस्पिटल, पल्स डाइग्नोस्टिक एवं ऋषभ हेल्थ केयर में औचक निरीक्षण किया गया।

कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया कोई अवैध गतिविधियों का जानकारी नहीं मिली। हालांकि जांच के दौरान किन्ही के पास फायर एनओसी नही मिली। इसलिए सभी से अन्य दस्तावेज की फोटोकॉपी प्राप्त कर उसकी अध्ययन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल
फोन नंबरः 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com